
डालटनगंज (मेदिनीनगर), शुक्रवार | 19 जून 2026 | वर्ष-32, अंक-243, पृष्ठ-12
शुद्ध ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष 05, संवत 2083 | डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित | रजिस्ट्रेशन नं: 61316/94
मूल्य 2 रु.
ईश्वर में हमारा विश्वास
# राष्ट्रीय नवीन मेल
सत्यमेव जयते
पेज 09
www.rastriyanaveenmail.com
हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर





**डालटनगंज का तापमान**

| मेदिनीनगर | गढ़वा |
|---|---|
| अधिक. 40.0° | अधिक. 41.9° |
| न्यून. 28.0° | न्यून. 31.0° |

# नकली 'धारा' का खेल उजागर, कारोबारी पर प्राथमिकी

- बैरिया की थोक दुकान से 1,776 लीटर नकली धारा रिफाइन ऑयल जब्त
- 2.66 लाख रुपए का माल सीज, खाद्य विभाग को नहीं थी भनक

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** शहर में उपभोक्ताओं की सेहत से खिलवाड़ करने वाले कथित नकली खाद्य तेल के कारोबार का बड़ा मामला सामने आया है। शहर थाना पुलिस ने बैरिया स्थित एक थोक प्रतिष्ठान पर छापेमारी कर प्रसिद्ध ब्रांड 'धारा' के नाम पर पैक किए गए 1,776 लीटर संदिग्ध रिफाइंड तेल को जब्त किया है। मामले में प्रतिष्ठान संचालक दिनेश अग्रवाल के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। कार्रवाई के बाद थोक कारोबारियों में हड़कंप मच गया है।शहर थाना प्रभारी ज्योति लाल रजवार ने बताया कि मदर डेयरी, कोलकाता की लीगल टीम के प्रबंधक विशाल दास से सूचना मिली थी कि बाजार क्षेत्र में एक प्रतिष्ठान में नकली ब्रांड के खाद्य तेल का भंडारण किया गया है। सूचना के सत्यापन के बाद पुलिस ने बैरिया बाजार स्थित डालटनगंज ट्रेडर्स नामक थोक दुकान में छापेमारी की।

इधर, खाद्य सुरक्षा अधिकारी लव कुमार गुप्ता ने बताया कि इस कार्रवाई की उन्हें पूर्व सूचना नहीं दी गई थी। उन्होंने कहा कि विभाग समय-समय पर विभिन्न थोक और खुदरा प्रतिष्ठानों से खाद्य सामग्री के नमूने लेकर जांच के लिए रांची स्थित प्रयोगशाला भेजता है। जांच में मानक के अनुरूप नहीं पाए जाने पर संबंधित प्रतिष्ठानों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाती है। इस पूरे मामले ने खाद्य सुरक्षा व्यवस्था और बाजार में ब्रांडेड उत्पादों के नाम पर हो रहे कथित फर्जीवाड़े पर कई सवाल खड़े कर दिए हैं। अब निगाहें जांच रिपोर्ट पर टिकी हैं, जिससे यह स्पष्ट हो सकेगा कि जब्त तेल वास्तव में नकली था या नहीं।

## असली ब्रांड जैसी पैकिंग से उपभोक्ताओं को ठगा जा रहा था




छापेमारी के दौरान पुलिस ने 148 कार्टन में पैक आधा लीटर और एक लीटर के कुल 1,776 लीटर संदिग्ध धारा रिफाइंड तेल बरामद किया। जब्त माल की अनुमानित कीमत करीब 2.66 लाख रुपये आंकी गई है। पुलिस ने पूरे स्टॉक को जब्त कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, कंपनी के प्रतिनिधि द्वारा पैकेटों की प्रारंभिक जांच में यह आशंका व्यक्त की गई है कि असली ब्रांड की तर्ज पर नकली पैकिंग तैयार कर बाजार में उपभोक्ताओं को गुमराह करने की तैयारी थी। हालांकि अंतिम पुष्टि प्रयोगशाला जांच रिपोर्ट के बाद ही हो सकेगी।थाना प्रभारी ज्योति लाल रजवार ने कहा कि लोगों की सेहत के साथ खिलवाड़ करने वालों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। मामले की हर पहलू से जांच की जा रही है और दोषी पाए जाने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## दृष्टिपात

### फ्रांस पहुंचीं साइकिलिस्ट सरिता झारखंड का बढ़ाएंगी गौरव



**रांची।** झारखंड की उभरती साइकिलिस्ट सरिता कुमारी वर्ल्ड स्पोर्ट्स एक्सपोजर टूर के तहत भारतीय टीम के साथ फ्रांस के हैयेर पहुंच गई हैं। झारखंड साइकलिंग एसोसिएशन ने इसे राज्य के खेल जगत के लिए गौरवपूर्ण उपलब्धि बताया है। इस संबंध में जानकारी देते हुए संघ के महासचिव शैलेंद्र पाठक ने बताया कि सरिता कुमारी को वर्ल्ड स्पोर्ट्स एक्सपोजर टूर के दौरान उन्हें एक माह तक यूरोपियन सर्किट में आयोजित विभिन्न अंतरराष्ट्रीय साइकिलिंग प्रतियोगिताओं में भाग लेने का अवसर मिलेगा। इससे उन्हें विश्वस्तरीय खिलाड़ियों के साथ प्रतिस्पर्धा करने और तकनीकी अनुभव हासिल करने का मौका मिलेगा।

उन्होंने बताया कि सरिता अपने साथ झारखंड सरकार के खेल विभाग की ओर से उपलब्ध कराई गई साइकिल भी फ्रांस लेकर गई हैं। खेल विशेषज्ञों का मानना है कि इस दौरे से उनके प्रदर्शन में और निखार आएगा और भविष्य में बड़े अंतरराष्ट्रीय आयोजनों के लिए उनकी तैयारी मजबूत होगी। भारतीय टीम में सरिता के चयन पर झारखंड साइकलिंग एसोसिएशन के पदाधिकारियों, सदस्यों और साथी खिलाड़ियों ने खुशी जताई है। सभी ने विश्वास व्यक्त किया कि सरिता आने वाले समय में अंतरराष्ट्रीय स्तर की प्रमुख प्रतियोगिताओं में भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व करते हुए देश और झारखंड का नाम रोशन करेंगी।

## आज कल




**राज्यसभा चुनाव** | बैजनाथ राम को 31 और परिमल नाथवानी को 28 वोट मिले

# बैजनाथ राम और परिमल नाथवानी जीते, प्रणव की हार

- प्रणव को मिले 21 वोट, उनके पक्ष का एक व नाथवानी के पक्ष का दो वोट कैंसिल

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड से राज्यसभा की दो सीटों के लिए हुए चुनाव के नतीजे सामने आ गए हैं। झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के उम्मीदवार बैजनाथ राम और एनडीए समर्थित निर्दलीय उम्मीदवार परिमल नाथवानी को जीत हासिल हुई है, वहीं कांग्रेस समर्थित उम्मीदवार प्रणव झा को पराजय का सामना करना पड़ा।

आधिकारिक तौर पर परिणाम की घोषणा नहीं की गई है, लेकिन परिमल नाथवानी ने सोशल मीडिया पर अपनी जीत की जानकारी देते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह सहित एनडीए और भाजपा का आभार जताया है।

मतगणना के अनुसार, झामुमो प्रत्याशी बैजनाथ राम को 31 और भाजपा समर्थित परिमल नाथवानी को 28 वोट मिले हैं। उनके पक्ष में गिरे 2 वोट इनवैलिड करार दिए गए। कांग्रेस के प्रणव झा को 21 वोट मिले हैं। उनके पक्ष में किया गया एक वोट कैंसिल किया गया है। इस तरह राज्यसभा की दोनों सीटों पर मुकाबला कर रहे इंडिया गठबंधन और एनडीए समर्थित प्रत्याशी ने एक-एक सीट अपने खाते में दर्ज की।परिमल नाथवानी ने सोशल मीडिया पर लिखा है कि राज्यसभा सदस्य के रूप में चौथी बार सेवा करने का अवसर मिलना उनके लिए गौरव और जिम्मेदारी का विषय है। उन्होंने कहा कि झारखंड से यह उनका तीसरा कार्यकाल होगा और वर्ष 2008 में इसी राज्य से उनकी संसदीय यात्रा शुरू हुई थी। नाथवानी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, भाजपा नेतृत्व और एनडीए के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वह झारखंड के हितों और विकास के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य करते रहेंगे। इससे पहले विधानसभा परिसर में हुए मतदान में सभी 81 विधायकों ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया।

शेष पेज 11 पर...



### मुख्यमंत्री से मिले बैजनाथ राम, हेमंत सोरेन ने दी बधाई

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से गुरुवार को कांके रोड रांची स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में झारखंड से नव निर्वाचित राज्यसभा सांसद बैजनाथ राम ने सौजन्य मुलाकात की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने बैजनाथ राम को राज्यसभा सदस्य निर्वाचित होने पर बधाई एवं शुभकामनाएं दी। मौके पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने विश्वास जताया कि संसद के उच्च सदन राज्यसभा में झारखंड की जन भावनाओं, जन अपेक्षाओं तथा जनहित एवं विकास से जुड़े मुद्दों को सशक्त रूप से रखने में बैजनाथ राम अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। इस अवसर पर नव निर्वाचित राज्यसभा सांसद बैजनाथ राम ने मुख्यमंत्री के प्रति आभार व्यक्त करते हुए उन्हें हृदय से धन्यवाद ज्ञापित किया। मौके पर मंत्री हफीजुल हसन, मंत्री सुदिव्य कुमार, विधायक कल्पना सोरेन, विधायक मथुरा प्रसाद महतो एवं विधायक उमाकांत रजक उपस्थित रहे।

### राजद और भाकपा ने पैसे लेकर की वोटिंग : के राजू

**रांची।** झारखंड कांग्रेस प्रभारी के राजू ने कहा है कि राज्यडसभा चुनाव में राष्ट्रीय जनता दल (राजद) और वामदल ने धोखा दिया है।उन्होंने गुरुवार को झारखंड विधानसभा परसिर में पत्रकारों से बातचीत में कहा कि राजद और वामदल के विधायकों ने पैसा लेकर एनडीए समर्थित प्रत्याशी के पक्ष में वोटिंग की है। के राजू ने कहा कि प्रणव झा को कांग्रेस के सभी 16 विधायकों का वोट मिला। इस परिणाम का सरकार की सेहत पर असर को लेकर के राजू ने कहा कि भविष्य में इस विषय को देखा जाएगा। साथ ही कहा कि सरकार में रहने को लेकर समीक्षा की जाएगी।

### गद्दारी का आरोप गलत, हमने हमेशा गठबंधन का साथ दिया : संजय यादव

**रांची।** झारखंड कांग्रेस प्रभारी के. राजू ने आरोप लगाया कि इंडिया गठबंधन में शामिल राजद और भाकपा-माले के विधायकों का समर्थन नहीं मिला। उन्होंने इशारों में राजद विधायकों पर क्रॉस वोटिंग करने का संदेह जताया। इस आरोप पर राजद विधायक सह मंत्री संजय प्रसाद यादव ने तीखा पलटवार किया है। उन्होंने कहा कि के. राजू को पहले यह स्पष्ट करना चाहिए कि कांग्रेस के किस विधायक ने क्रॉस वोटिंग की है। संजय यादव ने सवाल उठाया कि जब के. राजू स्वयं अपने विधायकों के लगातार संपर्क में थे, तो क्या उन्होंने देखा कि भीतर वास्तव में क्या हो रहा था। संजय यादव ने कहा कि चुनाव में कोई भी गठबंधन इधर-उधर कर सकता है, लेकिन राजद के विधायक ऐसा कभी नहीं करेंगे। उन्होंने कहा कि पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव और कार्यकारी अध्यक्ष तेजस्वी यादव ने हमेशा गठबंधन का साथ दिया है।

### एक बार फिर सेवा का अवसर मिलने के लिए दिल की गहराई से आभारी हूं : परिमल नाथवानी



भाजपा प्रदेश कार्यालय में संबोधित करते हुए परिमल नाथवानी ने कहा कि 2008 और 2020 के बीच झारखंड से एक स्वतंत्र (निर्दलीय) सांसद के रूप में दो अत्यधिक प्रभावशाली और लगातार कार्यकाल उन्होंने पूरा किया है। झारखंड से उनका पुन: चुना जाना उस राज्य में एक ऐतिहासिक वापसी का प्रतीक है जिसे वे लंबे समय से संजोते रहे हैं। झारखंड के विकास में योगदान देने के लिए वे अपनी 'कर्मभूमि' वापस लौटे हैं। श्री नथवानी ने कहा कि यहाँ एक दशक से अधिक का समय बिताने के कारण, झारखंड मेरे लिए नया नहीं है। यह मेरी कर्मभूमि है। यहाँ के लोगों की एक बार फिर सेवा करने का अवसर मिलने के लिए दिल की गहराई से आभारी हूं। उन्होंने कहा कि मेरा प्राथमिक ध्यान मुख्य रूप से ग्रामीण क्षेत्रों पर केंद्रित होगा। जहाँ हमारा लक्ष्य जमीनी स्तर पर ही स्थायी आजीविका के अवसर पैदा करने के लिए मजबूत कौशल विकास कार्यक्रम चलाने और कुटीर उद्योग को पुनर्जीवित करना है। ग्रामीण बुनियादी ढांचे (इन्फ्रास्ट्रक्चर) का विकास करना, स्वास्थ्य सुविधाएं और ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा मेरे फोकस क्षेत्र (प्रमुख ध्यान देने योग्य क्षेत्र) होंगे।

**आरएसएस कार्यालय हमला**

## मुख्य आरोपी हिरासत से फरार, मुठभेड़ के बाद फिर गिरफ्त में

**नवीन मेल संवाददाता**



- मांडर में पुलिस मुठभेड़ के दौरान घायल; यूएपीए के तहत जांच तेज

**रांची।** रांची के निवारणपुर स्थित राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के झारखंड प्रांत कार्यालय पर पेट्रोल बम से हमले के मामले ने गुरुवार को नया मोड़ ले लिया। हमले के आरोप में गिरफ्तार मुख्य आरोपी पुलिस हिरासत से फरार हो गया और बाद में पुलिस के साथ हुई मुठभेड़ में घायल हो गया। उसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने मुठभेड़ में घायल हमलावर का नाम सैफ बताया है।

पुलिस के अनुसार, आरएसएस कार्यालय पर पेट्रोल बम फेंकने के मामले में गिरफ्तार आरोपी को कोतवाली थाना परिसर के हवालात में रखा गया था। गुरुवार दोपहर वह पुलिस कस्टडी से फरार हो गया। इसके बाद पुलिस की टीमों ने उसका पीछा किया। मांडर क्षेत्र में आरोपी को घेरने की कोशिश के दौरान उसने कथित तौर पर एक पुलिसकर्मी का हथियार छीन लिया और फायरिंग शुरू कर दी।

पुलिस ने आत्मरक्षा में जवाबी कार्रवाई की, जिसमें आरोपी घायल हो गया। उसे तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया। चुटिया थाना क्षेत्र के निवारणपुर स्थित आरएसएस कार्यालय पर देर रात पेट्रोल बम से हमला किया गया था। सीसीटीवी फुटेज में दो युवक कार्यालय परिसर की ओर बम फेंकते दिखाई दिए थे।

शेष पेज 11 पर...

## आरपीएफ जवान का सिर कटा शव रेलवे ट्रैक से बरामद

**तीन दिन पहले ही नामकुम में हुई थी पोस्टिंग**



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** राजधानी रांची के नामकुम रेलवे स्टेशन के समीप गुरुवार को रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) के एक जवान का सिर कटा शव बरामद किया गया। जवान का शव रेलवे ट्रैक के पास क्षत-विक्षत अवस्था में मिला।

प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, उसकी मौत ट्रेन की चपेट में आने से हुई है। यह दुर्घटना है या आत्महत्या, यह स्पष्ट नहीं हो पाया है। मृतक की पहचान आरपीएफ जवान राकेश कुमार मिश्रा के रूप में हुई है। वह हाल ही में नामकुम रेलवे स्टेशन पर पदस्थापित किए गए थे।

बताया गया है कि उनकी पोस्टिंग यहां महज तीन दिन पहले सुईसा से की गई थी। घटना के समय वह ड्यूटी पर थे। रेलवे अधिकारियों के अनुसार, राकेश कुमार मिश्रा की नाइट शिफ्ट रात 10 बजे से सुबह 6 बजे तक नामकुम स्टेशन पर निर्धारित थी। गुरुवार सुबह करीब चार से पांच बजे के बीच स्टेशन के समीप उनका शव मिलने की सूचना मिली। शव के पास उनका बैग भी बरामद किया गया है।

रेलवे पुलिस घटनास्थल के आसपास के साक्ष्यों के साथ-साथ जवान की ड्यूटी और गतिविधियों की भी पड़ताल कर रही है। रेल मंडल सुरक्षा आयुक्त ने बताया कि मृतक के परिजनों को घटना की जानकारी दे दी गई है। उनके परिवार के सदस्य बिहार के बेगूसराय और समस्तीपुर में रहते हैं। परिजन रांची पहुंच रहे हैं।

## पत्नी को पीट-पीट कर पति ने मार डाला, गिरफ्तार

- रांची के बारियातू की घटना, आपसी विवाद में हत्या की आशंका

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** राजधानी रांची के बरियातू थाना क्षेत्र में एक पति ने अपनी पत्नी की हत्या कर दी। मामले की जानकारी मिलने के बाद पुलिस ने कार्रवाई करते हुए हत्यारे पति को गिरफ्तार कर लिया है। मामला बरियातू थाना क्षेत्र स्थित सिंदवार टोली का है। जहां पवन मुंडा नाम के एक व्यक्ति ने अपनी ही पत्नी बेला मुंडा की हत्या कर दी।

जानकारी के अनुसार, बुधवार की देर रात ही पवन मुंडा ने बेला मुंडा की घर में ही पीट-पीट कर हत्या कर दी। परिजनों को पूरे मामले की जानकारी गुरुवार की सुबह हुई। बेला मुंडा के जीवित होने की आस में उसे अस्पताल में इलाज के लिए जाया गया। जहां डॉक्टरों की टीम ने जांच के दौरान यह बताया कि अत्यधिक मारपीट की वजह से बेला मुंडा की मौत हुई है। जानकारी के अनुसार, बुधवार को पवन मुंडा के घर पर बिजली कट गई थी, अत्यधिक गर्मी की वजह से बच्चे अपने एक रिश्तेदार के यहां सोने चले गए थे। गुरुवार की सुबह जब बच्चे स्कूल जाने से पहले अपने घर पहुंचे तो उन्होंने देखा कि बेला मुंडा खून से लथपथ घर में पड़ी हुई है जबकि पवन घर से गायब था।बरियातू थाना प्रभारी प्रकाश रजक ने बताया कि आपसी विवाद की वजह से घटना हुई है।

**कामयाबी** | साउथ एशियन थ्रोबॉल चैंपियनशिप में रहा भारत का दबदबा

# भारत बना चैंपियन, दोनों वर्गों में स्वर्ण पदक

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** हरिवंश टाना भगत इंडोर स्टेडियम में आयोजित 02री साउथ एशियन थ्रोबॉल चैंपियनशिप 2026 का गुरुवार को भव्य समापन हुआ। प्रतियोगिता में भारतीय महिला एवं पुरुष दोनों टीमों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक जीतकर दक्षिण एशिया में अपनी श्रेष्ठता साबित की।

महिला वर्ग के फाइनल मुकाबले में भारतीय टीम ने बांग्लादेश को सीधे दो सेटों में 25-23 एवं 25-14 से पराजित कर खिताब अपने नाम किया। भारतीय महिला खिलाड़ियों ने पूरे मैच में शानदार तालमेल, आत्मविश्वास और तकनीकी दक्षता का प्रदर्शन करते हुए बांग्लादेश को वापसी का कोई अवसर नहीं दिया।

पुरुष वर्ग का फाइनल मुकाबला भारत और श्रीलंका के बीच बेहद रोमांचक रहा। तीन सेटों तक चले इस संघर्षपूर्ण मुकाबले में भारत ने पहला सेट 25–23 से जीता। दूसरे सेट में श्रीलंका ने 25-23 से जीत दर्ज कर मुकाबले को बराबरी पर ला दिया। इसके बाद निर्णायक तीसरे सेट में भारतीय खिलाड़ियों ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए 25-16 से जीत हासिल की और स्वर्ण पदक पर कब्जा जमाया।

चैंपियनशिप के पुरुष वर्ग में भारत विजेता, श्रीलंका उपविजेता तथा बांग्लादेश तृतीय स्थान पर रहा। वहीं महिला वर्ग में भारत ने स्वर्ण पदक, बांग्लादेश ने रजत पदक तथा नेपाल ने कांस्य पदक प्राप्त किया। समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्य अतिथि विधायक टाइगर जयराम महतो तथा विशिष्ट अतिथि झारखंड राज्य थ्रोबॉल संघ के अध्यक्ष अजय नाथ शाहदेव उपस्थित रहे। अतिथियों ने विजेता, उपविजेता एवं तृतीय स्थान प्राप्त टीमों को ट्रॉफी, पदक एवं प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया।

**परिणाम (पुरुष वर्ग)**
- विजेता - भारत
- उपविजेता - श्रीलंका
- तृतीय स्थान - बांग्लादेश

**(महिला वर्ग)**
- विजेता - भारत
- उपविजेता - बांग्लादेश
- तृतीय स्थान - नेपाल

# पैसा लेने निकला युवक मृत मिला, हत्या से पांकी में सनसनी

## माड़न गांव के पास संदिग्ध परिस्थिति में मिला शव

नवीन मेल संवाददाता

**पांकी।** थाना क्षेत्र में युवक की हत्या की घटना से सनसनी फैल गई है। करार पंचायत के पुरुषोत्तमपुर गांव निवासी 35 वर्षीय मनोज उरांव, पिता स्वर्गीय सूरज उरांव, का शव बुधवार की शाम माड़न गांव के समीप संदिग्ध परिस्थितियों में बरामद किया गया। घटना के बाद इलाके में भय और शोक का माहौल है। जानकारी के अनुसार मनोज उरांव किसी व्यक्ति से अपना बकाया पैसा लेने के लिए घर से निकले थे, लेकिन देर शाम तक वापस नहीं लौटे। इसी दौरान गांव के लोग पशु चराने के लिए निकले तो माड़न गांव के पास एक व्यक्ति का शव पड़ा देखा। सूचना मिलने पर परिजन घटनास्थल पहुंचे और शव की पहचान मनोज उरांव के रूप में की गई। घटना की सूचना मिलते ही पांकी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। पुलिस हत्या के कारणों और इसमें शामिल लोगों की पहचान को लेकर विभिन्न बिंदुओं पर जांच कर रही है।



### पांच बच्चों के सिर से उठा पिता का साया, गांव पसरा मातम

पुलिस ने शव को **कब्जे** में लेकर आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करते हुए पोस्टमार्टम के लिए मेदिनीनगर भेज दिया। बताया जाता है कि मृतक की पत्नी का पहले ही निधन हो चुका है। मनोज उरांव अपने पीछे एक पुत्र और चार पुत्रियों को छोड़ गए हैं। इस हृदयविदारक घटना के बाद पांचों बच्चों के सिर से पिता का साया उठ गया है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है, जबकि पूरे गांव में मातम पसरा हुआ है।

## जलसहिया की पहल से रसुलपुर में ठीक हुआ चापानल



नवीन मेल संवाददाता

**मोहम्मदगंज।** लटपौरी पंचायत के रसुलपुर गांव में जलसहिया जुबैदा खातून की पहल से खराब पड़े चापानल की मरम्मत कर पेयजल संकट दूर किया गया। उन्होंने खराब चापानल की सूचना विभाग को दी, जिसके बाद विभागीय मिस्त्रियों की टीम मौके पर पहुंची और मरम्मत कार्य पूरा किया। ब्लॉक वाश कोऑर्डिनेटर प्रेमतोष पांडेय ने जलसहिया के प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि सभी जलसहियाओं को अपने-अपने क्षेत्रों में खराब पड़े चापानलों की जानकारी समय पर उपलब्ध कराने और विभागीय स्तर पर उनकी मरम्मत सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है, ताकि ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल संकट उत्पन्न न हो।

## मोहर्रम को लेकर नौडीहा बाजार थाना में आज होगी शांति समिति की बैठक

**नौडीहा बाजार।** आगामी मोहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने को लेकर नौडीहा बाजार थाना परिसर में शुक्रवार, 19 जून को शाम चार बजे शांति समिति की बैठक आयोजित की जाएगी। बैठक की अध्यक्षता थाना प्रभारी नीरज कुमार करेंगे। थाना प्रशासन ने हिंदू और मुस्लिम समुदाय के समाजसेवियों, बुद्धिजीवियों, जनप्रतिनिधियों तथा मीडिया प्रतिनिधियों से बैठक में उपस्थित होकर अपने सुझाव देने और आयोजन को सफल बनाने की अपील की है। बैठक में मोहर्रम जुलूस, सुरक्षा व्यवस्था, यातायात नियंत्रण तथा आपसी सौहार्द बनाए रखने जैसे विषयों पर चर्चा की जाएगी।

## ऊंटारी रोड की जनसमस्याओं को लेकर उप विकास आयुक्त को सौंपा गया ज्ञापन

नवीन मेल संवाददाता



**ऊंटारी रोड।** प्रखंड क्षेत्र की विभिन्न जनसमस्याओं और विकास संबंधी मांगों को लेकर पलामू के उप विकास आयुक्त को एक ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन के माध्यम से स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने, अस्पतालों में चिकित्सकों और स्वास्थ्यकर्मियों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने, खराब पड़े पेयजल एवं जलमीनार योजनाओं को चालू कराने तथा सड़क एवं अन्य आधारभूत सुविधाओं के विकास की मांग उठाई गई। ज्ञापन में यह भी कहा गया कि आम लोगों को छोटे-छोटे कार्यों के लिए बार-बार प्रखंड कार्यालय का चक्कर लगाना पड़ता है, जिससे उन्हें अनावश्यक परेशानी का सामना करना पड़ता है। प्रशासन को जवाबदेही और पारदर्शिता के साथ काम करते हुए लोगों को समय पर योजनाओं का लाभ उपलब्ध कराना चाहिए। उप विकास आयुक्त ने ज्ञापन प्राप्त कर संबंधित मामलों की जांच कराने और आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया। ज्ञापन सौंपने वालों ने कहा कि क्षेत्र के विकास और जनहित के मुद्दों पर उनकी आवाज आगे भी बुलंद होती रहेगी।

## बारिश की कमी से भीमबराज में जलभंडारण प्रभावित

- 15 जून से बंद हैं सभी 40 गेट, 25 जून से नहर में पानी छोड़ने की तैयारी

नवीन मेल संवाददाता



**मोहम्मदगंज।** खरीफ सीजन में सिंचाई के लिए भीमबराज में जलभंडारण की प्रक्रिया जारी है। मुख्य नहर में पानी छोड़ने की तैयारी के तहत 15 जून से सभी 40 गेट बंद कर दिए गए हैं। लेकिन जून माह में पर्याप्त बारिश नहीं होने के कारण जलाशय में अपेक्षित जलसंचय नहीं हो पाया है, जिससे बायीं और दायीं मुख्य नहर से सिंचित क्षेत्रों के किसान बिचड़ा तैयार करने को लेकर चिंतित हैं। कुछ किसानों ने वैकल्पिक साधनों से रोहिणी नक्षत्र में ही धान का बिचड़ा डाल दिया है, लेकिन समय पर सिंचाई नहीं मिलने की स्थिति में फसल प्रभावित होने की आशंका है। विभागीय सूत्रों के अनुसार पर्याप्त बारिश होने पर 25 जून से पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत मुख्य नहर में पानी छोड़ा जाएगा। गुरुवार शाम ऊपरी जलग्रहण क्षेत्र में हुई हल्की बारिश के बाद जलस्तर में 1.1 सेंटीमीटर की वृद्धि दर्ज की गई है, जिससे किसानों में उम्मीद जगी है।

## हुसैनाबाद के विकास को लेकर नगर पंचायत अध्यक्ष ने निदेशक नैन्सी सहाय से की मुलाकात

### जनसुविधाओं के विस्तार और नई योजनाओं पर हुई सकारात्मक चर्चा

नवीन मेल संवाददाता



**हुसैनाबाद।** नगर पंचायत अध्यक्ष अजय कुमार भारती ने गुरुवार को रांची स्थित नगर विकास एवं आवास विभाग के नगरीय प्रशासन निदेशालय में निदेशक नैन्सी सहाय (आईएएस) से शिष्टाचार मुलाकात की। इस दौरान हुसैनाबाद नगर क्षेत्र के समग्र विकास, जनसुविधाओं के सुदृढ़ीकरण और आगामी योजनाओं के क्रियान्वयन को लेकर विस्तार से चर्चा हुई। नगर पंचायत अध्यक्ष ने नगर की वर्तमान आवश्यकताओं और भविष्य की विकास योजनाओं की रूपरेखा से निदेशक को अवगत कराया। उन्होंने कहा कि हुसैनाबाद को स्वच्छ, सुंदर और व्यवस्थित शहर के रूप में विकसित करना उनकी प्राथमिकता है और जनहित से जुड़े कार्यों को गति देने के लिए वे लगातार प्रयासरत हैं। निदेशक नैन्सी सहाय ने भी नगर पंचायत की विकास योजनाओं के प्रति सकारात्मक रुख दिखाते हुए हरसंभव सहयोग का भरोसा दिलाया।

## संगीतज्ञ व तबला वादक कामेश्वर सिंह का निधन

नवीन मेल संवाददाता



**हैदरनगर।** प्रखंड के बभंडी पंचायत अंतर्गत गोल्हना गांव निवासी 90 वर्षीय संभ्रांत किसान, संगीत प्रेमी और कुशल तबला वादक कामेश्वर सिंह का बुधवार देर शाम हृदय गति रुकने से निधन हो गया। वे पिछले दो माह से अस्वस्थ चल रहे थे। कामेश्वर सिंह को संगीत गायन और तबला वादन में विशेष रुचि थी। बढ़ती उम्र के बावजूद उनका रामायण तथा अन्य धार्मिक एवं साहित्यिक पुस्तकों के प्रति गहरा लगाव था। उनके निधन की खबर से संगीत प्रेमियों और आसपास के गांवों में शोक की लहर दौड़ गई। गुरुवार को देवरी सोन नदी घाट स्थित मुख्य श्मशान घाट पर उनका अंतिम संस्कार किया गया, जहां उनके बड़े पुत्र विमलेश सिंह ने मुखाग्नि दी। छोटे पुत्र छोटू सिंह समेत परिवार के सभी सदस्यों ने अंतिम संस्कार की रस्मों में भाग लिया। उनके आवास पर मुखिया जितेंद्र सिंह, उपप्रमुख पप्पू पासवान, वीरेंद्र सिंह, शशिरंजन सिंह, पप्पू सिंह, सिद्धि सिंह, अनिल साव, सुधीर सिंह, संतोष सिंह, उपेंद्र सिंह, ईश्वरी सिंह सहित कई गांवों के लोगों ने पहुंचकर शोक संवेदना व्यक्त की। ग्रामीणों ने कहा कि कामेश्वर सिंह सरल, मिलनसार और समाज के सम्मानित व्यक्तियों में शामिल थे।

## पंचायत सचिवालय तक नहीं पहुंची पक्की सड़क, बरसात में बढ़ेगी ग्रामीणों की परेशानी

- महज आधा किलोमीटर सड़क निर्माण की जरूरत, दो साल पहले भेजा गया था प्रस्ताव

नवीन मेल संवाददाता



**मोहम्मदगंज।** प्रखंड के लटपौरी पंचायत सचिवालय तक जाने के लिए अब तक पक्की पहुंच पथ का निर्माण नहीं हो सका है। कादलकर्मी-दंगवार वाया जपला मुख्य पथ से पंचायत सचिवालय तक पहुंचने के लिए ग्रामीणों को कच्चे रास्ते का सहारा लेना पड़ता है। ऐसे में बरसात के मौसम में कीचड़ और जलजमाव के कारण आवागमन काफी कठिन हो जाता है। ग्रामीणों ने बताया कि पंचायत सचिवालय के समीप लगभग 200 फीट पीसीसी सड़क का निर्माण तत्कालीन विधायक कमलेश कुमार सिंह के कार्यकाल में कराया गया था, लेकिन शेष भाग आज भी कच्चा है। बरसात के दिनों में इस रास्ते पर कीचड़ और पानी भर जाने से पंचायत सचिवालय तक पहुंचना मुश्किल हो जाता है, जिससे ग्रामीणों को आवश्यक कार्यों के लिए भी परेशानी उठानी पड़ती है। मुखिया उमेश राम ने बताया कि मुख्य सड़क से पंचायत सचिवालय तक पक्की सड़क निर्माण के लिए दो वर्ष पूर्व प्राक्कलन तैयार कर जिला परिषद को भेजा गया था। सरकार की योजना के तहत सभी पंचायत सचिवालयों को मुख्य मार्ग से जोड़ने का प्रस्ताव बनाया गया था। उन्होंने कहा कि 15वें वित्त आयोग से राशि आवंटित होने पर सड़क निर्माण कराया जा सकेगा। विधायक संजय कुमार सिंह यादव ने भी इस दिशा में पहल का आश्वासन दिया है, लेकिन अब तक कोई ठोस परिणाम सामने नहीं आया है।

## मूंग की फसल बचाने के लिए दौड़ाया करंट, चपेट में आने से दो गायों की मौत

नवीन मेल संवाददाता

**हैदरनगर।** थाना क्षेत्र के तारा गांव में खेत और फसल की सुरक्षा के लिए बिछाए गए बिजली प्रवाहित तार की चपेट में आने से दो गायों की मौत हो गई। लगातार दूसरी बार हुई इस तरह की घटना से ग्रामीणों में भारी आक्रोश है। पंचायत समिति सदस्य गुप्तेश्वर पांडेय, मुखिया कमल कुमार पासवान सहित कई ग्रामीणों ने कहा कि खेतों में करंट प्रवाहित तार लगाना कानूनन अपराध है, जिससे मानव और पशुओं के जीवन को गंभीर खतरा उत्पन्न होता है। जानकारी के अनुसार परता टोला कोठी निवासी जफरुद्दीन अंसारी और कमरुद्दीन अंसारी की गायें बुधवार को चरने के दौरान करंट प्रवाहित तार के संपर्क में आ गईं, जिससे दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। पीड़ितों का आरोप है कि तारा गांव निवासी असफाक सिद्दीकी ने अपनी मूंग की फसल की सुरक्षा के लिए खेत के चारों ओर बिजली प्रवाहित तार लगा रखा था। ग्रामीणों ने बताया कि इससे पहले भी इसी तरह की घटना में हबीब अंसारी की एक गाय की करंट लगने से मौत हो चुकी है। ग्रामीणों ने मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई तथा मृत पशुओं के मालिकों को उचित मुआवजा देने की मांग की है। घटना की सूचना मिलने के बाद मंगलवार रात करीब दस बजे थाना प्रभारी तंजीलुल मन्नान पुलिस बल के साथ घटनास्थल पहुंचे और पीड़ित परिवार से पूछताछ की। दूसरे दिन बुधवार को पीड़ितों से लिखित शिकायत मांगी गई है।

## चार नए ट्रांसफार्मरों से मजबूत होगी बिजली व्यवस्था, वार्ड संख्या पांच में खुशी का माहौल

नवीन मेल संवाददाता



**हरिहरगंज (पलामू)।** नगर पंचायत क्षेत्र के वार्ड संख्या पांच स्थित सतगावां-टंडवा रोड, कब्रिस्तान, गौतम बुद्ध पब्लिक स्कूल और फोरलेन ओवरब्रिज के समीप गुरुवार को चार नए विद्युत ट्रांसफार्मरों का विधिवत उद्घाटन किया गया। वार्ड पार्षद प्रतिनिधि अनुज कुमार, समाजसेवी राजकुमार पासवान और सुमन पाठक ने पूजा-अर्चना कर नारियल फोड़कर इसका शुभारंभ किया। वार्ड पार्षद पुष्पा देवी ने बताया कि क्षेत्र में लंबे समय से लो-वोल्टेज और बिजली आपूर्ति संबंधी समस्याएं बनी हुई थीं। स्थानीय लोगों द्वारा इसकी शिकायत विद्युत विभाग के अधिकारियों से की गई थी। शिकायत को गंभीरता से लेते हुए विद्युत महाप्रबंधक और सहायक विद्युत अभियंता ने 63 केवीए क्षमता के चार ट्रांसफार्मर तथा 11 हजार वोल्ट के कवर वायर उपलब्ध कराए। नए ट्रांसफार्मर लगने से स्थानीय लोगों में खुशी का माहौल है। लोगों ने विभाग के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सुरक्षा मानकों के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण कार्य कराया गया है, जिससे बिजली आपूर्ति में सुधार होगा। इस अवसर पर वार्ड पार्षद प्रतिनिधि पवन कुमार, विनोद पासवान, चंदन साव, सुनील पासवान, शिक्षक उपेंद्र यादव, अभिषेक कुमार, शंभू कुमार, जगदीश कुमार, संतोष, प्रकाश तथा विद्युतकर्मी नीतीश कुमार और वीरेंद्र राम उर्फ गोरा समेत बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## हैदरनगर के धर्मप्रेमी युगल किशोर प्रसाद जयसवाल का निधन

**हैदरनगर।** स्थानीय विशाल होटल के संचालक सह सेवानिवृत्त शिक्षक राजकुमार प्रसाद जयसवाल समेत विजय प्रसाद जयसवाल, दिलीप प्रसाद जयसवाल, अजय प्रसाद जयसवाल और अमरेश जयसवाल के 95 वर्षीय धर्मप्रेमी पिता युगल किशोर प्रसाद जयसवाल का गुरुवार को हृदयाघात से निधन हो गया। वे अपने पैतृक गांव चौकड़ी में खेत की सिंचाई देखने गए थे, जहां अचानक उनकी तबीयत बिगड़ गई। उन्हें तत्काल अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। सांसद प्रतिनिधि डॉ. अजय जयसवाल, पंचायत समिति सदस्य शैलू जयसवाल, रामप्रवेश मेहता, उपमुखिया पवन कुमार, मुकेश मेहता, छोटे लाल, कौशल किशोर, सहित सैकड़ों लोगों ने उनके आवास पहुंचकर अंतिम दर्शन किए और श्रद्धांजलि अर्पित की।

## दीवान बिगहा स्थित रेस्टोरेंट में एसडीएम की छापेमारी, दो युवक व दो युवतियां मिलीं

- शिकायत के आधार पर हुई कार्रवाई, जांच के बाद होगी विधिसम्मत कार्रवाई

नवीन मेल संवाददाता




**हैदरनगर।** जपला-हैदरनगर मुख्य मार्ग स्थित दीवान बिगहा के आदित्य रेस्टोरेंट में गुरुवार को हुसैनाबाद एसडीएम समीर अल्फ्रेड मुर्मू के नेतृत्व में की गई छापेमारी से हड़कंप मच गया। शिकायत के आधार पर की गई इस कार्रवाई के दौरान अलग-अलग कमरों की तलाशी में दो युवक और दो युवतियां संदिग्ध परिस्थिति में मिलीं। सभी को पूछताछ के लिए हैदरनगर थाना पुलिस के हवाले कर दिया गया है। एसडीएम ने बताया कि जन समाधान कार्यक्रम के दौरान रेस्टोरेंट में कथित अनैतिक गतिविधियों के संचालन की शिकायत मिली थी। शिकायत की गंभीरता को देखते हुए प्रशासनिक टीम के साथ छापेमारी की गई। पकड़े गए सभी युवक-युवतियां बालिग हैं और मामले की गहन जांच की जा रही है। उन्होंने कहा कि जांच के दौरान यदि अनैतिक देह व्यापार अथवा अन्य अवैध गतिविधियों के साक्ष्य मिलते हैं, तो संबंधित लोगों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन रेस्टोरेंट के संचालन, आगंतुक रजिस्टर, कमरों के उपयोग और अन्य दस्तावेजों की भी जांच कर रहा है। छापेमारी की सूचना फैलते ही क्षेत्र में चर्चाओं का बाजार गर्म हो गया। स्थानीय लोगों का कहना है कि मुख्य सड़क किनारे स्थित इस प्रतिष्ठान को लेकर पहले भी कई तरह की शिकायतें सामने आती रही हैं। हालांकि प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि जांच पूरी होने के बाद ही विधिसम्मत कार्रवाई की जाएगी।

### मुहर्रम के साथ शुरू हुआ अंजुमन-ए-हुसैनी का रजत जयंती वर्ष

## बेंगलुरु के मौलाना मिकदाद आब्दी करेंगे खिताब

नवीन मेल संवाददाता



**हुसैनाबाद।** आसमान पर चांद दिखाई देने के साथ इस्लामी नववर्ष और मुहर्रम के पवित्र महीने की शुरुआत हो गई है। इसी के साथ हुसैनाबाद में भी अंजुमन-ए-हुसैनी (रजिस्टर्ड) की ओर से अजादारी का सिलसिला शुरू हो गया है। इस वर्ष अंजुमन अपनी स्थापना का 25वां वर्ष मना रहा है, जिसे रजत जयंती वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है। अंजुमन-ए-हुसैनी द्वारा वक्फ वासला बेगम सदर इमामबाड़ा में पहली मुहर्रम से लेकर दसवीं मुहर्रम तक प्रतिदिन रात 10 बजे विशेष मजलिस का आयोजन किया जा रहा है। इन मजलिसों को विशेष रूप से आमंत्रित बेंगलुरु के प्रसिद्ध धर्मगुरु और "शेरे कर्नाटक" के नाम से विख्यात मौलाना सैयद मोहम्मद मिकदाद आब्दी संबोधित करेंगे। वहीं सैयद राजा इमाम और उनके हमनवा मरसियाखानी पेश करेंगे। मुहर्रम का महीना हजरत इमाम हुसैन और उनके साथियों की शहादत की याद में मनाया जाता है, जिन्होंने कर्बला के मैदान में हक और इंसाफ की रक्षा के लिए अपना सर्वोच्च बलिदान दिया था। इसी शहादत की याद में दुनिया भर में अकीदतमंद गम और श्रद्धा के साथ मुहर्रम मनाते हैं। अंजुमन-ए-हुसैनी के सचिव अरशद हुसैन ने बताया कि संस्था अपने स्थापना के 25 वर्ष पूरे कर रही है। उन्होंने इस अवसर पर अंजुमन से जुड़े सभी लोगों और क्षेत्र के मीडिया प्रतिनिधियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि मीडिया ने हमेशा मजलिस, महफिल और जुलूस-ए-अजा की खबरों को प्रमुखता से लोगों तक पहुंचाया है, जिसके लिए पूरी अंजुमन उनकी आभारी है। उन्होंने अकीदतमंदों से बड़ी संख्या में मजलिसों में शामिल होकर शहीद-ए-कर्बला को श्रद्धांजलि अर्पित करने की अपील की।

## हरिजन स्कूल के पास बदला गया ट्रांसफार्मर क्षमता को लेकर उपभोक्ताओं में असंतोष

नवीन मेल संवाददाता



**हुसैनाबाद (पलामू)।** शहर के हरिजन स्कूल के समीप लंबे समय से खराब पड़े विद्युत ट्रांसफार्मर को बिजली विभाग ने बदल दिया है। विभागीय अधिकारियों के अनुसार नए ट्रांसफार्मर की चार्जिंग प्रक्रिया पूरी होने के बाद क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति बहाल कर दी जाएगी। हालांकि ट्रांसफार्मर बदलने के बावजूद स्थानीय उपभोक्ताओं में संतोष नहीं है। क्षेत्रवासियों का कहना है कि यहां बिजली का लोड काफी अधिक है और लंबे समय से 200 केवीए क्षमता के ट्रांसफार्मर की मांग की जा रही थी। इसके बावजूद विभाग ने पुनः 100 केवीए का ट्रांसफार्मर ही स्थापित कर दिया है। लोगों का कहना है कि पीक आवर्स में अधिक लोड पड़ने पर ट्रांसफार्मर के ट्रिप करने या दोबारा जलने की आशंका बनी रहेगी। अब लोगों की नजर इस बात पर टिकी है कि नया ट्रांसफार्मर क्षेत्र की जरूरतों को कितना पूरा कर पाता है और उपभोक्ताओं को निर्बाध बिजली मिलती है या नहीं।

# मोदी सरकार के 12 वर्ष पूरे होने पर भाजपा का प्रबुद्ध जन सम्मेलन आयोजित

- **सांसद वीडी राम बोले- विकसित भारत के संकल्प के साथ देश प्रगति के नए आयाम स्थापित कर रहा**

**नवीन मेल संवाददाता**






**मेदिनीनगर।** केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार के 12 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में पलामू भाजपा द्वारा गुरुवार को गांधी उद्यान में प्रबुद्ध जन सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित पलामू सांसद विष्णु दयाल राम ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर है। वर्ष 2014 से 2026 तक के 12 वर्षों में भारत एक सशक्त, समृद्ध और सुरक्षित राष्ट्र के रूप में विश्व पटल पर अपनी अलग पहचान बनाने में सफल हुआ है।

उन्होंने कहा कि "लोक सेवा ही संकल्प और गरीब कल्याण-अंत्योदय ही लक्ष्य" के मंत्र के साथ केंद्र सरकार कार्य कर रही है। स्वच्छ भारत, किसान कल्याण, मध्यम वर्ग के सशक्तीकरण और ग्रामीण विकास के माध्यम से समाज के अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि "राष्ट्र प्रथम" की भावना के साथ मोदी सरकार विरासत और विकास दोनों को साथ लेकर चल रही है तथा तकनीक के माध्यम से डिजिटल भारत के निर्माण को गति दी जा रही है, ताकि वर्ष 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य को हासिल किया जा सके।

भाजपा के प्रदेश महामंत्री मनोज सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में बीते 12 वर्षों की उपलब्धियां विकसित भारत के संकल्प को साकार करने की दिशा में मील का पत्थर हैं। केंद्र सरकार के प्रयासों और जनसहभागिता से देश सभी क्षेत्रों में निरंतर प्रगति कर रहा है और विकास योजनाओं का लाभ आम जनता तक पहुंच रहा है।

मेदिनीनगर नगर निगम की महापौर अरुणा शंकर ने कहा कि मोदी सरकार ने महिलाओं के सशक्तीकरण को प्राथमिकता दी है। शौचालय, प्रधानमंत्री आवास, उज्ज्वला और आयुष्मान जैसी योजनाओं के साथ-साथ मातृत्व, शिक्षा और रोजगार के क्षेत्र में भी महिलाओं को आगे बढ़ाने का कार्य किया गया है।

भाजपा जिलाध्यक्ष अमित तिवारी ने कहा कि विकसित भारत के संकल्प के साथ आगे बढ़ रही मोदी सरकार की 12 वर्षों की उपलब्धियों का लाभ गरीब, किसान, युवा और महिलाओं समेत समाज के सभी वर्गों को मिला है।

कार्यक्रम में रविशंकर पांडेय, हरिवंश प्रभात, संतोष शुक्ला, अनुग्रह शर्मा, आनंद शंकर, आभा मुखर्जी, रमेश शुक्ला और रजनीकांत पांडेय सहित अन्य वक्ताओं ने भी अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम का संचालन विजय ओझा ने किया, जबकि धन्यवाद ज्ञापन अजय सिंह ने किया। मौके पर नरेंद्र पांडेय, विजय आनंद पाठक, विभाकर नारायण पांडेय, प्रफुल्ल सिंह, अविनाश वर्मा, शिवकुमार मिश्रा, ईश्वरी पांडेय, छोटू सिन्हा, सर्वण गुप्ता, विजय कुशवाहा, संजय गुप्ता, संजय कुमार, प्रियरंजन पाठक, अंकित सिंह, आनंद सिंह, अलख दुबे, बबन तिवारी, नवनीत सुंदरम, सत्येंद्र तिवारी, राजीव पांडेय, प्रदीप बाबूल, कृष्णा अग्रवाल, अमिताभ कुमार, शुभम तिवारी, ओमप्रकाश पप्पू समेत विभिन्न सामाजिक, सांस्कृतिक संगठनों एवं चैंबर ऑफ कॉमर्स के पदाधिकारी उपस्थित थे।

## रजवाडीह मध्य विद्यालय में नाट्य कला के रंगों से सराबोर हुए बच्चे

**मेदिनीनगर।** प्रखंड अंतर्गत रजवाडीह मध्य विद्यालय में गुरुवार को मासूम आर्ट ग्रुप के कलाकारों ने बच्चों के बीच नाट्य कला का इंद्रधनुषी रंग बिखेरा। संस्था के सचिव एवं वरिष्ठ रंगकर्मी सैकत चट्टोपाध्याय के नेतृत्व में कलाकार मुनमुन चक्रवर्ती, कनकलता तिर्की, राज प्रतीक पाल, अमर कुमार भांजा, राहुल कुमार और प्रकाश संगम विद्यालय पहुंचे। कलाकारों ने विद्यार्थियों और शिक्षकों के साथ आत्मीय संवाद स्थापित करते हुए नाट्य कला की बारीकियों से उन्हें अवगत कराया। इस दौरान सैकत चट्टोपाध्याय ने रोचक अंदाज में विद्यार्थियों और शिक्षकों को नाट्य मंचन की विभिन्न विधाओं की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि केवल संवाद याद कर मंच पर बोल देना ही नाटक नहीं होता, बल्कि एक सफल कलाकार को अपने चरित्र को आत्मसात कर उसे जीना पड़ता है। उन्होंने मंच, कलाकार और दर्शकों के बीच के संबंधों तथा प्रभावी प्रस्तुति के विभिन्न मानकों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि एक अच्छा नाटक दर्शकों को झकझोरने के साथ-साथ समाज को सकारात्मक संदेश भी देता है। इस अवसर पर मासूम आर्ट ग्रुप के कलाकारों ने बाल विवाह निषेध विषय पर आधारित नाटक की प्रभावशाली प्रस्तुति की, जिसे विद्यार्थियों और शिक्षकों ने खूब सराहा तथा तालियों की गड़गड़ाहट से कलाकारों का उत्साहवर्धन किया।

# अपराध को लेकर एक्शन प्लान तैयार एसपी ने पुलिस अधिकारियों को किया अलर्ट

- **लंबित कांडों के त्वरित निष्पादन, नक्सल क्षेत्रों की निगरानी और जनविश्वास बढ़ाने पर विशेष जोर**

**नवीन मेल संवाददाता**




**मेदिनीनगर।** अपराध नियंत्रण, लंबित मामलों के त्वरित निष्पादन और कानून-व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से गुरुवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय में महत्वपूर्ण अपराध समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता पुलिस अधीक्षक कपिल चौधरी ने की। इसमें जिले के सभी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (एसडीपीओ), पुलिस निरीक्षक, अंचल निरीक्षक और सभी थाना प्रभारी मौजूद रहे।

बैठक में पुलिस अधीक्षक ने गंभीर अपराधों, लंबित कांडों, वारंट एवं कुर्की निष्पादन, फरार आरोपितों की गिरफ्तारी, साइबर अपराध, मादक पदार्थों की तस्करी तथा विधि-व्यवस्था से जुड़े मामलों की गहन समीक्षा की। उन्होंने स्पष्ट कहा कि वर्षों से लंबित पड़े मामलों का निष्पादन अब पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल होगा और जांच में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

एसपी कपिल चौधरी ने कहा कि पलामू जैसे भौगोलिक और सामाजिक दृष्टि से संवेदनशील जिले में कानून-व्यवस्था को मजबूत बनाए रखना पुलिस की सबसे बड़ी जिम्मेदारी है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि अपने-अपने क्षेत्रों में नियमित गश्ती, वाहन जांच और अपराधियों की गतिविधियों पर लगातार निगरानी रखें। संवेदनशील स्थलों, बाजारों, बैंक, शैक्षणिक संस्थानों और भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में विशेष सतर्कता बरतने को कहा गया।

बैठक में नक्सल प्रभावित इलाकों की स्थिति की भी समीक्षा की गई। एसपी ने कहा कि सुरक्षा और विकास एक-दूसरे के पूरक हैं। पुलिस की कोशिश है कि जिले के सुदूरवर्ती क्षेत्रों में भी शांति और विश्वास का माहौल कायम रहे। उन्होंने खुफिया तंत्र को और मजबूत करने तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि पर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

हाल के दिनों में देशभर में बढ़ते साइबर अपराधों और डिजिटल ठगी के मामलों का उल्लेख करते हुए एसपी ने थाना स्तर पर जन-जागरूकता अभियान चलाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि केवल अपराधियों की गिरफ्तारी ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि लोगों को साइबर ठगी से बचाने के लिए जागरूक करना भी पुलिस की जिम्मेदारी है।

बैठक के दौरान उन थाना प्रभारियों और पुलिस पदाधिकारियों की सराहना की गई, जिन्होंने पुराने मामलों के निष्पादन, अपराध नियंत्रण, वारंट निष्पादन और विधि-व्यवस्था बनाए रखने में बेहतर काम करने वाले अधिकारियों को सम्मानित करने की बात कही। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि पुलिस और जनता के बीच विश्वास को मजबूत करना उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि आम लोगों के साथ संवेदनशील व्यवहार करें, शिकायतों का त्वरित समाधान करें और पुलिसिंग को अधिक जनोन्मुखी बनाएं। बैठक में एसपी कपिल चौधरी ने लंबित मामलों के निष्पादन, संगठित अपराध पर नियंत्रण, नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में शांति कायम रखने और आधुनिक पुलिसिंग के माध्यम से जिले में सुरक्षित एवं भयमुक्त वातावरण स्थापित करने की दिशा में विशेष अभियान चलाने का निर्देश दिया है।

## जिले के विकास कार्यों में कंपनियों की भागीदारी बढ़ाने पर जोर

- **उपायुक्त की अध्यक्षता में जिला स्तरीय सीएसआर समिति की बैठक, कई प्रस्तावों पर हुआ विचार**

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत की अध्यक्षता में गुरुवार को समाहरणालय सभाकक्ष में जिला स्तरीय कॉरपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले में कार्यरत विभिन्न कंपनियों एवं औद्योगिक प्रतिष्ठानों द्वारा संचालित सीएसआर गतिविधियों की समीक्षा की गई तथा वित्तीय वर्ष 2026-27 की कार्ययोजना पर चर्चा हुई।

उपायुक्त ने कहा कि कॉरपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व केवल कानूनी दायित्व नहीं, बल्कि समाज के सर्वांगीण विकास में कंपनियों की सक्रिय भागीदारी का माध्यम है। उन्होंने शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल, स्वच्छता, महिला सशक्तीकरण, कौशल विकास, पर्यावरण संरक्षण, खेलकूद, नशा मुक्ति, सड़क सुरक्षा और आजीविका संवर्द्धन के क्षेत्र में अधिक योगदान देने का आह्वान किया।

बैठक में विगत वर्षों में किए गए कार्यों की समीक्षा के साथ-साथ विभिन्न विभागों से प्राप्त विकासात्मक परियोजनाओं पर विचार किया गया। पावर फाइनेंस कॉरपोरेशन लिमिटेड द्वारा मध्याह्न भोजन के लिए प्लेट और ग्लास उपलब्ध कराने, आईसीआईसीआई बैंक तथा भारतीय स्टेट बैंक द्वारा कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, पांकी की छात्राओं के लिए 160 स्कूल बैग उपलब्ध कराने के प्रस्तावों पर चर्चा हुई।

इसके अलावा आंगनबाड़ी केंद्रों में पेयजल और शौचालय की सुविधा उपलब्ध कराने, टीबी मरीजों को पोषण पोटली उपलब्ध कराने, सीसीएल द्वारा उन्नति कृषि कार्यक्रम के लिए उपकरण उपलब्ध कराने तथा एकलव्य विद्यालय, मनातू में कंप्यूटर लैब के लिए 33 कंप्यूटर उपलब्ध कराने के प्रस्तावों पर भी विचार-विमर्श किया गया।

बैठक में उप विकास आयुक्त सादात अनवर, सिविल सर्जन डॉ. अनिल, जिला कल्याण पदाधिकारी प्यारेलाल, जिला योजना पदाधिकारी शिशिर तिग्गा, एलडीएम तथा विभिन्न कंपनियों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

## मगध बीपीआर कैंप में भू-रैयतों के साथ त्रिपक्षीय बैठक संपन्न

- **रोजगार, मुआवजा और सड़क बहाली समेत कई मांगों पर प्रबंधन ने दिया आश्वासन**

**नवीन मेल संवाददाता**

**बालूमाथ।** प्रखंड अंतर्गत मगध बीपीआर कैंप में रैयत विस्थापित संघर्ष समिति के साथ त्रिपक्षीय बैठक आयोजित की गई। बैठक में मगध सीसीएल के महाप्रबंधक चितरंजन कुमार, बीपीआर आउटसोर्सिंग कंपनी के महाप्रबंधक श्रीनिवासन रेड्डी तथा रैयत विस्थापित संघर्ष समिति, आरा के सदस्य उपस्थित रहे।

बैठक में संघर्ष समिति की ओर से विस्थापित ग्रामीणों को रोजगार उपलब्ध कराने, 15 दिनों के भीतर भूमि मुआवजा के लिए शिविर लगाकर आवेदन लेने, पुनर्वास एवं पुनर्स्थापन (आर एंड आर) साइट को पूर्ण रूप से विकसित करने तथा सीसीएल द्वारा काटे गए आरा से गणेशपुर पंचायत को जोड़ने वाली सड़क को पुनः बहाल करने की मांग उठाई गई।

इस पर महाप्रबंधक एवं बीपीआर प्रबंधन ने आश्वासन देते हुए कहा कि मांगों के समाधान के लिए शीघ्र पहल की जाएगी। उन्होंने कहा कि विस्थापित क्षेत्र का विकास उनकी प्राथमिकता है तथा आवश्यक होने पर नौकरी और मुआवजा से संबंधित दस्तावेज जमा कराने के लिए शिविर भी आयोजित किए जाएंगे।

बैठक में शिवनारायण प्रसाद, जितेंद्र प्रसाद, अनिल प्रसाद, विनोद गंझू, पदुम यादव, शंभू प्रसाद, अखिलेश यादव, मंगल गंझू, कृष्णा साव, सुबोध कुमार, हरिहर प्रसाद, किशोर कुमार, राजू कुमार, रामसेवक प्रसाद, ब्रजकिशोर प्रसाद, महेंद्र उरांव, राजेश राम, राजेंद्र प्रसाद, रूपलाल राणा, बलदेव साव, विमल गंझू, उमेश कुमार, पवन कुमार समेत कई लोग उपस्थित थे।

## वृद्ध और दिव्यांग कलाकारों को मिलेगी हर माह चार हजार रुपये की सहायता

- **कलाकार मासिक निवृत्तिका योजना के लिए ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों माध्यमों से किया जा सकेगा आवेदन**

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** झारखंड सरकार के पर्यटन, कला-संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग के सांस्कृतिक कार्य निदेशालय द्वारा राज्य के वृद्ध, दिव्यांग एवं गंभीर रूप से अस्वस्थ कलाकारों के लिए "कलाकार मासिक निवृत्तिका योजना" संचालित की जा रही है। योजना का उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर और असहाय कलाकारों को सम्मानजनक जीवनयापन के लिए आर्थिक संबल प्रदान करना है।

योजना के तहत पात्र निवृत्त कलाकारों को प्रतिमाह चार हजार रुपये की सहायता राशि डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर (डीबीटी) के माध्यम से उनके आधार से जुड़े बैंक खाते में भेजी जाएगी। यह राशि अहस्तांतरणीय होगी। कलाकार की मृत्यु अथवा किसी अन्य कारण से अयोग्य होने की स्थिति में यह लाभ आश्रितों को नहीं मिलेगा।

इच्छुक कलाकार सांस्कृतिक कार्य निदेशालय में ऑफलाइन अथवा विभागीय वेबसाइट के कल्चरल ट्रूप मैनेजमेंट सिस्टम (सीटीएमएस) पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। आवेदन के लिए सीटीएमएस पोर्टल पर पंजीकरण अनिवार्य होगा।

योजना का लाभ झारखंड की लोक, जनजातीय, शास्त्रीय एवं पारंपरिक कला में दक्ष तथा जिला स्तर पर पहचान प्राप्त कलाकारों को दिया जाएगा। इसके अलावा आकाशवाणी, दूरदर्शन अथवा भारत सरकार से मान्यता प्राप्त ऐसे कलाकार, जिनके पास कम से कम सात वर्ष का अनुभव हो, भी पात्र होंगे। गंभीर रूप से अस्वस्थ एवं दिव्यांग कलाकारों के लिए अनुभव की न्यूनतम अवधि पांच वर्ष निर्धारित की गई है।

पात्रता के लिए कलाकार की आयु 60 वर्ष या उससे अधिक होनी चाहिए, जबकि दिव्यांग और गंभीर रूप से अस्वस्थ कलाकारों के लिए आयु सीमा में छूट का प्रावधान है। सभी स्रोतों से मासिक आय आठ हजार रुपये से अधिक नहीं होनी चाहिए। योजना से संबंधित अधिक जानकारी के लिए जिला जनसंपर्क कार्यालय तथा जिला खेल कार्यालय, पलामू से संपर्क किया जा सकता है।

## जेएसएलपीएस योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन पर उपायुक्त ने दिया जोर

**नवीन मेल संवाददाता**




**मेदिनीनगर।** जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत ने गुरुवार को समाहरणालय सभागार में झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी (जेएसएलपीएस) द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं और कार्यक्रमों की समीक्षा की। बैठक में स्वयं सहायता समूहों के गठन, वित्तीय समावेशन, कृषि एवं पशुपालन आधारित आजीविका, गैर-कृषि उद्यम, सामाजिक समावेशन तथा बीमा एवं सामाजिक सुरक्षा योजनाओं की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई।

उपायुक्त ने स्वयं सहायता समूहों के गठन और महिलाओं की भागीदारी से संबंधित निर्धारित लक्ष्यों को समयबद्ध तरीके से पूरा करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि ग्रामीण महिलाओं को स्वरोजगार और आय वृद्धि के बेहतर अवसर उपलब्ध कराने के लिए आजीविका आधारित योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन आवश्यक है।

वित्तीय समावेशन की समीक्षा करते हुए उन्होंने सभी पात्र स्वयं सहायता समूहों का बैंक लिंकेज सुनिश्चित करने तथा मुद्रा ऋण, बीमा योजनाओं और अन्य वित्तीय सुविधाओं से अधिक से अधिक लाभुकों को जोड़ने का निर्देश दिया। बीमा दावों के त्वरित निष्पादन पर विशेष जोर देते हुए लंबित मामलों का शीघ्र निपटारा करने का निर्देश भी दिया गया। बैठक में किसान उत्पादक संगठन (एफपीओ), एकीकृत कृषि क्लस्टर, महिला उद्यमिता, स्वरोजगार और सामाजिक समावेशन से संबंधित योजनाओं की भी समीक्षा की गई।

उपायुक्त ने कहा कि जेएसएलपीएस की योजनाएं ग्रामीण महिलाओं के आर्थिक और सामाजिक सशक्तीकरण का महत्वपूर्ण माध्यम हैं। उन्होंने नियमित मॉनिटरिंग और साप्ताहिक समीक्षा के माध्यम से योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर बल दिया। बैठक में जेएसएलपीएस के विभिन्न प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक (बीपीएम) उपस्थित थे।

## री-नीट परीक्षा को लेकर प्रशासन अलर्ट, डीसी ने केंद्राधीक्षकों के साथ की तैयारी की समीक्षा

**गढ़वा।** राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (यूजी)-2026 (री-नीट) के सफल एवं शांतिपूर्ण आयोजन को लेकर उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी पशुपति नाथ मिश्रा ने बुधवार को समाहरणालय सभागार में संबंधित पदाधिकारियों और केंद्राधीक्षकों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में परीक्षा के निष्पक्ष, कदाचारमुक्त एवं व्यवस्थित संचालन को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। जिले में 21 जून को एसएसजेएस नामधारी कॉलेज, आर.के. प्लस टू गोविंद हाई स्कूल तथा पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय, गढ़वा में परीक्षा आयोजित की जाएगी। उपायुक्त ने सभी परीक्षा केंद्रों पर पेयजल, शौचालय, साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था तथा परीक्षार्थियों के बैठने की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (एनटीए) के दिशा-निर्देशों के अनुरूप परीक्षा का संचालन पूरी पारदर्शिता और सुरक्षा के साथ कराया जाएगा। सभी केंद्रों पर वीडियोग्राफी, फोटोग्राफी तथा हैंड हेल्ड मेटल डिटेक्टर (एचएचएमडी) का अनिवार्य उपयोग किया जाएगा, ताकि किसी प्रकार की गड़बड़ी की आशंका न रहे। उपायुक्त ने स्पष्ट किया कि परीक्षा केंद्रों पर मोबाइल फोन, स्मार्ट वॉच, कैलकुलेटर समेत किसी भी प्रकार के इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के प्रवेश पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। परीक्षार्थियों की प्रवेश द्वार पर एचएचएमडी से जांच की जाएगी। बैठक में जानकारी दी गई कि इस बार परीक्षा में अतिरिक्त 15 मिनट का समय जोड़ा गया है। यह समय बायोमेट्रिक सत्यापन, उपस्थिति और पहचान जांच जैसी अनिवार्य औपचारिकताओं के लिए निर्धारित किया गया है, ताकि छात्रों के वास्तविक परीक्षा समय पर कोई असर न पड़े।

# अतिक्रमण बना बड़ी चिंता, उद्योग व एयर कनेक्टिविटी पर चैंबर ने उठाई आवाज

- **झारखंड चैंबर के पदाधिकारियों के साथ बैठक में सुदना औद्योगिक क्षेत्र, एयरपोर्ट और सौर ऊर्जा परियोजना पर हुई चर्चा**

**नवीन मेल संवाददाता**




**मेदिनीनगर।** पलामू चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के तत्वावधान में गुरुवार को होटल ज्योतिलोक के सभागार में महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। चैंबर अध्यक्ष आनंद शंकर की अध्यक्षता में हुई बैठक में झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के महासचिव रोहित अग्रवाल, संयुक्त सचिव नवजीत अलंग, संयुक्त सचिव रोहित पोद्दार, कार्यकारिणी सदस्य अमित शर्मा सहित कई व्यवसायी और उद्योग प्रतिनिधि शामिल हुए। बैठक में सुदना औद्योगिक क्षेत्र के विकास, नए औद्योगिक क्षेत्र के लिए भूमि उपलब्ध कराने, मेदिनीनगर एयरपोर्ट के लिए एनओसी, सौर ऊर्जा परियोजना तथा शहर में बढ़ते अतिक्रमण जैसे मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए चैंबर अध्यक्ष आनंद शंकर ने कहा कि जिले की कानून-व्यवस्था की स्थिति संतोषजनक है, लेकिन शहर में बढ़ता अतिक्रमण गंभीर चिंता का विषय बन गया है। उन्होंने कहा कि मुख्य बाजार और प्रमुख सड़कें अवैध ठेला-खोमचों से अटी पड़ी हैं, जिससे कई स्थानों पर बाइक तक निकालना मुश्किल हो गया है। उन्होंने आगाह किया कि यदि समय रहते इस समस्या का समाधान नहीं किया गया तो भविष्य में बड़ी दुर्घटनाओं से इनकार नहीं किया जा सकता।

चैंबर अध्यक्ष ने बताया कि सांसद के अनुसार तीन वर्ष पूर्व केंद्र सरकार द्वारा 20 मेगावाट सौर ऊर्जा परियोजना के लिए राशि स्वीकृत की गई थी, लेकिन भूमि उपलब्ध नहीं होने के कारण परियोजना पर संकट के बादल मंडरा रहे हैं। इस पर गंभीर पहल की जरूरत है।

झारखंड चैंबर के महासचिव रोहित अग्रवाल ने कहा कि चैंबर की ओर से जल्द मुख्यमंत्री के साथ बैठक सुनिश्चित करने का प्रयास किया जाएगा, ताकि पलामू से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों को सरकार के समक्ष प्रभावी ढंग से रखा जा सके।

संयुक्त सचिव रोहित पोद्दार ने कहा कि जब रांची के औरमांझी डैम क्षेत्र में 100 मेगावाट की सौर ऊर्जा परियोजना स्थापित की जा सकती है, तो पलामू के मलय डैम क्षेत्र में 20 मेगावाट की परियोजना क्यों नहीं लगाई जा सकती। उन्होंने कहा कि इसके लिए जमीन उपलब्ध कराने की दिशा में गंभीर पहल होनी चाहिए। वहीं, झारखंड चैंबर के संयुक्त सचिव नवजीत अलंग ने कहा कि मेदिनीनगर एयरपोर्ट के लिए अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) के मुद्दे को मुख्यमंत्री के समक्ष उठाया जाएगा, ताकि हवाई परिचालन का रास्ता जल्द साफ हो सके।

बैठक के दौरान चैंबर अध्यक्ष आनंद शंकर ने झारखंड के डीजीपी से फोन पर वार्ता कर शहर में अतिक्रमण हटाने के लिए अभियान चलाने की मांग की। उन्होंने कहा कि कानून-व्यवस्था बेहतर है, लेकिन अतिक्रमण की समस्या के समाधान के लिए विशेष पहल की जरूरत है। इस पर डीजीपी ने ट्रैफिक व्यवस्था को सुदृढ़ करने और पुलिस अधीक्षक स्तर पर चैंबर के साथ बैठक कर समाधान निकालने का आश्वासन दिया।

बैठक का संचालन संजू अग्रवाल ने किया। इस दौरान श्रीकृष्ण अग्रवाल, अनुग्रह शर्मा, अविनाश वर्मा, राजदेव उपाध्याय, प्रमोद अग्रवाल तथा झारखंड चैंबर के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष रिंकू दुबे समेत अन्य वक्ताओं ने भी अपने विचार रखे। बैठक के बाद झारखंड चैंबर और पलामू चैंबर की टीम ने क्षेत्रीय उपाध्यक्ष रिंकू दुबे के साथ सुदना औद्योगिक क्षेत्र का भ्रमण कर वहां की जर्जर स्थिति का जायजा लिया।

बैठक में विजय ओझा, राकेश सोनी, फिरोजुद्दीन अंसारी, प्रदीप कुमार बाबुल, आशीष कुमार, राजहंस अग्रवाल, सतीश साहू, संजय गुप्ता, टिंकू सिंह होरा, प्रीतिराज गुप्ता, आरती आनंद, संध्या जायसवाल, प्रियंका सिंघानिया, सुचिता अग्रवाल, गुंजन अग्रवाल, तबस्सुम, श्रेजल समेत बड़ी संख्या में चैंबर सदस्य उपस्थित थे।

# दृष्टिपात

## डेढ़ वर्ष से बंद जलमीनार और चापाकल



**मेराल।** प्रखंड के लातदाग गांव स्थित चोरपनिया टोला में विगत डेढ़ वर्ष से खराब पड़े जलमीनार और चापाकल के कारण पेयजल संकट गहरा गया है। हरिजन, आदिवासी एवं पिछड़ा वर्ग बहुल इस टोले के 25 से 30 परिवारों के करीब 100 से अधिक लोग पानी के लिए परेशान हैं। स्थिति यह है कि लोगों को चंदा कर टैंकर से पानी खरीदकर पीना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि बलराम सिंह के घर के समीप स्थित जलमीनार और चापाकल ही पूरे टोले के लिए पेयजल का मुख्य स्रोत था। इसके खराब हो जाने से लोगों को पीने के पानी से लेकर नहाने, कपड़े धोने और मवेशियों के लिए पानी की व्यवस्था करने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीण पंचम रजक ने कहा कि डेढ़ वर्ष से जलमीनार बंद है, लेकिन अब तक उसकी मरम्मत नहीं कराई गई। धर्मराज दुबे ने बताया कि स्थानीय जनप्रतिनिधियों और मुखिया से कई बार गुहार लगाई गई, लेकिन समस्या जस की तस बनी हुई है। उपेंद्र यादव और बिगन सिंह खरवार ने कहा कि मजबूरी में लोग पैसे इकट्ठा कर टैंकर से पानी खरीद रहे हैं। ग्रामीणों ने पेयजल एवं स्वच्छता विभाग तथा जिला प्रशासन से अविलंब जलमीनार और चापाकल की मरम्मत कराने की मांग की है, ताकि लोगों को पेयजल संकट से राहत मिल सके।

## मुहर्रम पर शांति व भाईचारा बनाए रखने की अपील

**खरौंधी (गढ़वा)।** आगामी मुहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने को लेकर गुरुवार को खरौंधी थाना परिसर में अंचल अधिकारी गौतम कुमार लकड़ा की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रशासनिक अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों, ताजिया कमेटियों के सदस्यों और गणमान्य लोगों ने भाग लिया। बैठक को संबोधित करते हुए सीओ गौतम कुमार लकड़ा ने कहा कि मुहर्रम त्याग, शहादत और इंसानियत का संदेश देने वाला पर्व है। इसे आपसी भाईचारे और सौहार्द के साथ मनाया जाना चाहिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि जुलूस के दौरान किसी भी प्रकार के भड़काऊ नारे, आपत्तिजनक टिप्पणी अथवा अश्लील गीतों का प्रयोग नहीं किया जाए। किसी भी असामाजिक गतिविधि की सूचना तत्काल प्रशासन और पुलिस को देने की अपील की गई। उन्होंने कहा कि मुहर्रम का जुलूस पूर्व निर्धारित मार्ग से ही निकलेगा तथा किसी को भी कानून हाथ में लेने की अनुमति नहीं दी जाएगी। थाना प्रभारी गुलशन कुमार गौतम ने कहा कि प्रत्येक ताजिया कमेटी अपने 10-10 जिम्मेदार सदस्यों का नाम प्रशासन को उपलब्ध कराएगी, ताकि पर्व के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग मिल सके। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया पर फैलने वाली अफवाहों और भड़काऊ पोस्टों पर पुलिस की कड़ी नजर रहेगी तथा दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। बैठक में राजकेश्वर प्रसाद यादव, शमसुद्दीन अंसारी, अनवर आलम, उपेंद्र कुमार दास, राजेश रजक, सतीश राम, जाकिर हुसैन, जाहिर अंसारी, सईद अंसारी, मुस्तकीम अंसारी, कलामुद्दीन अंसारी सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## नशा और साइबर ठगी से सावधान रहने का संदेश

**रंका।** झारखंड सरकार के "नशा मुक्ति झारखंड अभियान" के तहत गुरुवार को रंका पुलिस ने गोदरमाना स्थित प्लस टू हाई स्कूल परिसर में व्यापक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं और विद्यार्थियों को नशे, साइबर अपराध, अंधविश्वास तथा सामाजिक कुरीतियों के प्रति जागरूक कर नशामुक्त समाज के निर्माण के लिए प्रेरित करना था। कार्यक्रम का शुभारंभ अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (डीएसपी) रोहित रंजन सिंह, थाना प्रभारी रवि केशरी, बीआरसी संजय गुप्ता, विद्यालय प्रभारी विकास कुमार दास तथा मुखिया प्रतिनिधि शंभू गुप्ता ने संयुक्त रूप से मां सरस्वती की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर किया। डीएसपी रोहित रंजन सिंह ने कहा कि नशा व्यक्ति के स्वास्थ्य, परिवार और समाज तीनों के लिए अभिशाप है। इससे लीवर, फेफड़े सहित शरीर के कई अंग प्रभावित होते हैं तथा कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। उन्होंने कहा कि नशे के कारण अनेक परिवार आर्थिक संकट में फंस जाते हैं और बच्चों की शिक्षा भी प्रभावित होती है। उन्होंने विद्यार्थियों से नशे से दूर रहने और समाज को जागरूक करने का आह्वान किया। उन्होंने साइबर अपराध के बढ़ते मामलों पर चिंता जताते हुए कहा कि मोबाइल और इंटरनेट के इस दौर में फर्जी लिंक, लॉटरी, केवाईसी अपडेट और बैंक संबंधी संदेशों से सतर्क रहने की जरूरत है। थोड़ी सी लापरवाही जीवनभर की कमाई छीन सकती है। उन्होंने विद्यार्थियों को अंधविश्वास, जादू-टोना और भूत-प्रेत जैसी भ्रांतियों से दूर रहने की भी सलाह दी। थाना प्रभारी रवि केशरी ने बाल विवाह, साइबर अपराध और नशाखोरी जैसी सामाजिक बुराइयों के खिलाफ जागरूकता फैलाने पर बल दिया। उन्होंने सड़क सुरक्षा के प्रति सचेत करते हुए दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट पहनने और यातायात नियमों का पालन करने की अपील की। पुलिस अधिकारियों ने कहा कि किसी भी प्रकार की आपराधिक गतिविधि या आपात स्थिति में लोग 112 नंबर पर संपर्क कर सकते हैं।

### केतार में आम उत्सव सह बागवानी मेला आयोजित

# आम बागवानी से बढ़ेगी आय, मिलेगा रोजगार और मजबूत होगा पर्यावरण : बीपीओ

- किसानों और सखी मंडल की महिलाओं ने प्रदर्शित किए विभिन्न किस्मों के आम

**नवीन मेल संवाददाता**



### अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों ने प्रदर्शनी की सराहना की

मेले में लाभुक किसानों और स्वयं सहायता समूह की महिलाओं ने अपने बागानों में उत्पादित विभिन्न किस्मों के आमों की प्रदर्शनी लगाई। अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों ने उनकी सराहना करते हुए अन्य किसानों को भी बागवानी अपनाने के लिए प्रेरित किया।

**केतार।** हरित प्रदेश ग्राम योजना के तहत गुरुवार को प्रखंड कार्यालय सभागार में एक दिवसीय आम उत्सव सह बागवानी मेला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन बीपीओ आनंद कुमार रजक और मुखिया प्रमोद कुमार ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस अवसर पर बीपीओ आनंद कुमार रजक ने कहा कि आम बागवानी सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं में शामिल है, जिसका उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के नए अवसर पैदा करना तथा किसानों और महिलाओं की आय बढ़ाना है। उन्होंने कहा कि बागवानी से न केवल आर्थिक समृद्धि आएगी, बल्कि पर्यावरण संरक्षण को भी बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने किसानों और सखी मंडल की महिलाओं से योजना का अधिकाधिक लाभ उठाने का आह्वान करते हुए कहा कि इससे गांवों में रोजगार और बाजार दोनों का विस्तार होगा। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में किसान, सखी मंडल की महिलाएं, जनप्रतिनिधि तथा प्रखंडकर्मी उपस्थित थे।

## पेड़ से टकराई तेज रफ्तार कार, ग्रामीणों की सूझबूझ से टला बड़ा हादसा

**रमना।** रमना-सोनेहारा मुख्य मार्ग पर गुरुवार की सुबह एक तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर सड़क से नीचे उतर गई और पेड़ से जा टकराई। हादसे में चालक को मामूली चोटें आईं, जबकि कार का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। ग्रामीणों की तत्परता से एक बड़ा हादसा टल गया। जानकारी के अनुसार, गढ़वा थाना क्षेत्र के कोरवाडीह निवासी छोटू राम अपनी कार से रमना होते हुए सोनेहारा-डंडई की ओर जा रहे थे। इसी दौरान मांझीगांव झुरहा के पास वाहन अनियंत्रित होकर सड़क से नीचे उतर गया और पेड़ से जा भिड़ा। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। ग्रामीणों के सहयोग से चालक को सुरक्षित बाहर निकालकर प्राथमिक उपचार कराया गया।

## शोहदा-ए-कर्बला कॉन्फ्रेंस में गूंजा इंसानियत का संदेश

**श्री बंशीधर नगर।** नगर पंचायत क्षेत्र के विशुनपुर स्थित कर्बला मैदान में गुरुवार को शोहदा-ए-कर्बला कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन अल्पसंख्यक विभाग के विधायक प्रतिनिधि तस्लीम खान, सदर तौहिद खान, मोहर्रम इंतजामिया कमेटी के सदर तौवाब खान तथा सरपरस्त महमूद आलम सीनियर ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए तस्लीम खान ने कहा कि कर्बला का इतिहास त्याग, बलिदान और सत्य के लिए संघर्ष की अमर गाथा है। हजरत इमाम हुसैन और उनके साथियों की शहादत पूरी मानवता के लिए प्रेरणास्रोत है। उन्होंने लोगों से कर्बला के संदेश को जीवन में उतारते हुए इंसानियत, भाईचारे और न्याय के मार्ग पर चलने का आह्वान किया।

## दुष्कर्म और हत्या के प्रयास मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

**नवीन मेल संवाददाता**



**श्री बंशीधर नगर।** नगर ऊंटारी थाना क्षेत्र के जमुआ गांव में एक बुजुर्ग महिला के साथ दुष्कर्म और हत्या के प्रयास के मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। जानकारी के अनुसार, नगर ऊंटारी थाना कांड संख्या 134/2026, दिनांक 17 जून 2026 के तहत दर्ज प्राथमिकी के आधार पर पुलिस ने जमुआ गांव निवासी लल्लू राम उर्फ लल्लू कुमार (26) और उमाशंकर राम उर्फ उमाशंकर कुमार (27) को गिरफ्तार किया है। दोनों पर लगभग 50 वर्षीय महिला के साथ दुष्कर्म करने, मारपीट कर उसे मृत समझने तथा साक्ष्य मिटाने की नीयत से नदी किनारे फेंक देने का आरोप है। घटना 16 जून की रात की बताई जा रही है। पीड़िता की बहू की लिखित शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू की। मामले की गंभीरता को देखते हुए थाना प्रभारी उपेंद्र कुमार के नेतृत्व में विशेष टीम का गठन किया गया। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए 24 घंटे के भीतर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। घटना के बाद क्षेत्र में आक्रोश का माहौल था। पुलिस ने कहा कि मामले की जांच जारी है और दोषियों के खिलाफ कानून के अनुसार कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### नगर ऊंटारी पुलिस ने विद्यालय में चलाया जागरूकता अभियान

## नशा समाज को खोखला कर रहा, युवा रहें सतर्क : थाना प्रभारी

**नवीन मेल संवाददाता**




**श्री बंशीधर नगर।** नगर ऊंटारी थाना पुलिस ने गुरुवार को स्थानीय प्लस टू हाईस्कूल में जागरूकता अभियान चलाकर छात्र-छात्राओं को नशामुक्ति, दहेज प्रथा, महिला उत्पीड़न, बाल विवाह, सड़क सुरक्षा तथा डायल-112 की उपयोगिता के संबंध में जानकारी दी। अभियान का नेतृत्व थाना प्रभारी उपेंद्र कुमार ने किया। उन्होंने कहा कि नशा व्यक्ति, परिवार और समाज को धीरे-धीरे खोखला कर देता है। युवाओं में बढ़ती नशे की प्रवृत्ति चिंता का विषय है। कई युवा शौक या मित्रों के दबाव में इसकी गिरफ्त में आ जाते हैं और बाद में इससे बाहर निकलना कठिन हो जाता है। उन्होंने कहा कि नशे के कारण मानसिक, शारीरिक और आर्थिक क्षति होती है तथा परिवारों में तनाव और अपराध बढ़ते हैं। विद्यार्थियों से स्वयं नशे से दूर रहने और दूसरों को भी जागरूक करने की अपील की गई। सड़क सुरक्षा पर उन्होंने कहा कि तेज गति, शराब पीकर वाहन चलाना और मोबाइल का इस्तेमाल दुर्घटनाओं के प्रमुख कारण हैं। उन्होंने 'सावधानी हटी, दुर्घटना घटी' का संदेश देते हुए यातायात नियमों के पालन पर बल दिया। बाल विवाह को सामाजिक कुरीति और कानूनी अपराध बताते हुए उन्होंने कहा कि बच्चों का स्थान स्कूल है, मंडप नहीं। कहीं भी बाल विवाह की सूचना मिलने पर पुलिस या चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 को सूचित करने की अपील की। इस दौरान दहेज प्रथा, महिला सुरक्षा तथा डायल-112 की उपयोगिता पर भी विस्तार से जानकारी दी गई। कार्यक्रम में प्रधानाध्यापक वीरेंद्र कुमार पांडेय समेत शिक्षक एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद थे।

## योग दिवस को लेकर विद्यालयों में उत्साह छात्रों ने किया सामूहिक योगाभ्यास

**नवीन मेल संवाददाता**

**खरौंधी (गढ़वा)।** आगामी 21 जून को आयोजित होने वाले अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को लेकर खरौंधी प्रखंड के विद्यालयों में तैयारियां तेज हो गई हैं। विद्यार्थियों को योग के प्रति जागरूक करने और कार्यक्रम की सफलता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से विभिन्न स्कूलों में नियमित योगाभ्यास कराया जा रहा है। गुरुवार को उत्क्रमित मध्य विद्यालय मझिगावां में प्रधानाध्यापक कामेश्वर प्रसाद सिंह के नेतृत्व में विद्यार्थियों ने विभिन्न योगासन और प्राणायाम का अभ्यास किया। इस दौरान बच्चों को योग के शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक लाभों की जानकारी भी दी गई। इसी क्रम में उत्क्रमित मध्य विद्यालय सुंडी में गोविंद उरांव, पिपरी में अरविंद साह, कूपा में जितेंद्र सिंह तथा कोसलिबार में अमरेश राम के नेतृत्व में योगाभ्यास कार्यक्रम आयोजित किया गया।

## पुणे में प्रवासी मजदूर की संदिग्ध मौत से आक्रोश, निष्पक्ष जांच की मांग

**रंका।** कंचनपुर पंचायत के रंका खुर्द गांव निवासी प्रवासी मजदूर सुखाड़ी भुइयां (40) की महाराष्ट्र के पुणे में संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत को लेकर परिजनों और ग्रामीणों में आक्रोश है। परिजनों ने कंपनी प्रबंधन और स्थानीय ठेकेदार पर घटना की वास्तविकता छिपाने का आरोप लगाया है। परिजनों के अनुसार सुखाड़ी भुइयां परिवार के भरण-पोषण के लिए पुणे में मजदूरी करने गए थे। वहीं एक कंपनी में काम करने के दौरान उनकी मौत हो गई।


## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, चतरा

### ई-निविदा आमंत्रण सूचना

डी0एम0एफ0टी0 मद से चतरा जिलान्तर्गत स्वीकृत निम्नांकित योजनाओं के क्रियान्वयन हेतु ग्रामीण विकास विभाग (ग्रामीण कार्य मामले), झारखण्ड सरकार द्वारा समुचित श्रेणी के निबंधित संवेदको से एकल लिफाफा/द्वि (Two) लिफाफा पद्धति के अंतर्गत निविदा आमंत्रित की जाती है।

ई–निविदा सूचना संख्या :– RDD/SD/CHATRA/17/2026-27

1. कार्य की विस्तृत विवरणी :–

| ग्रुप० सं० | प्रखण्ड | पंचायत | ग्राम | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि | लिफाफा पद्धति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Mayurhand | Pandani | Mayapur | Construction of PCC Road From H/O Sanjay Rana to Sonpura Kala Vill.-Mayapur. | 9817300 | 196400 | 10000 | 3 माह | द्वि (Two) |
| 2. | Mayurhand | Manjhgawan | Manjhgawan | Construction of PCC Road &Guardwall From the H/O Santosh Sing. | 6433000 | 128700 | 10000 | 3 माह | द्वि (Two) |
| 3. | Mayurhand | Manjhgawan | Manjhgawan | Babulal Prajapati Ke Ghar se Naresh Singh Ke Ghar Hote Hue Ashok Singh Ke Ghar Tak PCC Path Nirman. | 4087700 | 81800 | 5000 | 3 माह | एकल |

2. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि–23.06.2026
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय –दिनांक–23.06.2026 से दिनांक–02.07.2026 के अपराह्न 05:00 बजे तक
4. ई–निविदा खोलने का स्थान–कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, चतरा।
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय –04.07.2026 अपराह्न 02:00 बजे
6. ई–निविदा आमंत्रित करनेवाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :–कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, चतरा।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं०– 9431060939 (संबंधित कार्यपालक अभियंता का दूरभाष नम्बर)
8. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है, तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बन्द कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, चतरा

PR 382708 Rural Development (26-27)_D

## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, चतरा

### ई–निविदा आमंत्रण सूचना

जिला अनावद्ध निधि से चतरा जिलान्तर्गत निम्नांकित योजना के क्रियान्वयन हेतु ग्रामीण विकास विभाग (ग्रामीण कार्य मामले), झारखण्ड सरकार द्वारा समुचित श्रेणी के निबंधित संवेदको से एकल लिफाफा पद्धति के अंतर्गत निविदा आमंत्रित की जाती है।

**ई–निविदा सूचना संख्या :– RDD/SD/CHATRA/18/2026-27**

**1.कार्य की विस्तृत विवरणी :–**

| ग्रुप० सं० | प्रखण्ड | पंचायत | ग्राम | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि | लिफाफा पद्धति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Chatra | Ward N0.08 | Ward N0.08 | Construction of Jan Suvidha Kendra Near Nagar Parishad Park Chhatra College Road | 2495400 | 50000 | 5000 | 03 माह | एकल |

2. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 24.06.2026
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – दिनांक–24.06.2026 से दिनांक–29.06.2026 के अपराह्न 05:00 बजे तक
4. ई–निविदा खोलने का स्थान– कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, चतरा।
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय – 01.07.2026 अपराह्न 02:00 बजे
6. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, चतरा।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 9431060939 (संबंधित कार्यपालक अभियंता का दूरभाष नम्बर)
8. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है, तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बन्द कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल,चतरा

**PR 382711 Rural Development(26-27).D**

## प्राचार्य, मेदिनीराय चिकित्सा महाविद्यालय का कार्यालय पलामू

### निविदा आमत्रंण सूचना (NIT)

ई0–निविदा संख्या– 01/2026–27

मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज, पलामू के लिए चालु वर्ष 2026–27 में पुस्तक क्रय हेतु प्रकाशक/ अधिकृत विक्रेता/ प्रतिष्ठान, एजेंसियों से ई0 निविदा दिनांक 22.06.2026 के अपराह्न 5:00 बजे से आमंत्रित किया जाता है।

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | चिकित्सा पुस्तक का दर अनुमोदन हेतु। |
|---|---|---|
| 1 | बेवसाइट (www.jharkhandtenders.gov.in) पर ई0–निविदा प्रकाशित होने की तिथि | दिनांक 22.06..2026 |
| 2 | ई0–निविदा बेवसाईट पर निविदा Online Submission प्रारम्भ की तिथि | 22.06.2026 TIME- 5 P.M. |
| 3 | ई0–निविदा अपलोड़ करनें की अंतिम तिथि एवं समय | 15.07.2026, TIME- 6 P.M. |
| 4 | ई0–निविदा खोलने का तिथि, समय एवं स्थल | 17.07.2026 को प्राचार्य कार्यालय प्रकोष्ठ, 2.30 P.M |
| 5 | ई0–निविदा आमंत्रित करने वाले का नाम एवं पता | प्राचार्य, मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज, पलामू, पोखराहा,पलामू (झारखण्ड) 822118 |
| 6 | अग्रधन की राशि Online (www.jharkhandtenders.gov.in) के माध्यम से देय होगा। | 20000.00(बीस हजार) |
| 7 | हेल्पलाइन (ई0–निविदा से संबंधित जानकारी के लिये) मोबाईल नं0 | 8789186865 |

उक्त अंकित निहित समय तथा तिथि पर निविदा, क्रयसमिति द्वारा तकनीकी भाग खोलते समय निविदाकर्त्ता अथवा उनके द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधि उपस्थित रह सकते हैं। निविदाओं के तकनीकी मूल्याकंन के पश्चात् ही सफल निविदादाताओं का मूल्य भाग खोला जाएगा।

नोट :– क्रय किये जाने वाले पुस्तक ई0–निविदा की शर्ते आदि की जानकारी jharkhnadtenders.gov.in पर देखी/से अपलोड़ किया जा सकता है।

प्राचार्य
मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज, पलामू

PR 382681 District (26-27)_D

## उपायुक्त का कार्यालय, चतरा।

### जिला बाल संरक्षण इकाई

(विकास भवन, द्वितीय तल्ला, Email Id– dcpschatra@gmail.com)

सहायक व्यक्ति (Support Person) के चयन से संबंधित सूचना–

महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग, झारखण्ड रॉची का अधिसूचना संख्या–2685 दिनांक–24.10.2024 के आलोक में लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012 (POCSO) एवं नियम 2020 के अंतर्गत सहायक व्यक्तियों (Support Person) के पैनल के निर्माण के उद्देश्य से PR No-377569 दिनांक–17.04.2026 के माध्यम से दैनिक समाचार पत्रों में विज्ञापन प्रकाशित किया गया था। योग्य अभ्यर्थियों के चयन हेतु साक्षात्कार दिनांक–03.06.2026 को आयोजित की गई थी।

तदोपरांत जिला स्तरीय चयन समिति के द्वारा औपबंधिक रूप से चयनित अभ्यर्थियों की सूची तैयार की गई है, जिसे जिला के आधिकारिक वेबसाइट एवं जिला बाल संरक्षण इकाई कार्यालय चतरा के सूचना पट्ट पर प्रकाशित की गई है। उक्त औपबंधिक रूप से चयनित अभ्यर्थी एक सप्ताह के अंदर, अपना योगदान जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी, चतरा के समक्ष देना सुनिश्चित करेंगे। सात कार्य दिवसो के अंदर योगदान नहीं किए जाने पर आपकी नियुक्ति स्वतः रद्द मानी जाएगी एवं भविश्य में किसी प्रकार का दावा मान्य नही होगा।

पैनल में औपबंधिक रूप से चयनित सहायक व्यक्ति योगदान के 30 के दिनों के अंदर स्नातक एवं स्नातकोत्तर (जो लागू हो) का मूल प्रमाण पत्र एवं छायाप्रति जिला बाल संरक्षण इकाई कार्यालय चतरा में अनिवार्य रूप से उपलब्ध करायेंगे साथ ही जिला के पुलिस अधीक्षक के स्तर से निर्गत चरित्र/आचरण प्रमाण पत्र भी उपलब्ध करायेंगे अन्यथा आपका चयन स्वतः रद्द माना जाएगा।

सहायक निदेशक, सा0सु0, चतरा।

PR 382705 Women, Child Development & Social Security(26-27)D

## झारखण्ड सरकार
### श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग
### जिला नियोजनालय–सह–मॉडल कैरियर सेंटर, पलामू

### भर्ती कैम्प सूचना

जिला नियोजन (रोजगार) कार्यालय, पलामू के द्वारा बेरोजगार अभ्यर्थियों को नियोजनालय, पलामू के कार्य योजनाओं एवं गतिविधियों से संबंधित जागरूकता सेमिनार के आयोजन के साथ ही निजी क्षेत्र में रोजगार का अवसर सुगमता से प्रदान करने हेतु दिनांक–20/06/2026 दिन शनिवार को जिला नियोजनालय परिसर, डालटनगंज में 10:30 बजे (पूर्वा0) से 3:00 बजे (अप0) तक जागरुकता सेमिनार–सह–भर्ती कैम्प का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें निम्न नियोजकों के द्वारा उपस्थित रहने की सहमति जताई है :–

| S. No | Company Name | Name of the Post | No. of Vacancy | Qualification | Age | Salary | Place of Work |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 5 | 6 | 7 | | 9 |
| 1 | Svatantra Microfin Ltd. | SFO | 50 | 10th, 12th, ITI | 18-28 | 12,770/- | Jharkhand |
| 2 | Terrier Security Services India Pvt. Ltd. | Security Guard | 150 | 10th Pass | 18-40 | 17000-23000 | Pan India |

जागरूकता सेमिनार–सह–भर्ती कैम्प में भाग लेने हेतु इच्छुक आवेदक अपना बायोडाटा, सभी शैक्षणिक–प्रशैक्षणिक प्रमाण–पत्र, आधारकार्ड, 2 पासपोर्ट साईज का फोटो, नियोजनालय का निबंधन कार्ड एवं स्थानीय निवासी प्रमाण–पत्र (न्यूनतम अंचलाधिकारी द्वारा निर्गत) के साथ जागरूकता सेमिनार–सह–भर्ती कैम्प में भाग लें। इस रिक्तियों के विरूद्ध भर्ती कैम्प के लिए सीधे नियोजक उत्तरदायी है। नियोजनालय एवं विभाग मात्र सुविधा प्रदाता के रूप में कार्य करती है। जागरूकता सेमिनार–सह–भर्ती कैम्प में भाग लेने के लिए किसी प्रकार का यात्रा भत्ता देय नहीं है।

नोट :– रिक्ति से संबंधित विशेष जानकारी हेतु जिला नियोजन कार्यालय, पलामू से सम्पर्क कर सकते हैं।

जिला नियोजन पदाधिकारी
पलामू

PR 382685 (District)26-27*D

## दृष्टिपात

### बैद्यनाथ राम के राज्यसभा सांसद निर्वाचित होने पर अनीता देवी ने दी बधाई



**लातेहार।** पूर्व मंत्री बैद्यनाथ राम के राज्यसभा सांसद निर्वाचित होने पर जिला परिषद लातेहार की उपाध्यक्ष अनीता देवी ने उन्हें हार्दिक बधाई एवं सफल कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि बैद्यनाथ राम के लंबे राजनीतिक अनुभव और नेतृत्व क्षमता का लाभ अब देश और राज्य को राज्यसभा में मिलेगा। उन्होंने विश्वास जताया कि वे लातेहार समेत पूरे झारखंड के विकास तथा जनहित से जुड़े मुद्दों को संसद के उच्च सदन में प्रभावी ढंग से उठाएंगे। अनीता देवी ने कहा कि बैद्यनाथ राम का राज्यसभा के लिए निर्वाचित होना क्षेत्र के लिए गौरव की बात है। उनके संसदीय कार्यकाल से राज्य के विकास को नई दिशा मिलेगी तथा आम लोगों की आकांक्षाओं को मजबूती मिलेगी।

### पुलिस की सक्रियता से चोरी के दो मवेशी बरामद, चोरों की तलाश में छापेमारी जारी

**गिद्धौर (चतरा)।** गिद्धौर पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए मवेशी चोरी के मामले का त्वरित खुलासा करते हुए चोरी के दो मवेशियों को सुरक्षित बरामद कर लिया है। दोनों मवेशी हजारीबाग जिले के पेलावल ओपी क्षेत्र अंतर्गत खुटरा गांव से बरामद किए गए। इसकी जानकारी थाना प्रभारी पुरुषोत्तम अग्निहोत्री ने दी। उन्होंने बताया कि बीते मंगलवार की रात सिंदुआरी गांव निवासी भोला दांगी ने मवेशी चोरी को लेकर गिद्धौर थाना में लिखित आवेदन दिया था। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने जांच शुरू की और गुप्त सूचना के आधार पर पेलावल ओपी पुलिस के सहयोग से छापेमारी अभियान चलाया। काफी मशक्कत के बाद चोरी के दोनों मवेशियों को सुरक्षित बरामद कर लिया गया। थाना प्रभारी ने बताया कि इस मामले में शामिल चोरों की पहचान की जा रही है। उनकी गिरफ्तारी के लिए लगातार संभावित ठिकानों पर छापेमारी की जा रही है और जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। गौरतलब है कि मंगलवार देर रात अज्ञात चोरों ने सिंदुआरी गांव निवासी भोला दांगी तथा ब्रह्मपुर मोड़ गांव निवासी सीताराम साव के एक-एक मवेशी की चोरी कर ली थी। पुलिस की त्वरित कार्रवाई से दोनों पशुपालकों को राहत मिली है।

### 'या हुसैन कमेटी' का पुनर्गठन, आपसी भाईचारे और सौहार्दपूर्ण माहौल में पर्व मनाने का लिया संकल्प



**बरवाडीह।** आगामी मोहर्रम पर्व की तैयारियों को लेकर प्रखंड मुख्यालय के मस्जिद मोहल्ला स्थित रेलवे कॉलोनी में 'या हुसैन कमेटी' का पुनर्गठन किया गया। इस अवसर पर मस्जिद मोहल्ला एवं रेलवे कॉलोनी से बड़ी संख्या में स्थानीय लोग उपस्थित रहे। बैठक में सर्वसम्मति से मोहसिन इकबाल को कमेटी का सदर, मोहाफिज आलम को नायब सदर, मो. जरीफ उर्फ संटू को नायब सचिव, मोहम्मद मुख्तार को खजांची तथा अजीजुर रहमान को मस्जिद नायब सदर चुना गया। नई कमेटी के गठन के बाद उपस्थित लोगों ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का पगड़ी पहनाकर सम्मान किया और उन्हें शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर कमेटी के सदस्यों ने कहा कि मोहर्रम का पर्व शांति, अनुशासन और भाईचारे का संदेश देता है। उन्होंने सभी लोगों से आपसी सौहार्द और सामाजिक सद्भाव के साथ मोहर्रम मनाने की अपील की। साथ ही पर्व को शांतिपूर्ण एवं गरिमामय ढंग से संपन्न कराने के लिए सभी समुदायों के सहयोग की आवश्यकता पर बल दिया। बैठक में गुलाम असगर, मोहम्मद साबिर, मोहम्मद मुमताज अंसारी, शाहिद अंसारी सहित बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौजूद थे।

### 30 जून तक करा लें गैस कनेक्शन का केवाईसी, नहीं तो बंद हो सकती है सब्सिडी

**बालूमाथ।** पुलिस अनुमंडल क्षेत्र के बारियातू प्रखंड मुख्यालय स्थित प्रिंस भारत गैस ग्रामीण वितरक के संचालक मुंशी साव ने सभी गैस उपभोक्ताओं से 30 जून 2026 तक अनिवार्य रूप से केवाईसी (नो योर कस्टमर) प्रक्रिया पूरी करने की अपील की है। उन्होंने बताया कि निर्धारित तिथि तक केवाईसी नहीं कराने वाले उपभोक्ताओं को जुलाई माह से मिलने वाली गैस सब्सिडी से वंचित होना पड़ सकता है। मुंशी साव ने बताया कि भारत पेट्रोलियम के निर्देशानुसार उपभोक्ताओं के सत्यापन और व्यवस्था में पारदर्शिता बनाए रखने के उद्देश्य से यह अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत आधार कार्ड, मोबाइल नंबर एवं अन्य आवश्यक दस्तावेजों का सत्यापन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि एजेंसी के कर्मचारी विभिन्न क्षेत्रों में जाकर भी उपभोक्ताओं का केवाईसी कार्य कर रहे हैं, लेकिन अभी भी बड़ी संख्या में लाभुकों ने यह प्रक्रिया पूरी नहीं की है। ऐसे उपभोक्ताओं से अपील की गई है कि अंतिम तिथि का इंतजार किए बिना जल्द एजेंसी पहुंचकर या क्षेत्र में भ्रमण कर रहे कर्मियों के माध्यम से अपना केवाईसी पूरा करा लें। मुंशी साव ने कहा कि केवाईसी की प्रक्रिया बेहद सरल है। उपभोक्ता आधार कार्ड, गैस उपभोक्ता संख्या और पंजीकृत मोबाइल नंबर के साथ एजेंसी पहुंचकर आसानी से यह कार्य करा सकते हैं। वहीं, साल्वे पंचायत के मुखिया सह मुखिया संघ अध्यक्ष राजीव भगत ने भी क्षेत्र के सभी गैस उपभोक्ताओं से निर्धारित समय-सीमा के भीतर केवाईसी कराने की अपील की। उन्होंने कहा कि सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ निरंतर प्राप्त करने के लिए आवश्यक है कि लाभुक समय पर सभी आवश्यक औपचारिकताएं पूरी करें। उन्होंने लोगों से स्वयं जागरूक होने के साथ-साथ अन्य ग्रामीणों को भी केवाईसी के प्रति जागरूक करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि समय पर केवाईसी नहीं कराने की स्थिति में गैस सब्सिडी बंद होने की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता।

# न्यायालयीन मामलों में समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित करें : उपायुक्त

- **वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से लंबित वादों और प्रति शपथ पत्रों की हुई समीक्षा**

नवीन मेल संवाददाता




**लातेहार।** उपायुक्त संदीप कुमार की अध्यक्षता में गुरुवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से विधि शाखा से संबंधित मामलों की समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में उच्च न्यायालय एवं उच्चतम न्यायालय में लंबित विभिन्न मामलों की विभागवार समीक्षा की गई तथा प्रति शपथ पत्र (काउंटर एफिडेविट) दाखिल करने की स्थिति का विस्तृत आकलन किया गया।

उपायुक्त ने संबंधित विभागों से लंबित मामलों की अद्यतन जानकारी प्राप्त की और जिन मामलों में अब तक प्रति शपथ पत्र दाखिल नहीं किया गया है, उनकी विशेष समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्धारित समय सीमा के भीतर लंबित प्रति शपथ पत्र तैयार कर न्यायालय में प्रस्तुत करने का निर्देश दिया।

उपायुक्त संदीप कुमार ने कहा कि न्यायालयीन मामलों में समयबद्ध कार्रवाई एवं प्रभावी पैरवी सुनिश्चित करना सभी विभागों की जिम्मेदारी है। उन्होंने न्यायालय से प्राप्त आदेशों, नोटिसों एवं अन्य पत्राचार का गंभीरता से अनुपालन करने तथा किसी भी स्तर पर लापरवाही नहीं बरतने के निर्देश दिए।

उन्होंने सभी विभागों को विधि शाखा के साथ बेहतर समन्वय स्थापित करने तथा लंबित मामलों के त्वरित निष्पादन के लिए आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा। साथ ही न्यायालयीन मामलों की नियमित मॉनिटरिंग कर विभागीय जवाबदेही तय करने का भी निर्देश दिया।

बैठक में जिला स्तरीय पदाधिकारी, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ) एवं अंचल अधिकारी (सीओ) वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से शामिल हुए।

## आकांक्षा प्रवेश परीक्षा में सफल हुई स्वीटी कुमारी

नवीन मेल संवाददाता



- **मैट्रिक में प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण छात्रा का राज्यस्तरीय चयन, विद्यालय में खुशी का माहौल**

**मयूरहंड (चतरा)।** प्रखंड क्षेत्र के माध्यमिक शिशु शिक्षा निकेतन, जाखंड की छात्रा स्वीटी कुमारी ने झारखंड सरकार की आकांक्षा प्रतियोगी परीक्षा में सफलता प्राप्त कर विद्यालय और जिले का नाम रोशन किया है। स्वीटी कुमारी कदगांवकला गांव निवासी अक्षय कुमार राम की पुत्री हैं। सत्र 2025-26 की मैट्रिक परीक्षा में उन्होंने 437 अंक प्राप्त कर प्रथम श्रेणी से सफलता हासिल की थी। विद्यालय की मेधावी छात्र प्रोत्साहन परंपरा के तहत उन्हें एक हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि भी प्रदान की जाएगी। इस वर्ष आयोजित आकांक्षा प्रवेश परीक्षा में राज्यभर से कुल 50 छात्र-छात्राओं का चयन हुआ, जिसमें चतरा जिले से स्वीटी कुमारी का चयन हुआ है। विद्यालय से शिक्षा प्राप्त कर हजारों छात्र विभिन्न सरकारी विभागों में कार्यरत हैं। विद्यालय शिक्षा के क्षेत्र में लगातार नए आयाम स्थापित कर रहा है। विद्यालय के निदेशक विनय कुमार सिंह, प्राचार्य निर्मल कुमार सिंह तथा सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं ने छात्रा को बधाई देते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

## आधी रात बाजार में घुसा जंगली हाथी झोपड़ी और कार को पहुंचाया नुकसान

- **बेलटोली में बैल को मार डाला, वन विभाग की टीम रातभर रही मुस्तैद**

नवीन मेल संवाददाता




**महुआडांड़ (लातेहार)।** प्रखंड मुख्यालय महुआडांड़ में गुरुवार देर रात एक जंगली हाथी के बाजार क्षेत्र में प्रवेश कर जाने से अफरा-तफरी मच गई। रात करीब एक से दो बजे के बीच जंगल से भटककर हाथी मुख्य बाजार पहुंच गया। संयोगवश उस समय बिजली आपूर्ति बाधित थी, जिससे लोगों को हाथी की सटीक स्थिति की जानकारी नहीं मिल पा रही थी। सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम सक्रिय हो गई और हाथी को आबादी क्षेत्र से बाहर निकालने के प्रयास में जुट गई। इस दौरान हाथी ने शिव मंदिर के समीप स्थित एक ग्राहक सेवा केंद्र के बाहर बनी झोपड़ी को क्षतिग्रस्त कर दिया। वहीं, पास में खड़ी एक मारुति कार के शीशे भी तोड़ दिए। इसके बाद हाथी राजडंडा गांव होते हुए बेलटोली पहुंचा, जहां इसदोर तिर्की के एक बैल पर हमला कर उसे अपने दांतों से मार डाला। बाद में हाथी पुनः जंगल की ओर लौट गया। वन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि हाथी की गतिविधियों पर लगातार नजर रखी जा रही है। आसपास के गांवों के लोगों को सतर्क रहने तथा रात में अनावश्यक रूप से घरों से बाहर नहीं निकलने की सलाह दी गई है। हाथी के आबादी क्षेत्र में प्रवेश से ग्रामीणों में दहशत का माहौल है।

## कक्षा में पढ़ाई के दौरान गिरा छत का प्लास्टर, तीन छात्राएं घायल

नवीन मेल संवाददाता

**चंदवा।** प्रखंड की लाधुप पंचायत अंतर्गत दूधीमाटी स्थित राजकीयकृत उत्क्रमित मध्य विद्यालय में बुधवार को बड़ा हादसा होते-होते टल गया। लंच ब्रेक के दौरान कक्षा में बैठी छात्राओं के ऊपर अचानक छत का प्लास्टर गिर गया, जिससे तीन बच्चियां घायल हो गईं। घटना के बाद विद्यालय परिसर में अफरा-तफरी मच गई। घायल छात्राओं में अनुप्रिया कुमारी, दीपिका कुमारी और गीता कुमारी शामिल हैं। तीनों कक्षा एक और दो की छात्राएं हैं। प्लास्टर गिरने से उन्हें हल्की चोटें आईं। विद्यालय प्रबंधन ने तत्परता दिखाते हुए सभी बच्चियों को प्राथमिक उपचार के लिए कुडू अस्पताल पहुंचाया। घटना की सूचना मिलते ही पंचायत समिति सदस्य बुधन गंझू विद्यालय पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। चिकित्सकों के अनुसार सभी छात्राएं खतरे से बाहर हैं। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने विद्यालय भवन की जर्जर स्थिति पर चिंता जताई है। ग्रामीणों का कहना है कि समय पर भवन की मरम्मत नहीं होने के कारण बच्चों की सुरक्षा खतरे में पड़ गई है। उन्होंने शिक्षा विभाग से विद्यालय भवन की अविलंब मरम्मत कराने तथा भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए आवश्यक कदम उठाने की मांग की है।


### कार्यालय- नगर पंचायत, श्री बंशीधर नगर

**आम सूचना**

नगर पंचायत, श्री बंशीधर नगर के सभी शहरी फुटपाथ विक्रेताओं को सूचित किया जाता है कि PMSVANidhi योजनाओं के तहत् 01 जून से 30 जून 2026 तक नगर पंचायत क्षेत्रांतर्गत ''लोक कल्याण मेला'' का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें पथ विक्रेताओं को अपने रोजगार को बढ़ावा देने हेतु कम दरों पर बिना किसी गारंटी के प्रथम ऋण के रूप में 15000.00 रूपये, द्वितीय ऋण के रूप में 25000.00 रूपये एवं तृतीय ऋण के रूप 50000.00 रूपये का ऋण बैंको से दिलवाया जा रहा है। साथ ही ऋण प्राप्त पथ विक्रेताओं को कुल आठ प्रकार की याजनाओं जैसे की ''प्रधानमंत्री जीवन ज्योति योजना, जीवन सुरक्षा बीमा योजना, जननी सुरक्षा बीमा योजना, जन–धन योजना, प्रधानमंत्री मातृ वंदना बीमा योजना, BOCW अंतर्गत निबंधन, One nation One Ration Card योजना एवं रूपये कार्ड'' आदि से योग्य पथ विक्रेताओं को जोड़ा जा रहा है। ऋण प्राप्त लाभूकों का Socio Economic Profiling किया जा रहा है एवं समय पर ऋण चुकाने वाले पथ विक्रेताओं को UPI Link Credit Card की सुविधाओं से जोड़ा जा रहा है।

अतः सभी इच्छुक पथ विक्रेता जल्द से जल्द नगर पंचायत, श्री बंशीधर नगर के द्वारा लगाये जा रहे कैम्पों में पहुंच कर योजनाओं का लाभ उठाये।

कार्यपालक पदाधिकारी,
नगर पंचायत, श्री बंशीधर नगर

PR 382724 Urban Development (26-27)_D


## आजादी के 79 साल बाद भी अंधेरे में बोंगाठ गांव

- **छह माह पहले लगाए गए बिजली के तार चोरी, सड़क और बिजली जैसी बुनियादी सुविधाओं से वंचित हैं ग्रामीण**

नवीन मेल संवाददाता



**बारियातू।** प्रखंड के बारिखाप गांव से पश्चिम दिशा में लगभग एक किलोमीटर दूर स्थित बोंगाठ गांव का आदिवासी टोला आज भी सड़क और बिजली जैसी बुनियादी सुविधाओं से वंचित है। 12 से 15 परिवारों वाले इस टोले के ग्रामीण मूलभूत सुविधाओं के अभाव में जीवन यापन करने को मजबूर हैं।

**छह माह पहले लगाए गए थे खंभे और तार :** ग्रामीणों के अनुसार लंबे समय से मांग के बाद करीब छह माह पूर्व गांव तक बिजली पहुंचाने के लिए खंभे और 11 हजार वोल्ट के तार लगाए गए थे। लेकिन विभागीय उदासीनता और संवेदक की लापरवाही के कारण बिजली आपूर्ति शुरू नहीं हो सकी। इसी बीच अज्ञात चोरों ने बारिखाप अस्पताल के समीप से बोंगाठ गांव तक लगाए गए अधिकांश बिजली तार की चोरी कर ली। ग्रामीणों का कहना है कि समय रहते बिजली आपूर्ति शुरू कर दी गई होती तो संभवतः यह घटना नहीं होती।

**पगडंडी के सहारे गांव पहुंचते हैं लोग :** बोंगाठ गांव तक पहुंचने के लिए आज भी ग्रामीणों को करीब एक किलोमीटर पगडंडी के रास्ते से आना-जाना पड़ता है। बरसात के दिनों में स्थिति और भी कठिन हो जाती है। सड़क नहीं होने के कारण मरीजों, बुजुर्गों और बच्चों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

**बिजली के अभाव में प्रभावित हो रही पढ़ाई :** ग्रामीण सुधान उरांव, सुधीर उरांव, सुजीत उरांव, कर्मी देवी, झूबन देवी, अशो देवी, दसु उरांव, उमेश उरांव, प्रदीप उरांव, बुधन उरांव, सुनीता देवी, लालजी उरांव, बिफिया मसोमात और जहरी मसोमात समेत अन्य लोगों ने बताया कि बिजली नहीं होने से बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है और शाम ढलते ही पूरा गांव अंधेरे में डूब जाता है।

**हाथियों के आतंक से भी परेशान हैं ग्रामीण :** ग्रामीणों के अनुसार गांव के आसपास का क्षेत्र जंगली हाथियों का कॉरिडोर है। हाथियों का झुंड कई बार गांव में प्रवेश कर घरों को नुकसान पहुंचा चुका है। उनका कहना है कि यदि गांव में बिजली और पर्याप्त रोशनी होती तो हाथियों की गतिविधियों की जानकारी पहले मिल जाती और लोग समय रहते सतर्क हो सकते थे।

**उपायुक्त से लगाई गुहार :** ग्रामीणों ने जिला प्रशासन और उपायुक्त से बोंगाठ गांव में शीघ्र बिजली आपूर्ति बहाल करने, चोरी हुए तारों को पुनः लगाने तथा गांव तक सड़क निर्माण कराने की मांग की है। उनका कहना है कि आजादी के दशकों बाद भी गांव का बुनियादी सुविधाओं से वंचित रहना विकास के दावों पर सवाल खड़ा करता है।


### कार्यालय जिला परिषद, पलामू
Email:- zilaparishad.palamu@gmail.com

**दुकान आवंटन हेतु आम डाक सूचना**

एतद् द्वारा निम्नांकित प्रखण्ड में अवस्थित जिला परिषद, पलामू के स्वामित्व अन्तर्गत रिक्त दुकान के आम डाक के माध्यम से आवंटन हेतु पलामू जिले के इच्छुक व्यक्तियों से विहित प्रपत्र में आवेदन पत्र आमंत्रित किया जाता है :–

| क्र. | प्रखण्ड | | रिक्त दुकान सं0 | कुल रिक्त दुकान | मासिक किराया दर प्रति दुकान (रूपये में) | जमानत की राशि (रूपये में) | डाक की न्यूनतम राशि (Non Refundable) (रूपये में) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | बिश्रामपुर | भूतल | D-10, D-17 | 02 | 700.00 | 25000.00 | 50000.00 |
| 2 | छतरपुर | भूतल | C-08 | 01 | 865.00 | 25000.00 | 50000.00 |
| 3 | मनातू | प्रथम तल | A-20, A-21, A-22, A-23, A-24, A-25, A-26, A-27, A-28, A-29, A-30, A-31, A-32 | 13 | 500.00 | 25000.00 | 50000.00 |
| 4 | हरिहरगंज | भूतल | A-06, A- 07, A-12 | 03 | 480.00 | 25000.00 | 50000.00 |
| 5 | नावाबाजार | भूतल | B-04, C-01, C-02, C -03, C-04, C-05, C-06, C-07, C-08, C-09, C-10, C-11, C-12, C-13, C-14, C-15, C-16, C-17, C-18, C-19, C-20, C-21, C-22, C-23 | 24 | 700.00 | 25000.00 | 50000.00 |
| 6 | हुसैनाबाद | प्रथम तल | E-01 | 01 | 960.00 | 25000.00 | 50000.00 |
| 7 | मोहम्मदगंज | प्रथम तल | G-17, G-18, G-19, G-20, G-21, G-22, G-23, G-24, G-25, G-26, G-27, G-28, G-29, G-31, G-32, G-33, G-34, G-35, G-36, G-37, G-38 | 21 | 600.00-1190.00 (*) | 25000.00 | 50000.00 |
| | | भूतल | A-08, A-09, A-10, A-11, A-12, A-13, A-14, A-15, A-16, B-08, B-09, B-10, B-11, B-12, B-13, B-14, B-15, B-16 | 18 | 400.00 | 25000.00 | 50000.00 |
| 8 | तरहसी | भूतल | C-01, C-02, C-03, C-06, C-11, C-12 | 06 | 750.00 | 25000.00 | 50000.00 |
| 9 | पाँकी (तेतराई) | प्रथम तल | C-14, C-15, C-16, C-18, C-19, C-20, C-21, C-22 | 08 | 500.00 | 25000.00 | 50000.00 |
| | | प्रथम तल | C-17 | 01 | 785.00 | 25000.00 | 50000.00 |
| | | भूतल | 101, 103, 104, 105, 106, 107, 108, 110, 111, 112 | 10 | 720.00 | 25000.00 | 50000.00 |
| 10 | चैनपुर (चान्दो) | भूतल | 102, 109, | 02 | 780.00 | 25000.00 | 50000.00 |
| | | भूतल | A-01, A-02, A-03, A-04, A-05, A-06, A-07, A-08, A-09 A-10, A-11, A-12, A-13, A-14, A-15, A-16, A-17, A-18 A-19, A-20, A-21, A-22, A-23 | 23 | 800.00-910.00 (*) | 25000.00 | 50000.00 |
| | | | कुल :– | 133 | | | |

* दुकानवार किराया दर की सूची विस्तृत आम सूचना के साथ संलग्न।

| | | |
|---|---|---|
| 1. | आवेदन पत्र बिक्री की तिथि :– | दिनांक 25.06.2026 को अपराह्न 02:00 बजे तक। |
| 2. | आवेदन पत्र बिक्री का स्थान :– | कार्यालय जिला परिषद, पलामू। |
| 3. | आवेदन पत्र का शुल्क :– (प्रत्येक दुकान के लिए अलग–अलग) | 15000.00 (पन्द्रह हजार) रूपये मात्र। |
| 4. | आवेदन पत्र जमा करने की तिथि :– | दिनांक 02.07.2026 अपराह्न 03:00 बजे तक। |
| 5. | आवेदन पत्र जमा करने का स्थान :– | कार्यालय जिला परिषद, पलामू। |
| 6. | डाक की तिथि व समय :– | 04.07.2026 को 12:00 बजे मध्याह्न से। |
| 7. | डाक का स्थान :– | मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी का कार्यालय वेश्म। |
| 8. | आवेदन पत्र के साथ संलग्न कागजात :– | वैद्य पहचान पत्र (आधार कार्ड), स्थानीय प्रमाण पत्र, चरित्र प्रमाण पत्र, दो पासपोर्ट साइज फोटो। |

नोट 1:– दुकान का आवंटन खुली डाक द्वारा नीलामी प्रक्रिया के माध्यम से की जायेगी जिसमें सर्वोच्च डाकवक्ता को दुकान आवंटित किया जायेगा। डाक कॉलम संख्या– 7 में अंकित एकमुस्त Non Refundable राशि के आधार पर किया जायेगा। डाक में दो बोली के बीच की अन्तर राशि न्यूनतम 5000.00 (पाँच हजार) रूपये होगी। डाक समाप्ति के पश्चात् संपूर्ण डाक राशि राशि (Non Refundable) 24 घंटा के अन्दर जिला परिषद के नजारत में जमा कर प्राप्ति रसीद प्राप्त करना होगा। उसके उपरांत आवंटनधारियों की सूची जारी की जायेगी।

नोट 2:– दुकानों की संख्या घट– बढ़ सकती है।

नोट 3:– नीलामी प्रक्रिया को बिना कारण बताए रद्द करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित रहेगा।

नोट 4:– दुकान आवंटन हेतु निर्धारित विस्तृत शर्त पलामू NIC के Website- www.palamu.nic.in, कार्यालय जिला परिषद, पलामू एवं संबंधित प्रखण्ड कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखी जा सकती है।

ह0/–
उप विकास आयुक्त –सह–
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी,जिला परिषद,पलामू

PR 382677 District(26-27).D


### सुवर्ण प्राशन संस्कार में 54 बच्चों को दी गई खुराक

**लातेहार।** सरस्वती विद्या मंदिर, लातेहार में गुरुवार को नवीन शैक्षणिक सत्र 2026-27 के तहत सुवर्ण प्राशन संस्कार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रधानाचार्य उत्तम कुमार मुखर्जी ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर कक्षा अरुण, उदय, प्रभात, प्रथम एवं द्वितीय के कुल 54 भैया-बहनों को सुवर्ण प्राशन की खुराक दी गई। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों के शारीरिक, मानसिक एवं बौद्धिक विकास को प्रोत्साहित करना तथा उन्हें आयुर्वेद की प्राचीन परंपरा से जोड़ना था। प्रधानाचार्य उत्तम कुमार मुखर्जी ने कहा कि भारतीय संस्कृति एवं आयुर्वेद में सुवर्ण प्राशन का विशेष महत्व बताया गया है। यह संस्कार बच्चों की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने, स्मरण शक्ति के विकास तथा समग्र स्वास्थ्य संवर्धन में सहायक माना जाता है। उन्होंने कहा कि विद्यालय शिक्षा के साथ-साथ विद्यार्थियों के संस्कार, स्वास्थ्य और व्यक्तित्व विकास पर भी विशेष ध्यान देता है। विद्यालय परिवार ने बताया कि समय-समय पर ऐसे संस्कार आधारित कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं, जिससे विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास सुनिश्चित हो सके।

## महुआडांड़ में खेती की नई तस्वीर, महिलाओं को स्मार्ट प्रशिक्षण और किसानों को आम बागवानी से लाभ

- **लीड्स की पहल से 40 महिला किसान प्रशिक्षित, पुतरुंगी के 17 किसानों ने 30 एकड़ में विकसित किए आम के बाग**

नवीन मेल संवाददाता



**महुआडांड़ (लातेहार)।** लीड्स संस्था के प्रयासों से महुआडांड़ प्रखंड में कृषि क्षेत्र में दोहरी सफलता की कहानी सामने आई है। एक ओर महिला किसानों को आधुनिक एवं प्राकृतिक खेती का प्रशिक्षण देकर उन्हें आत्मनिर्भर बनाया जा रहा है, वहीं दूसरी ओर फल आधारित बागवानी से किसानों की आय में वृद्धि हो रही है।

महुआडांड़ पंचायत भवन में 15 से 17 जून 2026 तक आयोजित तीन दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में महुआडांड़ और ओरसा पंचायत की 40 मॉडल महिला किसानों ने भाग लिया। रांची से आए कृषि विशेषज्ञ रंजीत भेंगरा ने महिलाओं को प्राकृतिक खेती, अरहर की सघनीकरण पद्धति, खरीफ सब्जी उत्पादन तथा पशुपालन की जानकारी दी। प्रशिक्षण के दौरान जैविक खाद, प्राकृतिक दवा और कीटनाशक बनाने के अलावा टमाटर, बैंगन और मिर्च की नर्सरी तैयार करने तथा ट्रे नर्सरी की आधुनिक तकनीक का व्यावहारिक प्रदर्शन भी किया गया। समापन अवसर पर दोनों पंचायतों की मुखियाओं के हाथों उन्नत बीज, वर्मी कंपोस्ट बेड, लतरदार सब्जियों के लिए नायलॉन जाल, लूपशेयर और सेक्येटर सहित अन्य कृषि उपकरण वितरित किए गए। इस दौरान लीड्स की संगीता, कुलदीप तथा फिया फाउंडेशन के प्रखंड समन्वयक महेंद्र, सुमन समेत अन्य लोग उपस्थित थे।

चम्पा पंचायत के पुतरुंगी गांव में लीड्स संस्था और सरकारी सहयोग से 30 एकड़ भूमि पर आम की बागवानी की सफल पहल की गई है। गांव के रोशन केरकेट्टा, सुरजीत, नवीन, सुधीर समेत कुल 17 किसानों ने आम के बाग लगाए हैं, जिनसे अब उन्हें बेहतर आय प्राप्त हो रही है। पहले पारंपरिक खेती पर निर्भर रहने वाले किसान अब फल उत्पादन के माध्यम से आर्थिक रूप से सशक्त हो रहे हैं। लीड्स के मार्गदर्शन और सरकारी योजनाओं के तहत उन्हें पौधे एवं तकनीकी सहायता उपलब्ध कराई गई। अब उनके बाग फल देने लगे हैं, जिससे क्षेत्र को एक नई पहचान मिल रही है। महिला किसानों के क्षमता विकास और फल आधारित बागवानी को बढ़ावा देने की इस दोहरी पहल से महुआडांड़ क्षेत्र की ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई मजबूती मिल रही है।

## उपायुक्त ने राजकीयकृत मध्य विद्यालय किस्को का किया निरीक्षण

# आधारभूत सुविधाओं पर दिया जोर

- उपायुक्त ने जर्जर एवं अनुपयोगी भवन को हटाने हेतु भवन प्रमंडल को आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया

**नवीन मेल संवाददाता**



**लोहरदगा।** उपायुक्त संदीप कुमार मीना ने आज राजकीयकृत मध्य विद्यालय, किस्को का निरीक्षण कर विद्यालय में संचालित शैक्षणिक गतिविधियों एवं आधारभूत सुविधाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कक्षा छह में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं से संवाद किया तथा उनसे पढ़ाई-लिखाई, शिक्षण व्यवस्था एवं विद्यालय में मिलने वाली सुविधाओं के संबंध में जानकारी प्राप्त की।

उपायुक्त ने विद्यालय की पाकशाला का भी निरीक्षण किया। उन्होंने मध्याह्न भोजन के निर्धारित मेनू, भोजन की गुणवत्ता एवं पाकशाला में कार्यरत कर्मियों की संख्या की जानकारी ली। उन्होंने निर्देश दिया कि बच्चों को निर्धारित मेनू के अनुसार भोजन, खिचड़ी एवं सब्जी उपलब्ध कराई जाए तथा पाकशाला एवं विद्यालय परिसर में साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखा जाए। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने विद्यालय की शैक्षणिक व्यवस्था की भी समीक्षा की। उन्होंने प्रथम एवं द्वितीय कक्षा के बच्चों से बातचीत कर उनकी शैक्षणिक प्रगति की जानकारी प्राप्त की तथा शिक्षण कार्य की गुणवत्ता का आकलन किया। उपायुक्त ने विद्यालय के आईसीटी लैब का निरीक्षण करते हुए लैब संचालन, विद्यार्थियों को दी जा रही कंप्यूटर शिक्षा तथा पाठ्यक्रम के अनुरूप प्रशिक्षण की जानकारी ली। उन्होंने संबंधित शिक्षकों से पूछा कि किस कक्षा के विद्यार्थियों को किस समय आईसीटी आधारित शिक्षा दी जाती है तथा निर्धारित पाठ्यक्रम का अनुपालन किस प्रकार किया जा रहा है। बताया गया कि कक्षा 6 से 8 तक के विद्यार्थियों को आईसीटी लैब के माध्यम से प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है। विद्यालय परिसर स्थित पुराने मध्य विद्यालय भवन का निरीक्षण करते हुए उपायुक्त ने जर्जर एवं अनुपयोगी भवन को हटाने हेतु भवन प्रमंडल को आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया। साथ ही भवन में उपलब्ध सामग्री का नियमानुसार निष्पादन सुनिश्चित करने को कहा। निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त ने विद्यालय के सामने स्थित भूमि का भी अवलोकन किया तथा उसे प्रखंड स्तरीय फुटबॉल मैदान के रूप में विकसित करने हेतु प्रस्ताव तैयार करने का निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिया। उपायुक्त ने कहा कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, स्वच्छ वातावरण एवं आधुनिक शिक्षण संसाधनों की उपलब्धता बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए आवश्यक है।

## उपायुक्त ने बिरसा आम बागवानी का किया निरीक्षण

**लोहरदगा।** उपायुक्त संदीप कुमार मीना ने आज किस्को प्रखंड के जनवल गांव में किसान चमरू महतो द्वारा बिरसा हरित ग्राम योजना अंतर्गत आम बागवानी का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने फसलों की स्थिति, खेती की पद्धति एवं उत्पादन संबंधी गतिविधियों की जानकारी प्राप्त की। उपायुक्त ने किसान से बातचीत करते हुए कृषि को अधिक लाभकारी बनाने हेतु की जा रही इंटरक्रॉपिंग (अंतरवर्ती फसल) खेती के मॉडल को अपनाने की सलाह दी। उन्होंने प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी को निर्देश दिया कि इस खेती मॉडल को विकसित कर क्षेत्र के अन्य किसानों के लिए भी प्रेरणास्रोत बनाया जाए, ताकि अधिकाधिक किसान आधुनिक एवं बहुफसली खेती को अपनाकर अपनी आय में वृद्धि कर सकें।

निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त ने खेत में स्थित कुएं का भी अवलोकन किया तथा सिंचाई व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के लिए कुएं को और गहरा करने की आवश्यकता बताई। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को इस दिशा में आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

उपायुक्त ने बीपीओ (ब्लॉक परियोजना पदाधिकारी) को किसान को ड्रिप सिंचाई प्रणाली उपलब्ध कराने हेतु आवश्यक पहल करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि ड्रिप सिंचाई के माध्यम से जल संरक्षण के साथ-साथ फसलों की उत्पादकता में भी वृद्धि होगी तथा किसानों की लागत में कमी आएगी।

## उपायुक्त ने परहेपाट पंचायत में गोबरधन योजना का किया निरीक्षण

**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** उपायुक्त संदीप कुमार मीना ने आज किस्को प्रखंड अंतर्गत परहेपाट पंचायत के जनवल गांव में स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के तहत संचालित गोबरधन योजना का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने योजना से जुड़े लाभुकों से बातचीत कर योजना से प्राप्त हो रहे लाभों एवं संचालन व्यवस्था की जानकारी ली। निरीक्षण के क्रम में लाभुकों ने बताया कि गोबरधन संयंत्र के माध्यम से उत्पादित बायोगैस का लाभ गांव के 15 घरों को उपलब्ध कराया जा रहा है। उपायुक्त ने लाभुकों से योजना के प्रभाव, उपयोगिता एवं संचालन से संबंधित अनुभवों की जानकारी प्राप्त की। संयंत्र के ऑपरेटर ने उपायुक्त को बताया कि प्रतिदिन प्रातः 5:00 बजे से 6:30 बजे तक लगभग डेढ़ घंटे गैस की आपूर्ति की जाती है। साथ ही बताया गया कि संयंत्र की क्षमता प्रतिदिन लगभग 1500 किलोग्राम जैविक अपशिष्ट के प्रसंस्करण की है। उपायुक्त ने योजना के संचालन, रखरखाव एवं सामुदायिक सहभागिता की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने ब्लॉक समन्वयक को समिति का बैंक खाता शीघ्र खोलने की कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया, ताकि योजना के वित्तीय प्रबंधन एवं संचालन में पारदर्शिता बनी रहे। उपायुक्त ने कहा कि गोबरधन योजना स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण एवं वैकल्पिक ऊर्जा के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण पहल है। इससे ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छ ऊर्जा उपलब्ध होने के साथ-साथ जैविक अपशिष्ट का वैज्ञानिक प्रबंधन भी सुनिश्चित हो रहा है। उन्होंने ग्रामीणों से योजना के सफल संचालन में सक्रिय सहयोग देने की अपील की।

## मोदी सरकार की 12 वर्षों की उपलब्धियों पर भाजपा की प्रेस वार्ता

# पूर्व राज्यसभा सांसद ने गिनाईं योजनाएं

- जनप्रतिनिधियों के प्रयास से लोहरदगा से राजधानी एक्सप्रेस का परिचालन भी शुरू हुआ

**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** भारतीय जनता पार्टी जिला लोहरदगा की ओर से गुरुवार को स्थानीय नॉवेल्टी होटल में "12 वर्ष विश्वास के, विकास के, जनकल्याण के" विषय पर प्रेस वार्ता आयोजित की गई। मुख्य वक्ता भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व राज्यसभा सांसद समीर उरांव ने केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार के 12 वर्षों की उपलब्धियों को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने गरीब, किसान, महिला, युवा, अनुसूचित जनजाति एवं वंचित वर्गों के उत्थान के लिए अनेक जनकल्याणकारी योजनाएं लागू की हैं। जनजातीय समाज के लिए प्रधानमंत्री जनजातीय उन्नत ग्राम अभियान, एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय, धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान और वन धन विकास केंद्र जैसी योजनाओं का उल्लेख करते हुए उन्होंने इन्हें सामाजिक व आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में महत्वपूर्ण बताया। समीर उरांव ने झारखंड में रेलवे, सड़क, ऊर्जा एवं आधारभूत संरचना के क्षेत्र में हुए कार्यों का जिक्र करते हुए लोहरदगा से धनंजयगढ़ तक प्रस्तावित 293 किलोमीटर रेल लाइन के सर्वेक्षण एवं इसके लिए किए गए प्रयासों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधियों के प्रयास से लोहरदगा से राजधानी एक्सप्रेस का परिचालन भी शुरू हुआ। इस दौरान उन्होंने राज्य सरकार पर हर घर नल-जल योजना समेत विभिन्न परियोजनाओं में भ्रष्टाचार एवं विकास कार्यों में उदासीनता का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत विश्व मंच पर एक मजबूत एवं आत्मनिर्भर राष्ट्र के रूप में उभर रहा है। कार्यक्रम में भाजपा प्रदेश मंत्री मनीर उरांव, जिलाध्यक्ष अजय कुमार पंकज, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य ओमप्रकाश सिंह, श्रीचंद प्रजापति, रिपुसूदन साहू, राजीव रंजन अग्रवाल, पशुपतिनाथ पारस, मिथुन तमेड़ा, मनीष शिखर, सुरेश बैठा सहित पार्टी के कई पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद थे।

## मोहर्रम को लेकर शांति समिति की बैठक

# सौहार्द्र बनाए रखने की अपील



**नवीन मेल संवाददाता**

**भंडरा।** मोहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से गुरुवार को भंडरा थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रतिमा कुमारी ने की। इस दौरान अंचल अधिकारी दुर्गा कुमार, थाना प्रभारी मनोज गुप्ता, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. संजय कुमार, सांसद प्रतिनिधि राधेश्याम साहू, विजय चौहान समेत शांति समिति के सदस्य, जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य लोग उपस्थित थे।

बैठक में थाना प्रभारी मनोज गुप्ता ने मोहर्रम कमेटियों से जुलूस के रूट चार्ट और समय-सारणी की जानकारी लेते हुए सभी अखाड़ा समितियों को समय पर जुलूस निकालने तथा वॉलिंटियरों की सूची थाना में जमा करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि पर्व में खलल डालने वाले असामाजिक तत्वों पर पुलिस की पैनी नजर रहेगी और सौहार्द बिगाड़ने की कोशिश करने वालों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# वज्रपात की चपेट में आने से 11 वर्षीय बच्ची की मौत

**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** जिले के किस्को थाना क्षेत्र के बेटहट गिरजा टोली में आकाशीय बिजली (बज्रपात) की चपेट में आने से एक 11 वर्षीय मासूम बच्ची की दर्दनाक मौत हो गई।

मृतक बच्ची की पहचान फगुवा उरांव की पुत्री आदिति कुमारी (11 वर्ष) के रूप में की गई है। मिली जानकारी के अनुसार, घटना के तुरंत बाद परिजन और स्थानीय ग्रामीण बच्ची को आनन-फानन में इलाज के लिए लोहरदगा सदर अस्पताल लेकर पहुंचे। जहाँ डॉक्टरों ने सघन जाँच के उपरांत उसे मृत घोषित कर दिया। इसी क्रम मे जिला परिषद सदस्य संदीप कुमार ने मानवीय पहल करते हुए प्रशासनिक कार्य में पूरी मदद की. इस हृदयविदारक घटना के बाद से सदर अस्पताल परिसर सहित पूरे बेटहट गिरजा टोली गाँव में सन्नाटा पसरा हुआ है और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। घटना की सूचना मिलने के बाद स्थानीय थाना पुलिस आगे की कानूनी प्रक्रिया और पोस्टमार्टम की तैयारी में जुट गई है।

# डायट चिरी में विद्यालय संग्रहालय सह पुस्तकालय का हुआ उद्घाटन

**नवीन मेल संवाददाता**



**लोहरदगा।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट), चिरी में गुरुवार को पलाश बहुभाषी शिक्षा (एमएलई) कार्यक्रम के तहत विद्यालय संग्रहालय सह पुस्तकालय का उद्घाटन जिला शिक्षा पदाधिकारी दास सुनंदा चंद्रमौलेश्वर ने किया। कार्यक्रम में जिले के 50 पलाश विद्यालयों के शिक्षक, सहायक कार्यक्रम पदाधिकारी, डायट के संकाय सदस्य, हिंडाल्को तथा लैंग्वेज एंड लर्निंग फाउंडेशन (एलएलएफ) के प्रतिनिधियों सहित विभिन्न शिक्षा हितधारक शामिल हुए। जिला शिक्षा पदाधिकारी ने कहा कि विद्यालय संग्रहालय सह पुस्तकालय केवल प्रदर्शनी स्थल नहीं, बल्कि एक जीवंत अधिगम केंद्र है, जहां स्थानीय भाषा, संस्कृति, लोकज्ञान, जनजातीय विरासत और बाल साहित्य को एक मंच पर उपलब्ध कराया गया है।

## कुड़ू थाना परिसर में मुहर्रम को लेकर शांति समिति की बैठक संपन्न

# शांति और सौहार्द बनाए रखने की अपील

- असामाजिक तत्वों एवं अफवाह फैलाने वालों पर प्रशासन की विशेष नजर रहेगी

**नवीन मेल संवाददाता**



**कुड़ू - लोहरदगा।** आगामी मुहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण एवं विधि-व्यवस्था के अनुरूप संपन्न कराने को लेकर गुरुवार को कुड़ू थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता एसडीपीओ श्रद्धा केरकेट्टा ने की। इसमें सीओ सह बीडीओ संतोष उरांव, इंस्पेक्टर चंद्रशेखर, थाना प्रभारी अजित कुमार के अलावा क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों, अखाड़ा कमिटी के पदाधिकारियों, समाजसेवियों, बुद्धिजीवियों तथा विभिन्न समुदायों के गणमान्य लोगों ने भाग लिया। बैठक को संबोधित करते हुए एसडीपीओ श्रद्धा केरकेट्टा ने कहा कि मुहर्रम आस्था एवं अनुशासन का पर्व है। इसे आपसी भाईचारे, शांति और सौहार्द के साथ मनाया जाए। उन्होंने सभी अखाड़ा समितियों से प्रशासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन करने, निर्धारित मार्गों पर ही जुलूस निकालने तथा किसी भी प्रकार की अफवाहों से बचने की अपील की। बैठक के दौरान सेंट्रल मोहर्रम कमिटी एवं उप प्रमुख ऐनुल अंसारी द्वारा उपस्थित पदाधिकारियों, अधिकारियों तथा बैठक में पहुंचे सभी गणमान्य लोगों का पगड़ी पहनाकर भव्य स्वागत एवं सम्मान किया गया। इस पहल की उपस्थित लोगों ने सराहना करते हुए इसे आपसी भाईचारे और सामाजिक सौहार्द का प्रतीक बताया। वहीं उपस्थित लोगों ने भी प्रशासन को पूर्ण सहयोग देने का आश्वासन दिया तथा पर्व को शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के लिए आवश्यक सुझाव दिए। अधिकारियों ने कहा कि असामाजिक तत्वों एवं अफवाह फैलाने वालों पर प्रशासन की विशेष नजर रहेगी। सोशल मीडिया पर भ्रामक एवं आपत्तिजनक पोस्ट करने वालों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की जाएगी। बैठक के दौरान जुलूस मार्ग, सुरक्षा व्यवस्था, यातायात नियंत्रण, पेयजल, प्रकाश व्यवस्था तथा अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं पर विस्तार से चर्चा की गई। प्रशासन ने सभी समुदायों से आपसी समन्वय बनाए रखने और किसी भी समस्या की सूचना तत्काल पुलिस को देने का आग्रह किया। मौके पर एसडीपीओ श्रद्धा केरकेट्टा, आजाद, सलीम अमीर, ऐनुल अंसारी, अवधेश उरांव, हकीम अंसारी सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# भंडरा में विशेष ग्रामसभा का आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता**



**भंडरा।** महिलाओं के खिलाफ हो रहे अत्याचारों पर अंकुश लगाने और उन्हें त्वरित न्याय दिलाने के उद्देश्य से गुरुवार को भंडरा पंचायत भवन में विशेष ग्राम सभा का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान सर्वसम्मति से पंचायत स्तरीय नारी अदालत का गठन किया गया और इसके सुचारू संचालन के लिए 11 सदस्यीय 'न्याय सखी' का चयन किया गया। मौके पर उपस्थित प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रतिमा कुमारी ने बताया कि यह नारी अदालत एक प्रकार से सामुदायिक न्याय मंच की तरह काम करेगी। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में महिलाओं के साथ हो रहे घरेलू हिंसा, उत्पीड़न, छेड़छाड़ या अन्य अत्याचारों की शिकायतें अब पीड़ित महिलाएं सीधे नारी अदालत में रख सकेंगी।


## कार्यालय जिला परिषद, पलामू

E-mail-zilaparishad.palamu@gmail.com

**सैरात बन्दोबस्ती हेतु आम सूचना (6th Call)**

दिनांक 13.09.2025 को सम्पन्न जिला परिषद पलामू की बोर्ड की बैठक में लिए गए निर्णय के आलोक में जिला परिषद, पलामू के नियंत्रणाधीन बहुद्देशीय भवन, डाक बंगला एवं बस पड़ाव की तीन वर्षो के लिए खुली डाक के माध्यम से बंदोबस्ती हेतु पलामू जिला के स्थानीय निवासियों से आवेदन आमंत्रित किया जाता है :–

| क्र0 | सैरात का नाम | प्रखण्ड | मासिक किराया दर (रूपये में) | तीन वर्षो के लिए डाक की न्यूनतम राशि (रूपये में) | अग्रधन की राशि 25% (रूपये में) | डाक की तिथि समय व स्थान |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | नया डाक बंगला भवन, नावाखास | पाटन | 6000.00 | 216000.00 | 54000.00 | Date- 04-07-2026 Time- 11:30 AM स्थान– उप विकास आयुक्त–सह– मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जिला परिषद, पलामू का कार्यालय प्रकोष्ट |
| 2 | पुराना बहुद्देशीय भवन, सेमरी | पाटन | 3000.00 | 108000.00 | 27000.00 | |
| 3 | बहुद्देशीय भवन, किशुनपुर | पाटन | 4000.00 | 144000.00 | 36000.00 | |
| 4 | बस पड़ाव, मोहम्मदगंज | मोहम्मदगंज | 7500.00 | 270000.00 | 67500.00 | |
| 5 | बहुद्देशीय भवन, बिश्रामपुर | बिश्रामपुर | 5000.00 | 180000.00 | 45000.00 | |
| 6 | नया डाक बंगला भवन, मनातु | मनातु | 6000.00 | 216000.00 | 54000.00 | |
| 7 | नया डाक बंगला, पण्डवा | पण्डवा | 8000.00 | 288000.00 | 72000.00 | |

उपरोक्त सैरात के बंदोबस्ती हेतु खुली डाक में भाग लेने के इच्छुक व्यक्तियों को दिनांक 02.07.2026 तक कॉलम संख्या–6 में निर्धारित अग्रधन राशि बैंक ड्राफ्ट/चेक द्वारा जो **सचिव, जिला परिषद, पलामू (Secretary, Zila Parishad, Palamu)** के पदनाम से भुगतेय होगा कार्यालय जिला परिषद, पलामू में जमा करना अनिवार्य होगा। अग्रधन राशि के साथ दो पासपोर्ट साईज फोटो, वैध चरित्र प्रमाण पत्र, स्थानीय निवास प्रमाण पत्र, पहचान पत्र एवं पैन कार्ड का छायाप्रति जमा करना आवश्यक होगा। सैरात की बंदोबस्ती की अवधि तीन वर्षों की होगी। सर्वोच्च डाकवक्ता को डाक समाप्ति के पश्चात् तत्काल सम्पूर्ण डाक राशि का 50% राशि जमा करना अनिवार्य होगा।

उप विकास आयुक्त–सह– मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जिला परिषद, पलामू को बिना कारण बताये डाक स्थगित करने का सर्वाधिकार सुरक्षित रहेगा। किसी भी प्रकार के वाद–विवाद का निपटारा स्थानीय व्यवहार न्यायालय, पलामू के क्षेत्रान्तर्गत होगा।

ह0/–उप विकास आयुक्त –सह–
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी,
जिला परिषद, पलामू

PR 382675 (District)26-27*D



## JHARKHANDBIJLI VITRANNIGAMLIMITED

(CIN:U40108JH2013SGC001702) Electric Supply Circle, Daltonganj

**Very Short Tender Notice**

Sealed Tender in two Part (Part – I Technical and commercial and Part – II Price part) subscribed on sealed envelope with Lah are invited from the reputed tenderers having good experience of following same type of civil works and having sound financial status.

| Sl. No | NIT No. | Name of the works | Estimated cost in (Rs.) | Time for completion (Day) | Earnest money to be deposited in (Rs.) | Cost of BOQ (Non-Refundable in (Rs.) | Late date and time for submission of tender | Date and time for opening of Tender |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 160/PR/ JBVNL/ 26-27 | Repair and maintenance of water supply system along with sinking of one no 125/115 mm dia tube well and allied woks at 33/11 KV P/S/S Nawa Bazar under Electric Supply Circle, Daltonganj. | 294100/– | 45 days | 5900.00 | 886.00 (Including 18% GST) | 01/07/2026 upto 03:00 PM | 02/07/2026 at 03:30 PM |
| 2. | 161/PR/ JBVNL/ 26-27 | Repair and maintenance of water supply system along with sinking of one no 125/115 mm dia tube well and allied woks at 33/11 KV P/S/S Semra under Electric Supply Circle, Daltonganj. | 302300/– | 45 days | 6100.00 | 886.00 (Including 18% GST) | 01/07/2026 upto 03:00 PM | 02/07/2026 at 03:30 PM |
| 3 | 162/PR/ JBVNL/ 26-27 | Repair and maintenance of water supply system along with sinking of one no 125/115 mm dia tube well and allied woks at 33/11 KV P/S/S Gahar Pathra under Electric Supply Circle, Daltonganj. | 295500/– | 45 days | 6000.00 | 886.00 (Including 18% GST) | 01/07/2026 upto 03:00 PM | 02/07/2026 at 03:30 PM |
| 4 | 163/PR/ JBVNL/ 26-27 | Repair and maintenance of water supply system along with sinking of one no 125/115 mm dia tube well and allied woks at 33/11 KV P/S/S, Devri under Electric Supply Circle, Daltonganj. | 296300/– | 45 days | 6000.00 | 886.00 (Including 18% GST) | 01/07/2026 upto 03:00 PM | 02/07/2026 at 03:30 PM |

The tender documents can be purchased from the office of the undersigned from any working day till one day before the date of submission of tender in office working hours after depositing cost of B.O.Q. (Non-refundable) with Accounts officer, Electric Supply circle, Daltonganj in shape of Bank draft.

स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा बचावें। कृपया अपनी शिकयतों को 18003456570(कॉल सेन्टर) पर दर्ज करायें।

Sd/-
Electrical Superintending Engineer
Electric Supply Circle, Daltonganj

PR 382649 (Jharkhand Bijlee Vitran Nigam Ltd)26-27*D



## झारखण्ड सरकार, कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग

कार्यालय जिला पशुपालन पदाधिकारी, पलामू

**-: पशुपालकों हेतु आम सूचना :-**

एतद् द्वारा पलामू जिला के सभी पशुपालकों को सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2026–27 में पशुपालन विद्यालय, गौरियाकरमा हजारीबाग में पशुपालकों के ज्ञान एवं अनुभव में वृद्धि हेतु पशुपालन के नये तकनीकों के पशुपालकों के समक्ष प्रसार हेतु बकरी पालन, भेंड पालन, सूकर पालन एवं कुक्कुट पालन विषयों पर दिनांक 22.06.2026 से पॉच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है।

प्रशिक्षण की समय सारणी –

| क्र0 सं0 | दिनांक | बकरी पालन | भेंड पालन | सूकर पालन | कुक्कुट पालन |
|---|---|---|---|---|---|
| 01. | 22.06.2026 से 26.06.2026 | 25 | – | – | – |
| 02. | 13.07.2026 से 17.07.2026 | – | – | – | 25 |
| 03. | 03.08.2026 से 07.08.2026 | – | – | 25 | – |
| 04. | 24.08.2026 से 28.08.2026 | 25 | – | – | – |
| 05. | 14.09.2026 से 18.09.2026 | – | – | – | 25 |
| 06. | 05.10.2026 से 09.10.2026 | – | 25 | – | – |
| 07. | 02.11.2026 से 06.11.2026 | 25 | – | – | – |
| 08. | 07.12.2026 से 11.12.2026 | – | – | – | 25 |
| 09. | 04.01.2027 से 08.01.2027 | – | – | 25 | – |
| 10. | 25.01.2027 से 29.01.2027 | 25 | – | – | – |
| 11. | 15.02.2027 से 19.02.2027 | – | – | – | 25 |
| 12. | 08.03.2027 से 12.03.2027 | – | 25 | – | – |
| कुल लक्ष्य | | 100 | 50 | 50 | 100 |

पाँच दिवसीय आवासीय पशुपालन प्रशिक्षण की योजना –

- प्रशिक्षण हेतु आवेदन पत्र संबंधित प्रखण्ड के पशुचिकित्सक से प्राप्त किया जा सकता है।
- निदेशक, पशुपालन के निर्देशानुसार विभागीय योजनाओं में चयनित लाभुकों को प्राथमिकता के आधार पर प्रशिक्षण कराया जाना है।
- प्रशिक्षणार्थियों का निबंधन प्रत्येक प्रशिक्षण सत्र के प्रथम दिवस को पूर्वाह्न 10:00 बजे से 11:30 बजे तक किया जाएगा। अपराह्न 01:00 बजे के बादर किसी भी परिस्थिति में प्रशिक्षणार्थियों का निबंधन नहीं किया जाएगा।
- प्रशिक्षणार्थियों को प्रशिक्षण सत्र के पाँचवें दिवस को अपराह्न 03:00 बजे प्रशिक्षण समाप्ति पर प्रमाण पपत्र एवं पारितोषिक के साथ विदाई की जाएगी।
- प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान रहने–खाने की पूरी व्यवस्था पशुपालन विद्यालय परिसर में ही उपलब्ध है, जिसके लिए पशुपालकों को कोई राशि देने की आवश्यकता नहीं है।
- प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लेने वाले प्रत्येक प्रशिक्षणार्थी को रू0 200/– (दो सौ रूपये मात्र) प्रतिदिन की दर से पाँच दिनों के लिए कुल रू0 1000/– (एक हजार रूपये मात्र) प्रशिक्षण भत्ता प्रशिक्षण समाप्ति पर उनके बैंक खाता में DBT के माध्यम से स्थानान्तरित कर दिया जाएगा।
- आवेदक आवेदन के साथ आधार कार्ड, बैंक पासबुक की स्व–अभिप्रमाणित सुस्पष्ट छायाप्रति दो रंगीन पासपोर्ट साइज फोटो संलग्न करेंगे।

निवेदक
जिला पशुपालन पदाधिकारी,
पलामू

PR 382683 Animal Husbandry (26-27)_D

# वन अधिकार कानून को लेकर बाजार हाट में जागरूकता अभियान

- 50 गांवों के 100 से अधिक ग्रामीणों को आवेदन प्रक्रिया की दी गई जानकारी, बांटे गए आवश्यक दस्तावेज



**नवीन मेल संवाददाता**

**चैनपुर।** प्रखंड के चैनपुर बाजार हाट में फिया फाउंडेशन के तत्वावधान में वन अधिकार अधिनियम-2006 के प्रभावी क्रियान्वयन और आवेदन प्रक्रिया को लेकर एक दिवसीय जागरूकता एवं प्रचार-प्रसार कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में चैनपुर, डुमरी और जारी प्रखंड के लगभग 50 गांवों से पहुंचे 100 से अधिक ग्रामीणों को उनके वनाधिकारों के प्रति जागरूक किया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए फिया फाउंडेशन के प्रखंड समन्वयक ललित कुमार महतो ने कहा कि ऐतिहासिक वन अधिकार कानून लागू हुए करीब दो दशक बीतने के बावजूद गुमला जिले में अब तक महज पांच प्रतिशत सामुदायिक वन पट्टे ही निर्गत हो सके हैं। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना समय की आवश्यकता है, ताकि वे अधिक से अधिक आवेदन कर अपने अधिकार प्राप्त कर सकें।

उन्होंने बताया कि ग्रामीणों की सुविधा के लिए फिया फाउंडेशन प्रत्येक सप्ताह बाजार हाट में इस प्रकार का जागरूकता शिविर आयोजित करेगा। इस दौरान सामुदायिक वन अधिकार आवेदन के लिए आवश्यक दस्तावेजों की जानकारी दी गई तथा जिन गांवों के पास आवश्यक कागजात उपलब्ध नहीं थे, उन्हें संस्था की ओर से दस्तावेज उपलब्ध कराए गए।

कार्यक्रम में मनरेगा, सामाजिक सुरक्षा पेंशन और राशन कार्ड जैसी जनकल्याणकारी योजनाओं की भी जानकारी दी गई। अभियान को सफल बनाने में अमरेंद्र प्रसाद, पिंटू तुरी, नीलम संगीता कुजूर और नेहा टोप्पो की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# आजीविका सुधार पर केंद्र की पैनी नजर, केंद्रीय प्रभारी अमित सतीजा ने गुमला की योजनाओं की समीक्षा की

- हर गर्भवती का पंजीकरण, हर बच्चे का नामांकन और पोषण सुधार पर विशेष जोर, औरापाठ मॉडल ग्राम का भी किया दौरा

**नवीन मेल संवाददाता**




**गुमला।** आकांक्षी जिला कार्यक्रम के तहत गुमला जिले में स्वास्थ्य, शिक्षा, पोषण और आजीविका से जुड़े विकास कार्यों की समीक्षा के लिए भारत सरकार के 8वें केंद्रीय वेतन आयोग के संयुक्त सचिव सह गुमला के केंद्रीय प्रभारी अधिकारी अमित सतीजा गुरुवार को गुमला पहुंचे। नया समाहरणालय स्थित सभागार में आयोजित उच्चस्तरीय बैठक में उन्होंने विभिन्न विभागों की उपलब्धियों और चुनौतियों की समीक्षा करते हुए परिणाम आधारित कार्यसंस्कृति अपनाने पर जोर दिया।

बैठक में उपायुक्त दिलेश्वर महत्तो, उप विकास आयुक्त अनिमेष रंजन, जिला योजना पदाधिकारी रमण कुमार, पिरामल फाउंडेशन के प्रतिनिधि सहित सभी जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

समीक्षा के दौरान अमित सतीजा ने गर्भवती महिलाओं के एएनसी पंजीकरण में सुधार की सराहना करते हुए कहा कि 88 प्रतिशत से बढ़कर 97 प्रतिशत तक पहुंचना उपलब्धि है, लेकिन लक्ष्य शत-प्रतिशत होना चाहिए। उन्होंने कम वजन वाले नवजात बच्चों की बढ़ती संख्या पर चिंता जताते हुए समाज कल्याण विभाग को इसके कारणों की पहचान कर प्रभावी समाधान सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। साथ ही टीबी स्क्रीनिंग, पूरक पोषण कार्यक्रम और स्वास्थ्य सेवाओं को और मजबूत करने पर बल दिया।

शिक्षा क्षेत्र की समीक्षा के दौरान उन्होंने स्पष्ट कहा कि जिले का कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित नहीं रहना चाहिए। केवल नामांकन के आंकड़ों पर नहीं, बल्कि वास्तविक उपस्थिति और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पर ध्यान देना होगा। सभी विद्यालयों में पेयजल, शौचालय और बिजली जैसी बुनियादी सुविधाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

बैठक में कृषि, पशुपालन, मृदा स्वास्थ्य कार्ड, पशु टीकाकरण, कौशल विकास और वित्तीय समावेशन योजनाओं की भी समीक्षा की गई। उन्होंने उप विकास आयुक्त को योजनाओं की जमीनी हकीकत जानने के लिए नियमित निरीक्षण करने का निर्देश दिया।

बैठक में विशेष केंद्रीय सहायता मद से जुड़े लंबित भुगतान का मुद्दा भी उठा। बताया गया कि 40 करोड़ रुपये की स्वीकृति के विरुद्ध अब तक केवल 15 करोड़ रुपये ही प्राप्त हुए हैं, जिसके कारण करीब 23 करोड़ रुपये का भुगतान लंबित है। इस पर केंद्रीय प्रभारी अधिकारी ने समाधान का भरोसा दिया।

समीक्षा बैठक के बाद अमित सतीजा ने डुमरी प्रखंड के औरापाठ मॉडल ग्राम का दौरा किया। यहां उन्होंने नीति आयोग समर्थित 'प्रोजेक्ट पहल' के तहत संचालित बकरी पालन, मुर्गी पालन, मशरूम उत्पादन एवं जल संरक्षण कार्यों का निरीक्षण किया। लाभार्थियों से बातचीत कर उनकी आय में हुए बदलाव की जानकारी ली तथा डिजिटल भुगतान व्यवस्था की सराहना की। उन्होंने आंगनबाड़ी केंद्र और प्राथमिक विद्यालय का भी निरीक्षण किया।

उपायुक्त दिलेश्वर महत्तो ने सभी विभागों को केंद्रीय प्रभारी अधिकारी के निर्देशों का शत-प्रतिशत पालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

# स्वच्छता, यातायात और नागरिक सुविधाओं को लेकर प्रशासन सख्त

- खुले में मांस बिक्री पर रोक, नालियों की सफाई और सीसीटीवी व्यवस्था दुरुस्त करने के निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता**



**गुमला।** शहर को स्वच्छ, सुरक्षित और व्यवस्थित बनाने के उद्देश्य से उपायुक्त दिलेश्वर महत्तो की अध्यक्षता में नगर परिषद क्षेत्र के विभिन्न विकास एवं जनसुविधा संबंधी कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में स्वच्छता, यातायात प्रबंधन, जलापूर्ति, बाजार व्यवस्था, सीसीटीवी निगरानी, फॉगिंग अभियान और सौंदर्यीकरण समेत कई महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा हुई।

उपायुक्त ने खुले में मांस की बिक्री एवं कटाई पर पूर्ण प्रतिबंध सुनिश्चित करने तथा नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई करने का निर्देश दिया। टंगरा मार्केट में अतिक्रमण हटाने और बाजार व्यवस्था को व्यवस्थित करने के लिए नियमित अभियान चलाने को कहा।

उन्होंने नगर परिषद को निर्देश दिया कि प्रतिदिन शाम में सफाई कार्य सुनिश्चित किया जाए, ताकि सुबह शहर साफ-सुथरा दिखाई दे। बरसात के मद्देनजर नालियों की सफाई, जलजमाव की रोकथाम तथा डेंगू समेत मौसमी बीमारियों से बचाव के लिए नियमित फॉगिंग अभियान चलाने का निर्देश दिया।

समीक्षा के दौरान बताया गया कि शहर में लगे 91-92 सीसीटीवी कैमरे कार्यरत हैं, जबकि चार-पांच कैमरे तकनीकी कारणों से बंद हैं। उपायुक्त ने इन्हें शीघ्र दुरुस्त करने का निर्देश दिया।

बैठक में कचहरी परिसर की दुकानों, पेयजल व्यवस्था, शौचालयों के रखरखाव तथा नगर भवन और बख्तर साय स्टेडियम में चल रहे विकास कार्यों की भी समीक्षा की गई। उन्होंने सभी कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित करते हुए नागरिक सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए समन्वित प्रयास करने पर बल दिया।

बैठक में अनुमंडल पदाधिकारी (सदर), नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी समेत विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मी मौजूद थे।

# महिलाओं की भागीदारी से ही मजबूत होगा लोकतंत्र : रमा खलखो

- महिला कांग्रेस की बैठक में संगठन विस्तार और महिला सशक्तीकरण पर जोर

**नवीन मेल संवाददाता**



**गुमला।** महिला कांग्रेस की जिला स्तरीय बैठक गुरुवार को सर्किट हाउस में सिसई प्रखंड प्रमुख मीणा टोप्पो की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में प्रदेश महिला कांग्रेस अध्यक्ष रमा खलखो मुख्य अतिथि तथा राष्ट्रीय सचिव बॉबी भगत विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुईं। जिले के विभिन्न प्रखंडों से बड़ी संख्या में महिला पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहीं।

रमा खलखो ने कहा कि महिलाओं की सक्रिय भागीदारी के बिना सशक्त समाज और मजबूत लोकतंत्र की कल्पना अधूरी है। कांग्रेस पार्टी हमेशा महिलाओं के अधिकार, सम्मान और सशक्तीकरण के पक्ष में खड़ी रही है। उन्होंने कहा कि महिला कांग्रेस का उद्देश्य केवल राजनीति तक सीमित नहीं है, बल्कि महिलाओं को शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, सामाजिक न्याय और संवैधानिक अधिकारों के प्रति जागरूक करना भी है।

उन्होंने कार्यकर्ताओं से गांव-गांव और घर-घर जाकर महिलाओं को संगठन से जोड़ने का आह्वान किया। साथ ही महंगाई, बेरोजगारी और महिलाओं के खिलाफ बढ़ती घटनाओं पर चिंता जताते हुए कहा कि महिला कांग्रेस इन मुद्दों को मजबूती से उठाती रहेगी।

राष्ट्रीय सचिव बॉबी भगत ने महिलाओं से सामाजिक सरोकारों से जुड़े मुद्दों पर सक्रिय भूमिका निभाने और संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने का आह्वान किया। बैठक में संगठनात्मक विस्तार एवं आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा पर भी चर्चा की गई।

# जनसमस्याओं और विकास कार्यों को लेकर सांसद प्रतिनिधियों ने प्रशासन से की चर्चा

- चैनपुर एसडीओ और एसडीपीओ से मुलाकात कर सड़क, पानी, बिजली और सुरक्षा के मुद्दे उठाए



**नवीन मेल संवाददाता**

**चैनपुर।** लोहरदगा सांसद सुखदेव भगत के नवनियुक्त सांसद प्रतिनिधि अल्बर्ट तिग्गा और जाकिर अंसारी ने गुरुवार को चैनपुर अनुमंडल कार्यालय पहुंचकर एसडीओ हरि उरांव और एसडीपीओ श्रुति से शिष्टाचार मुलाकात की। इस दौरान क्षेत्र की विभिन्न जनसमस्याओं, कानून-व्यवस्था और विकास योजनाओं के क्रियान्वयन को लेकर विस्तार से चर्चा हुई। सांसद प्रतिनिधियों ने ग्रामीण क्षेत्रों में सड़क, बिजली, पेयजल और पुलिस गश्ती व्यवस्था को सुदृढ़ करने की आवश्यकता पर बल दिया। अल्बर्ट तिग्गा ने कहा कि सांसद सुखदेव भगत के निर्देशानुसार क्षेत्र की समस्याओं का त्वरित समाधान उनकी प्राथमिकता है और प्रशासन के साथ बेहतर समन्वय स्थापित कर विकास कार्यों को गति दी जाएगी। एसडीओ हरि उरांव और एसडीपीओ श्रुति ने जनहित से जुड़े मुद्दों पर सकारात्मक पहल का भरोसा दिया। बैठक में कई स्थानीय जनप्रतिनिधि और गणमान्य लोग भी मौजूद थे। स्थानीय लोगों ने उम्मीद जताई कि प्रशासन और जनप्रतिनिधियों के समन्वय से क्षेत्र के विकास को नई गति मिलेगी।

## पांच माह से वेतन नहीं, अब सड़क पर उतरेंगे स्वास्थ्यकर्मी

**गुमला।** लंबित वेतन और मानदेय भुगतान सहित विभिन्न मांगों को लेकर स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी शुक्रवार 19 जून को सिविल सर्जन कार्यालय के समक्ष धरना-प्रदर्शन करेंगे। झारखंड राज्य अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ, झारखंड चिकित्सा एवं जन स्वास्थ्य कर्मचारी संघ, अनुबंध कर्मचारी संघ तथा आउटसोर्सिंग कर्मचारी संघ के संयुक्त बैनर तले यह आंदोलन आयोजित किया गया है। कर्मचारियों ने बताया कि पिछले पांच माह से वेतन और मानदेय लंबित है। इसके अलावा हर माह पांच तारीख तक वेतन भुगतान, महिला कर्मियों को विशेष अवकाश, मातृत्व अवकाश की सुविधा तथा आउटसोर्सिंग कर्मचारियों के मानदेय में वृद्धि की मांग की जा रही है संयुक्त मोर्चा ने चैनपुर प्रखंड के एक बीपीएम पर उपस्थिति के नाम पर रिश्वत लेने का आरोप लगाते हुए उनके खिलाफ जांच और कार्रवाई की मांग की है। दोपहर 12 बजे टाउन हॉल से जुलूस निकाला जाएगा, जो पटेल चौक होते हुए सिविल सर्जन कार्यालय पहुंचेगा। धरना के बाद मुख्यमंत्री और स्वास्थ्य मंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा जाएगा।

## मुख्य मार्ग बदहाल, जीतू स्टेशनरी से महावीर मंदिर तक सड़क मरम्मत की मांग

**लातेहार।** महुआडांड़ बाजार क्षेत्र की सबसे व्यस्त सड़कों में शामिल जीतू स्टेशनरी दुकान से महावीर मंदिर तक जाने वाला मार्ग कई वर्षों से जर्जर स्थिति में है। सड़क जगह-जगह टूट चुकी है और बारिश के दौरान गड्ढों में पानी भर जाने से कीचड़ एवं फिसलन की समस्या बढ़ गई है। इससे पैदल चलना भी मुश्किल हो गया है। स्थानीय दुकानदारों का कहना है कि यह बाजार का प्रमुख मार्ग है। इसी रास्ते से महावीर मंदिर आने-जाने वाले सैकड़ों श्रद्धालु, स्कूली बच्चे, महिलाएं और बुजुर्ग प्रतिदिन गुजरते हैं। बरसात के दिनों में स्थिति और भी खराब हो जाती है। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से अविलंब सड़क की मरम्मत कराने की मांग की है।


## कार्यालय नगर परिषद्, चतरा।

पुराना कचहरी के समीप, चतरा (झारखण्ड)– 825401

दुरभाष : 06541–253030, ई–मेल : npchatra@gmail.com

### शुद्धि–पत्र

इस कार्यालय के पत्रांक–580/न0प0, दिनांक–16.06.2026 के द्वारा नगर परिषद्, चतरा के निम्नलिखित सैरातो/नगर परिषद् क्षेत्र में बाहरी व्यवसायिक वाहनो के प्रवेश शुल्क वसुली की बन्दोबस्ती उनके नाम के सामने अंकित अवधि तक के लिए खुली डाक बोली द्वारा दिनांक–24.06.2026 अथवा 25.06.2026 को समय 12:30 बजे अपराह्न में करने हेतु दैनिक समाचार पत्रों के माध्यम से आम सूचना प्रकाशित की गई थी, जिसका PR. No.- 382562 Urban Development(26-27)#D है।

उक्त आमंत्रित बन्दोबस्ती आम सूचना में निम्नवत संशोधण किया जाता है:–

| क्रमांक | सैरात का नाम | अवधि | सुरक्षित राशि | जमानत राशि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | चतरा बस पड़ाव (सभी प्रकार के यात्री वाहन) (सभी कर सहित) | कार्यादेश की तिथि से एक वर्ष तक के लिये मान्य होगा। | 38,30,700.00 | 3,83,100.00 |
| 2 | नगर परिषद् क्षेत्र में बाहर से प्रवेश करने वाले सभी प्रकार के व्यवसायिक वाहन। | | 2,56,00,000.00 | 25,60,000.00 |

1. जमानत की राशि **Executive Officer, Chatra Municipality** के पदनाम से बैंकर्स चेक/बैंक ड्राफ्ट रूप में डाक में भाग लेने के एक दिन पूर्व आवश्यक रूप से जमा करना होगा। अन्यथा डाक में भाग लेने की योग्यता नहीं होगी।

उक्त बन्दोबस्ती की शेष नियम एवं शर्ते यथावत रहेगी।

कार्यपालक पदाधिकारी,
नगर परिषद्, चतरा।

PR 382714 Urban Development(26-27)D



## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, गढ़वा।

अतिअल्पकालिन निविदा आमंत्रण सूचना सं0:–07/2026–27

1. विभाग का नाम :– भवन निर्माण विभाग।
2. विज्ञापन दाता का नाम :– कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, गढ़वा।
3. परिमाण विपत्र की बिक्री की तिथि एवं समय :– 06/07/2026 को (पूर्वाह्न 10:00 बजे से अपराह्न 01:00 बजे तक)
4. मुहरबंद निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :– 07/07/2026 को अपराह्न 03:00 बजे तक।
5. मुहरबंद निविदा प्राप्ति खोलने की तिथि एवं समय :– 07/07/2026 को 03:30 बजे अपराह्न से।
6. परिमाण विपत्र की बिक्री का स्थान :– 1. कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, गढ़वा द्वारा प्रतिनियुक्त, पदाधिकारी द्वारा कार्यालय परिसर में। 2. अधीक्षण अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन अंचल सं0–02, राँची द्वारा प्रतिनियुक्त, पदाधिकारी द्वारा कार्यालय परिसर में।
7. निविदा प्राप्ति एवं खुलने का स्थान :– क्रमांक–6 के क्र0सं0–1 के स्थान पर।
8. कार्य का विवरण:–

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र की राशि | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | *Renovation of District Control Room Garhwa Under Garhwa District* | ` 33,23,900.00 | ` 66,500.00 | ` 5,000.00 | 02 माह |
| 2. | *E/R to D Type Quarter Unit no. -1 for Judicial Officer at Nagar Block Building Campus Nagar Untari Garhwa Distt.* | ` 9,45,500.00 | ` 19,000.00 | ` 1250.00 | 01 माह |

निविदा की शर्तें *www.jharkhand.gov.in* एवं कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

नोट:– ***Updated Character PAN, GST Return File Latest,*** पंजीकरण प्रमाण–पत्र की स्वअभिप्रमाणित छायाप्रति एवं निविदा प्रकाशन होने की तिथि से निर्गत बैंक ड्राफ्ट/डी0डी0 अनिवार्य रूप से जमा करने के पश्चात ही निविदा पत्र निर्गत किया जायेगा। निविदा में केवल गढ़वा जिला के संवेदक हीं भाग ले सकते हैं।

कार्यपालक अभियंता,
भवन प्रमण्डल, गढ़वा।

PR 382674 Building(26-27)D



## कार्यालय नगर परिषद्, बिश्रामपुर (पलामू)

Near Block Office, Block Road Bishrampur, Palamu (Jharkhand), Pin code- 822132

Email Id – nagarpanchayatbishrampur2010@gmail.com

पत्रांक 1361/न0प0, दिनांक– 18/06/2026

**CORRIGENDUM - 2**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि **कार्यालय नगर परिषद् विश्रामपुर के पत्रांक** 1354 **दिनांक** 17.06.2026 के PRD NO. PR 382606 (DISTRICT) 2026-27 द्वारा प्रकाशित निविदा के नियम एवं शर्त में कंडिका 39 जिसमें ''एक निविदा में एक ही संवेदक को एक ही कार्य निर्गत किया जायेगा। विशेष परिस्थिति में निर्णय लेने का अधिकार अद्योहस्ताक्षरी में निहित होगा'' को निरस्त किया जाता है। भोश नियम भार्ते यथावत रहेगी।

निविदा को इस हद तक संशोधित समझा जाय।

कार्यपालक पदाधिकारी
नगर परिषद विश्रामपुर

PR.NO.382727 District(26-27):D



## कार्यालय नगर परिषद्, बिश्रामपुर (पलामू)

Near Block Office, Block Road Bishrampur, Palamu (Jharkhand), Pin code- 822132

Email Id – nagarpanchayatbishrampur2010@gmail.com

पत्रांक 1360/न0प0, दिनांक– 18/06/2026

**CORRIGENDUM - 2**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि **कार्यालय नगर परिषद् विश्रामपुर के पत्रांक** 1353 **दिनांक** 17.06.2026 के PRD NO. PR 382607 (DISTRICT) 2026-27 द्वारा प्रकाशित निविदा के नियम एवं शर्त में कंडिका 39 जिसमें ''एक निविदा में एक ही संवेदक को एक ही कार्य निर्गत किया जायेगा। विशेश परिस्थिति में निर्णय लेने का अधिकार अद्योहस्ताक्षरी में निहित होगा'' को निरस्त किया जाता है। शेष नियम शर्ते यथावत रहेगी।

**निविदा को इस हद तक संशोधित समझा जाय।**

कार्यपालक पदाधिकारी
नगर परिषद् विश्रामपुर

PR 382726 (District)26-27*D



## झारखण्ड सरकार
## श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग
### जिला नियोजनालय, चतरा

एक दिवसीय भर्ती–कैम्प, दिनांक – **20.06.2026**

**सूचना**

जिला नियोजनालय–सह–मॉडल कैरियर सेन्टर, चतरा कार्यालय द्वारा दिनांक – 20.06.2026 को जिला नियोजनालय चतरा के कार्यालय परिसर में पूर्वाह्न 10:00 बजे से अपराह्न 04:00 बजे तक नियोजकों द्वारा विभिन्न पदो हेतु अधिसूचित रिक्तियों के लिए एक दिवसीय भर्ती कैम्प का आयोजन किया जा रहा है जिसका विवरण निम्नलिखित है।

| stall No. | Name & Address of the Employer | Name of the Post | No. of Post | Qualification | Gender | Age Yrs | Experience | Job location | Pay/Salary | Remarks |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | R.L.K. Vidya Mandir Chatra. | English Teacher | 2 | MA + B.ED | M/F | 25-50 | 5 Yrs | Chatra | 15K to 20K | -- |
| | | Computer Teacher | 2 | MCA | M/F | 25-50 | 5 Yrs | Chatra | 15K to 20K | -- |
| | | Hindi Teacher | 2 | M.A + B.ED | M/F | 25-50 | 5 Yrs | Chatra | 15K to 20K | -- |
| | | Sanskrit Teacher | 2 | M.A + B.ED | M/F | 25-50 | 5 Yrs | Chatra | 15K to 20K | -- |
| | | Geography Teacher | 1 | M.A + B.ED | M/F | 25-50 | 5 Yrs | Chatra | 15K to 20K | -- |
| 02 | Virson Security & FacilityServices Pvt Ltd | Security Guard | 120 | 10th | M/F | 18-45 | -- | Ranchi | 10K to 12K | -- |
| | | Supervisor | 50 | B.A | M | 21-45 | Yes | Ranchi | 12K to 14K | -- |
| | | Computer Operator | 10 | 12th | M | 21-45 | Yes | Ranchi | 10K to 12K | -- |
| | | Field Officer | 10 | B.A | M | 25-45 | Yes | Ranchi/Chatra | 12K to 20K | -- |

योग्य एवं इच्छुक उम्मीदवार जो पूर्व से निबंधित नहीं है, वे अपने निकटतम नियोजनालय में अथवा https://jharniyojan.jharkhand.gov.in/ पर अपना निबंधन कराते हुए उपरोक्त भर्ती कैम्प में नियोजक/नियोजक के प्रतिनिधि के समक्ष अपने सभी मूल प्रमाण पत्रों एवं उसकी एक छायाप्रति तथा बायोडाटा (02 कॉपी), दो पासपोर्ट साईज फोटो के साथ साक्षात्कार हेतु उपस्थित हो सकते है। जो उम्मीदवार पूर्व से निबंधित है, उन्हें पुनः निबंधन करवाने की आवश्यकता नहीं है। चूँकि रिक्ति निजी क्षेत्र से संबंधित है, अतएव चयन की प्रक्रिया में नियोजनालय का किसी भी प्रकार से हस्तक्षेप नहीं होगा। अतः इच्छुक उम्मीदवार अपना निबंधन एवं चयन हेतु निवास प्रमाण पत्र अपने साथ अवश्य लाएं।

**नोट :–** 1. किसी भी प्रकार का मार्ग व्यय देय नहीं होगा।
2. यह कार्य निःशुल्क है। किसी भी प्रकार का लेन–देन अपराध है।

जिला नियोजन पदाधिकारी
जिला नियोजनालय, चतरा

PR 382662 Labour Employment and Traning (26-27)_D

राष्ट्रीय नवीन मेल

# एआई से भागने का नहीं अपनाने का समय आ गया

इंडिया



सुनील बादल
कार्यकारी संपादक

अचानक आपके मोबाइल पर एक कॉल आता है जिसमें एक महिला नपे-तुले अंदाज में बात करती है और अचानक आपको पता चलता है कि आप किसी मधुर आवाज वाली महिला से नहीं एआइ से बात कर रहे थे तो कई बार आप डर भी जाते हैं पर अब यह हमारे जीवन में हर की लगभग हर गतिविधि में कहीं-न-कहीं शामिल है चाहे हम टीवी पर यूट्यूब देख रहे हों या मोबाइल पर किसी से बात कर रहे हों,हमारी हर पसंद-नापसंद की निगरानी यह मशीनी महामानव बिना बताए कर रहा होता है जिसके आधार पर हमारी ऑनलाइन जिंदगी सुगम लगने लगती है। केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि 'भारत कई देशों की तुलना में तकनीक को अधिक तेजी और प्रभावी ढंग से अपनाता है तथा एआई को खतरे के बजाय विकास का माध्यम मानता है। एआई कभी भी मानव बुद्धिमत्ता, मानवीय मूल्यों, संस्कृति और परंपराओं का स्थान नहीं ले सकता।' डीप फेक और एआई से एक आम भारतीय इस आधार पर डर रहा है कि पता नहीं कब उसकी आवाज या फोटो का नमूना लेकर रील में दिख रहे ट्रंप के नारियल पानी बेचने की तरह फर्जी वीडियो बन जाए या मेहनत के पैसे खाते से गायब हो जाएं पर एआई के रचनात्मक उपयोग और कमाई में बढ़ोत्तरी के भविष्य के उपयोग से लोग अनजान हैं । भारत में तकनीकी क्षेत्र में अत्याधुनिक तकनीक आई हो या नहीं पर यूपीआई से भुगतान में हम नंबर एक हैं जबकि साइबर ठगी में झारखंड भी कुख्यात है और जामताड़ा के बाद अनेक स्थानों में इसके गिरोह पकडे जा रहे हैं ऐसे में एआई यानी कृत्रिम बुद्धिमत्ता के दुरुपयोग की आशंका व्यक्त की जाती रही है क्योंकि आज भी भारत की बड़ी आबादी सूचना क्रांति के सहज सुलभ कार्यों से अपरिचित होने के कारण ऑनलाइन धोखेबाजी की शिकार होती रही है । लोगों को डर है कि धोखे से उनकी आवाज या चहरे की कॉपी कर जालसाजी की जाएगी पर एआई से होने वाले फायदे की चर्चा नहीं हो रही जिससे आमदनी भी तेजी से बधाई जा सकती है । जबकि तकनीकी क्षेत्र की दिग्गज कंपनी माइक्रोसॉफ्ट के भारत के आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) इकोसिस्टम में एशिया के अब तक के सबसे बड़े 1.5 लाख करोड़ रुपए के निवेश की घोषणा और इंटेल व कॉग्निजेंट के सीईओ का प्रधानमंत्री के साथ बैठक में बड़े निवेश का संकेत देना, देश की एआई महत्वाकांक्षाओं के लिए तो अच्छी खबर है ही, हमारी तकनीकी संप्रभुता के मजबूत होने का भी संकेत है। अमेजन एवं गूगल ने भी भारत में अरबों डॉलर के एआई निवेश की घोषणा की है।ये दिग्गज कंपनियां दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ने वाले डिजिटल बाजार में निवेश करने की होड़ में लगी हैं, तो यह केंद्र सरकार की अग्रसोची निवेशोन्मुखी नीतियों की सफलता का परिचायक कहा जा सकता है। 2026 से 2029 के बीच चार वर्षों के दौरान 17.5 अरब डॉलर के निवेश के निर्णय के साथ माइक्रोसॉफ्ट का लक्ष्य 2030 तक दो करोड़ भारतीयों को एआई तकनीक में कुशल बनाकर भारत को 'एआई-फर्स्ट' बनाना है, जिसमें दूसरी और तीसरी श्रेणी के शहरों और महिला प्रतिभागियों का एक बड़ा हिस्सा शामिल होगा।इस निवेश से जहां देश भर में आधुनिक क्लाउड एवं एआई डाटा सेंटरों का विस्तार हो सकता है, वहीं लाखों भारतीय व्यवसायों और स्टार्टअप को उच्च रफ्तार वाली कंप्यूटिंग क्षमता हासिल हो सकती है। यही नहीं, इसके जरिये लाखों भारतीय युवाओं को एआई तकनीक में प्रशिक्षण देकर भविष्य की नौकरियों के लिए तैयार किया जा सकता है। इससे भारत की एआई क्षेत्र में संप्रभु क्षमता मजबूत होगी और महत्वपूर्ण डाटा देश के भीतर सुरक्षित रहेगा।इस वर्ष की शुरुआत में भारत दौरे पर आए माइक्रोसॉफ्ट के सीईओ ने दो वर्षों में तीन अरब डॉलर के निवेश की घोषणा की थी। इस वर्ष के अंत तक देश में डाटा प्रोसेसिंग करने के साथ माइक्रोसॉफ्ट 365 कोपायलट लॉन्च करने की योजना है, जो सरकार, बैंकिंग, वित्तीय सेवा, बीमा और स्वास्थ्य सेवा जैसे क्षेत्रों के लिए भारत में एआई डाटा गवर्नेंस और अनुपालन सुनिश्चित करेगा। दरअसल माइक्रोसॉफ्ट एआई, डिजिटल व्यापार और कार्यबल के प्रशिक्षण में भारत-अमेरिकी भागीदारी को मजबूत करने में अपनी भागीदारी को और गहरा करना चाहती है।इसके अलावा, प्रधानमंत्री मोदी से मुलाकात में कॉग्निजेंट के सीईओ रवि कुमार एस ने एआई को तेजी से अपनाने और एआई क्षमताओं और उत्पादकता को बढ़ाने के लिए शिक्षा व कौशल विकास को आगे बढ़ाने पर चर्चा की, तो इंटेल कॉरपोरेशन के सीईओ लिप बू टैन ने भारत के सेमीकंडक्टर इकोसिस्टम में अपने निवेश को और बढ़ाने की इच्छा जताई, जिससे भारत के एआई नवाचार के वैश्विक केंद्र के रूप में खुद को स्थापित करने के प्रयासों में तेजी आने की उम्मीद है। समय की मांग है कि हम भविष्य के भारत और झारखंड के लिए एआइ से डरने के बजाय अपनाएं ताकि आनेवाली पीढ़ी का प्रतिभा पलायन न हो ।



जो आध्यात्मिक प्रशिक्षण आपने मुझे दिया है वह परिपूर्ण था, और है। गुरु का मूल्यांकन नहीं किया जा सकता, और यदि ऐसा करना ही हो, तो यह उन नियमों के आधार पर नहीं किया जा सकता जो दो बराबरी वालों में मित्रता के लिये लागू होते हैं। मैंने सदा यह जाना है। **श्री ज्ञानमाता, 'परमहंस योगानंद'**

# नारी शक्ति का दशक, विकसित भारत का उत्कर्ष

आज की बात



अन्नपूर्णा देवी
केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री

**मोदी सरकार के पिछले 12 वर्षों में महिला सशक्तिकरण केवल एक नारा नहीं, बल्कि करोड़ों महिलाओं के जीवन में आया वास्तविक परिवर्तन बनकर उभरा है। स्वच्छ ईंधन, घर-घर जल, शौचालय, पक्का आवास, वित्तीय समावेशन, मातृ स्वास्थ्य, शिक्षा, उद्यमिता और राजनीतिक भागीदारी जैसे क्षेत्रों में हुए व्यापक बदलावों ने भारतीय महिलाओं को लाभार्थी से राष्ट्र निर्माण की सक्रिय भागीदार के रूप में स्थापित किया है।**



एआई जेनरेटेड

देश के किसी भी गाँव, बस्ती या सुदूर इलाके में जाइए- हर घर की रसोई में एक जैसी बदली हुई हवा महसूस होगी। चूल्हे के जिस काले धुएँ ने कभी नई दुल्हन की आँखों में आँसू भरे थे, उज्ज्वला की नीली लौ ने उसे विदा कह दिया है। जो माँ कभी कोसों दूर से पानी ढोती थी, आज उसकी बेटी के पास 'हर घर जल' का अपना नल है। खेत के पीछे की वह शर्मनाक मजबूरी अब इतिहास है- आँगन में स्वच्छ भारत का शौचालय गरिमा के साथ खड़ा है। सिर पर पक्की छत है, और उसके मालिकाना हक पर पहली बार- घर की महिला का नाम लिखा है। पर्स में जन-धन की पासबुक है और फोन में यूपीआई का ऐप है।

यह किसी पोस्टर पर छपी कोई काल्पनिक तस्वीर नहीं, बल्कि मोदी सरकार के बारह वर्षों में महिला सशक्तिकरण का एक ऐसा सच है, जिसे देश की करोड़ों महिलाएँ हर रोज़ जी रही हैं। यह उस दौर की दास्तान है जिसमें Women Led Development के विजन के साथ भारतीय नारी विकसित भारत की शिल्पकार बन रही है।

इस बदलाव की विशालता को समझने के लिए एक दशक पीछे लौटिए। एक समय मातृ मृत्यु दर 212 थी। निर्भया जैसी घटना पर देश का आक्रोश सड़कों पर था, लेकिन व्यवस्था में नीतिगत इच्छाशक्ति और संवेदनशीलता की कमी दिखाई देती थी। महिला आरक्षण विधेयक 1996 से चार बार अधर में लटका रहा और ट्रिपल तलाक पर दशकों तक कोई निर्णायक कार्रवाई नहीं हुई। चूल्हा साँसों में कालिख घोलता था। दूरस्थ हैंडपंप रोज़मर्रा की बेबसी का प्रतीक था। भारतीय नारी एक नई सुबह की प्रतीक्षा में अपने हिस्से की उम्मीद बचाए हुए थी।

शुरुआत करते हैं सबसे पवित्र आँकड़े—जीवन का अधिकार से। देश में मातृ मृत्यु दर तेजी से घटकर 212 से 88 पर आ गई है। UN-MMEIG के अनुसार जहाँ वैश्विक स्तर पर मातृ मृत्यु दर में महज़ 48% की कमी आई, वहीं भारत ने 86% की ऐतिहासिक गिरावट दर्ज की है। संस्थागत प्रसव 38.7% से बढ़कर 90.6% हो चुका है। प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना ने चार करोड़ से अधिक माताओं के बैंक खातों में 20,000 करोड़ रुपये से अधिक सीधे हस्तांतरित कर सुरक्षित मातृत्व और स्वस्थ बचपन की नींव मजबूत की है।

देश में बने 12 करोड़ से अधिक घरेलू शौचालयों ने महिलाओं को गरिमा दी।10.5 करोड़ से अधिक उज्ज्वला कनेक्शनों ने धुएँ से मुक्ति दी। आज 16 करोड़ से अधिक घरों तक नल का पानी पहुँच चुका है—जबकि 2014 में महज 17% परिवारों के पास यह सुविधा थी। प्रधानमंत्री आवास योजना के लगभग 4 करोड़ घरों में से 73% घर महिलाओं के नाम पर हैं। स्वतंत्र भारत के इतिहास में पहली बार सरकारी रिकॉर्ड्स पर माँ-बहनों का नाम गर्व से दर्ज है।

गरिमा से स्वामित्व आया, और स्वामित्व ने निर्णय लेने का आत्मविश्वास दिया। आर्थिक भागीदारी का यह विस्तार बैंक खाते से शुरू होकर उद्यमिता तक पहुँचा है। लगभग 56 करोड़ जन-धन खातों में 56% खाते महिलाओं के नाम पर हैं।

विश्व बैंक मानता है- भारत ने एक दशक में खाता-स्वामित्व के जेंडर गैप को शून्य पर ला दिया है, जो वैश्विक वित्तीय समावेशन के इतिहास में अभूतपूर्व है। मुद्रा योजना के तहत 52 करोड़ से अधिक जमानत-मुक्त ऋणों में से 68% ऋण महिलाओं को मिले हैं। स्टैंड-अप इंडिया ने महिला उद्यमियों को 43,000 करोड़ रुपये से अधिक दिए हैं और "दीनदयाल अंत्योदय योजना – राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (DAY-NRLM) के तहत 91 लाख से अधिक स्वयं सहायता समूहों (SHGs) ने 12 लाख करोड़ रुपये से अधिक की पूंजी जुटाई है।" निर्धारित समय से पहले 3 करोड़ बहनें 'लखपति दीदियाँ' बन चुकी हैं।

यह बदलाव शिक्षा और रोजगार में भी स्पष्ट है । देश में महिला श्रम शक्ति भागीदारी (LFPR) वर्ष 2017-18 के 23.3% से बढ़कर वर्ष 2023-24 में 41.7% हो गई है, जबकि ग्रामीण क्षेत्रों में यह भागीदारी 47.6% तक पहुँच चुकी है । सुकन्या समृद्धि योजना के तहत अब तक 4.53 करोड़ खातों में 3.33 लाख करोड़ रुपये से अधिक की राशि जमा है । उच्च शिक्षा में हमारा जेंडर समानता सूचकांक (GPI) 1 के पार है और STEM शिक्षा में बेटियों की भागीदारी 43% है, जो वैश्विक स्तर पर सबसे अधिक में से एक है।

यह परिवर्तन केवल अनुभवों में नहीं, SRS, NFHS, PLFS, विश्व बैंक और संयुक्त राष्ट्र—हर रिपोर्ट एक ही दिशा की ओर इशारा करती है: भारतीय महिला के लिए पहुँच बढ़ी है और आत्मनिर्भरता का नया आसमान खुला है।

इसी आर्थिक-सामाजिक चेतना का विस्तार राजनैतिक और लोकतांत्रिक भागीदारी में दिख रहा है। वर्ष 2019 के आम चुनावों में पहली बार महिलाओं का मतदान प्रतिशत पुरुषों से अधिक रहा। वर्ष 2024 के लोकसभा चुनावों में 31.2 करोड़ महिलाओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया—यह वैश्विक स्तर पर महिलाओं की सबसे बड़ी लोकतांत्रिक भागीदारी थी। इसी के फलस्वरूप दशकों से लंबित 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' संसद में ऐतिहासिक सर्वसम्मति से पास हुआ। आज जमीनी स्तर पर 14.5 लाख से अधिक महिला प्रतिनिधि पंचायतों का नेतृत्व कर रही हैं। देश की रक्षा की अग्रिम पंक्ति में भी महिलाएँ राफेल उड़ा रही हैं और नौसेना की कमान संभाल रही हैं।

मुस्लिम महिला (विवाह अधिकार संरक्षण) अधिनियम, 2019 ने ट्रिपल तलाक पर प्रभावी रोक लगाई, जिससे ऐसे मामलों में 82% की कमी आई है।देशभर में स्थापित 973 वन स्टॉप सेंटर्स पर संकटग्रस्त महिलाओं को एक ही छत के नीचे चिकित्सा, कानूनी सहायता और काउंसलिंग मिल रही है। Women Helpline-181 ने अब तक 1 करोड़ से अधिक महिलाओं की मदद की है । मिशन शक्ति, मिशन वात्सल्य, सक्षम आँगनवाड़ी—ये नारी-नेतृत्व वाले भारत की रीढ़ हैं।

बेशक, महिला सशक्तिकरण की राह में अभी भी चुनौतियाँ हैं, जिन पर सरकार पूरी प्रतिबद्धता से काम कर रही है। इसके साथ ही, नारी शक्ति वंदन अधिनियम आगामी परिसीमन की प्रक्रिया की प्रतीक्षा में है।

हमारे गणतंत्र के इतिहास में पहली बार भारतीय महिला अब नीति निर्धारण के पटल पर केवल लाभार्थी नहीं, बल्कि उसकी सक्रिय 'सह-निर्माता' है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के दूरदर्शी नेतृत्व में वह अब राष्ट्र-निर्माण की प्रक्रिया की सहयात्री है, सहभागी है और सूत्रधार भी।

**(लेखिका भारत सरकार में केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री हैं।)**

# चेहरे का संकट या संगठन की रणनीति

अलग बात



केदारनाथ दास

भारतीय राजनीति में कोई भी दल केवल विचारधारा या चुनावी मशीनरी के सहारे लंबे समय तक सफलता हासिल नहीं कर सकता। यह एक ऐसा वैचारिक और संगठनात्मक प्रश्न है जब हर दल को कुछ ऐसे स्थानीय नेताओं की आवश्यकता होती है जो अपने-अपने राज्यों की सामाजिक संरचना, सांस्कृतिक संवेदनाओं और राजनीतिक आकांक्षाओं का प्रतिनिधित्व करता रहे। तामिलनाडु राज्य में भाजपा अध्यक्ष रहे कुपुसामी अन्नामलाई के द्वारा भाजपा की राजनीति से तौबा कर लेने के बाद इस बहस के दायरे में पूरा देश आ गया है। सरसरी तौर पर लगभग 18 करोड़ सदस्यों के साथ दुनिया के सबसे बड़े राजनीतिक संगठन होने का दावा करने वाले इस संगठन के लिए एक अदद अन्नामलाई का यह प्रसंग बहुत छोटा हो सकता है लेकिन इस प्रसंग के साथ एक बड़ा सवाल यह छिपा हुआ है कि तमाम बड़े दावों के बावजूद भाजपा "मोदी" के प्रभामंडल से बाहर क्यों नहीं निकल पा रहा है? ऐसा भी तब जबकि केवल करिश्माई राष्ट्रीय नेतृत्व के बूते किसी भी दल का स्थायी विस्तार कतई संभव नहीं है । कांग्रेस का पतन इस बात का उदाहरण है कि जैसे जैसे राज्यों में स्थानीय नेतृत्व कमजोर पड़ता गया वैसे वैसे राष्ट्रीय लोकप्रियता का आकर्षण भी श्रीविहीन होता चला गया। दूसरी ओर, मजबूत चेहरों के साथ क्षेत्रीय दल हैं जो आज भी निर्णायक भूमिका निभाते नजर रहे हैं। निस्संदेह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भारतीय राजनीति के सबसे प्रभावशाली नेताओं में से एक हैं। उन्होंने कार्यकाल की दृष्टि से न केवल नेहरू को पीछे छोड़ दिया है बल्कि में उनके नेतृत्व में भाजपा ने अभूतपूर्व विस्तार भी किया है। इन तथ्यों के बावजूद सच तो यही है कि राजनीति में कोई भी चेहरा स्थायी नहीं होता। ऐसे में, किसी भी संगठन की वास्तविक शक्ति इस बात से मापी जाती है कि वह अगली पीढ़ी का नेतृत्व तैयार करने में कितना सक्षम है? अब भाजपा के सामने सतही तौर पर जो कुछ सामने है उसके अनुसार मोदी जी की अभूतपूर्व सफलता के बावजूद भाजपा आज यह एक ऐसा संगठन बन चुका है जो देश के किसी भी राज्य में अपने अंदर से कोई मजबूत और लोकप्रिय नेतृत्व खड़ा नहीं कर पाया है। इतना ही नहीं, जो अवधारणा सामने है उसकी मानें तो यह एक ऐसा संगठन बनकर सामने है जो अपने करिश्माई नेताओं को कुंठित बनाए रखने में कोई कोताही नहीं बरतता। तेलंगाना में टी. राजा सिंह, कर्नाटक में तेजस्वी सूर्या और तमिलनाडु में अन्नामलाई जैसे कई नाम गिनाए जा सकते हैं जब इसने अपने करिश्माई नेताओं की भूमिका को सीमित करके रख दिया है। केरल-आंध्र प्रदेश जैसे प्रदेशों की स्थिति तो और भी गई बीती है जहां इसके पास एक प्रभावी नेतृत्व उभर ही नहीं पाया है। लब्बोलुआब यह कि भाजपा का थिंकटैंक जानबूझकर अपनी विचारधारा से निकले ऐसे नेताओं को नियंत्रित रखना चाहती है जो भविष्य में कभी शक्ति के केंद्र बन सकते हैं। बचाव में यह तर्क जरुर दिया जाता है कि यह विचारधारा व्यक्तिवाद के स्थान पर सामूहिक नेतृत्व व अनुशासित ढांचे पर विश्वास रखता है और आरएसएस की विचारधारा से प्रेरित भाजपा किसी भी क्षेत्रीय नेता के उदय को अंततः संगठनात्मक संतुलन के लिए चुनौती मानता है। वस्तुतः यही वह पेंच है जब "पार्टी विथ डिफरेंस" का दावा करने वाली भाजपा आज सवालों के घेरे में है। यह सवाल इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि राजनीति केवल संगठनात्मक अनुशासन का विषय भर नहीं होता बल्कि समग्र रूप से यह जनस्वीकृति और भावनात्मक जुड़ाव का विषय भी होता है। यदि ऐसा कुछ नहीं होता तो चुनाव के वक्त एक आम मतदाता उम्मीदवार के व्यक्तित्व के बजाय सिर्फ चुनाव चिन्ह व विचारधारा देखकर मतदान करता। इसी तरह यदि ऐसा नहीं होता तो उत्तर प्रदेश में योगी आदित्यनाथ, असम में हिमंत बिस्वा सरमा और पश्चिम बंगाल में शुभेंदु अधिकारी जैसे नेताओं की मौजूदगी भाजपा को अतिरिक्त राजनीतिक ऊर्जा प्रदान नहीं करती।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

आपकी बात

## दस्तक



राखी ठाकुर

सांस रोके - धप धप
नए साल का थप थप
कहां हो मीठी - खुश- फुस
दरवाजा तो खुला होगा
स्टडी में बैठी पढ़ती होगी
अपने मीठे मीठे जूड़े में,
जो मानता तो नहीं होगा
अरे इधर देखो, हम आ गए
तो कुछ नया लिखो न
फिर से।

राष्ट्रीय नवीन मेल

धर्म-अध्यात्म

## आत्मबोध का प्रकाश



श्री श्री परमहंस योगानंद

अपने अन्तर में एकाग्रचित होकर, आप अपनी आत्मा के दिव्य आनन्द को सीधे भीतर में अनुभव कर सकते हैं और बाहर भी। यदि आप स्वयं को इस चेतना में स्थिर कर सकें, तो आपका बाह्य व्यक्तित्व विकसित हो जाएगा और सब प्राणियों के लिए आकर्षक बन जाएगा। आत्मा ईश्वर के प्रतिबिम्ब में बनी है, और जब हम आत्मबोध में स्थित हो जाते हैं, तो हमारा व्यक्तित्व ईश्वर की श्रेष्ठता और सुन्दरता को प्रदर्शित करने लग जाता है। वही आपका वास्तविक व्यक्तित्व है। अन्य कोई विशिष्टता जिसे आप व्यक्त करते हैं, न्यूनाधिक एक आरोपण मात्र है- वे वास्तविक "आप" नहीं हैं। आत्म-विश्लेषण करें: आपके भीतर कुछ है जो हमेशा आपको उस "कुछ और" को ढूँढने के लिये उकसाता रहता है जिसका अभाव आपको अपने जीवन में महसूस होता है। सभी मनुष्यों के अन्तर् में उपलब्धि हासिल करने की एक गहरी आकांक्षा पैठी होती है। क्यों? क्योंकि हम परमपिता से टूट कर अलग हो चुके हैं। हम ईश्वर में निहित अपने शाश्वत धाम से भटक चुके हैं, और हम उस खोई हुई पूर्णता को पुनः प्राप्त करने के लिये लालायित रहते हैं।आत्मा पूर्णतया परिपूर्ण है, परन्तु जब यह अहम् के रूप में शरीर के साथ एकरूप हो जाती है, तो मानवीय अपूर्णताओं के कारण इसकी अभिव्यक्ति विकृत हो जाती है।... योग हमें स्वयं में तथा दूसरों में दिव्य प्रकृति को जानना सिखाता है। योग ध्यान द्वारा हम जान सकते हैं कि हम देवता हैं।। हिलते हुए पानी में चन्द्रमा का प्रतिबिम्ब स्पष्ट रूप से नहीं देखा जा सकता, परन्तु जब पानी की सतह शान्त होती है, तो चन्द्रमा का स्पष्ट प्रतिबिम्ब दिखाई देता है। ऐसा ही मन के साथ है: जब यह शान्त होता है तो आत्मा के चन्द्रमा रूपी चेहरे का प्रतिबिम्ब आप स्पष्ट रूप से देखते हैं। आत्मा के रूप में हम ईश्वर के प्रतिबिम्ब हैं।

**-पुस्तक जहां है प्रकाश से साभार**

## आज का दोहा

राम देखते रह गए श्रद्धा बची, न मान।
वक्त बदलते ही सुना, बदल गया इंसान।।

**सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)**

## रचना भेजिए

समाचारों के संबंध में शिकायत, सुझाव या इस पेज के लिए आर्टिकल कृपया भेजें article.rnmail@gmail.com कॉल/व्हाट्सएप - 82925 53444 -संपादक

फेसबुक वॉल से




एक्स से




# स्वस्थ जीवन का आनंद लेने की कला है योग

योग की बात



कुमार कृष्णन

तक़रीबन एक दशक पहले भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 27 सितम्बर 2014 को संयुक्त राष्ट्र महासभा में योग को भारत की प्राचीन परंपरा का अमूल्य उपहार बताते हुए इसे वैश्विक स्तर पर मनाने का प्रस्ताव रखा था। इसका उद्देश्य भारत की प्राचीन परंपरा को समस्त मानवता के स्वास्थ्य और सामूहिक कल्याण से जोड़ना था। संयुक्त राष्ट्र में 190 देशों ने भारत के इस प्रस्ताव का समर्थन किया था। 90 दिनों के रिकॉर्ड समय के भीतर, 11 दिसंबर 2014 को संयुक्त राष्ट्र ने 21 जून को 'अंतरराष्ट्रीय योग दिवस' के रूप में घोषित कर दिया।


बीसवीं सदी के महानतम संत स्वामी शिवानंद के शिष्य और विश्व योग आंदोलन के प्रवर्तक स्वामी सत्यानन्द सरस्वती जी ने योग की संभावनाओं को पहचानते हुए साठ के दशक में ही घोषित कर दिया था कि योगविद्या विश्वव्यापी संस्कृति के रूप में उभरेगी और विश्व की घटनाओं को निर्देशित करेगी। आज जब सारा विश्व अप्रत्याशित चुनौतियों का सामना करते जा रहा है तो उनकी भविष्यवाणी खरी उतरती दिख रही है। इस वर्ष के अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की थीम "स्वस्थ आयु के लिए योग" है। "जो लोग लंबे समय तक स्वस्थ और सक्रिय बने रहने के उपाय खोज रहे हैं, उनके लिए योग एक अत्यंत उपयुक्त विकल्प है। योग हर मनुष्य को स्वस्थ, सकारात्मक, सृजनात्मक और संतोषपूर्ण जीवन जीने के साधन उपलब्ध कराता है। योग के माध्यम से हम यह सीखते हैं कि अपनी जीवनशैली को उन्नत बनाकर किस प्रकार समाज के उत्थान में सकारात्मक योगदान दे सकते हैं। बीसवीं सदी के महानतम संत स्वामी शिवानन्द सरस्वती ने कहा है कि अपने जीवन रूपी खेत में विचार बोने से एक कर्म पैदा होता है, कर्म बोने से आदत, आदत बोने से चरित्र और चरित्र बोने से नियति पैदा होती है। उनके इस सिद्धान्त को चरितार्थ करने का यह सर्वोत्तम समय है।


अंतराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त बिहार योग विद्यालय (मुंगेर) के परमाचार्य परमहंस स्वामी निरंजनानंद सरस्वती के अनुसार, स्वस्थ वृद्धावस्था का रहस्य केवल शारीरिक व्यायाम नहीं, बल्कि एक यौगिक सकारात्मक दिनचर्या है। इसका उद्देश्य शरीर में रोग-प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाना, भावनात्मक संतुलन, और सकारात्मकता बनाए रखना है। बीसवीं शताब्दी के दौरान मृत्यु दर में भारी गिरावट आई है और जन्म दर में भी कुछ हद तक कमी आई है। हालांकि, जीवन प्रत्याशा में वृद्धि हुई है और 65 वर्ष और उससे अधिक आयु वर्ग की जनसंख्या की वृद्धि दर अब विश्व की समग्र जनसंख्या वृद्धि दर से अधिक हो गई है। परिणामस्वरूप, हमें किसी भी जनसंख्या में पहले की तुलना में अधिक वृद्ध लोग मिलते हैं और यह संख्या बढ़ने की उम्मीद है।इसके अलावा, अधिक से अधिक बुजुर्ग लोग शारीरिक और मानसिक रूप से लंबे समय तक स्वस्थ रह रहे हैं, और यह मानवीय ऊर्जा एक ऐसा संसाधन है जिसका उचित उपयोग किया जाना चाहिए। वास्तव में, संयुक्त राष्ट्र ने 1999 को 'अंतर्राष्ट्रीय बुजुर्ग वर्ष' घोषित किया था। वृद्धावस्था की समस्याएं विशिष्ट होती हैं और मानवीय संसाधनों पर गुणात्मक, मात्रात्मक और अवधि के लिहाज से बहुत अधिक दबाव डालती है। डॉ स्वामी निर्मलानंद सरस्वती वृद्धावस्था के अध्ययन को जराविज्ञान और वृद्धावस्था के चिकित्सा प्रबंधन को जराचिकित्सा कहा जाता है। आज के मानदंडों के अनुसार, पैंसठ वर्ष और उससे अधिक आयु के किसी भी व्यक्ति को 'वरिष्ठ नागरिक' कहा जाता है, लेकिन परमहंस स्वामी सत्यानंद सरस्वती कहते थे कि सामान्य जीवन प्रत्याशा डेढ़ सौ वर्ष है और यदि हम एक सच्चे योगिक जीवन शैली को अपनाना सीख लें तो शायद हम इसे भी प्राप्त कर सकते हैं। शारीरिक स्तर पर उम्र बढ़ने के साथ शरीर की सीमाएं और विभिन्न बीमारियां शामिल हैं। शारीरिक सीमाएं सीमित गतिशीलता, जोड़ों में अकड़न और मांसपेशियों की कमजोरी के कारण होती हैं। विभिन्न इंद्रियों की कार्यक्षमता में कमी, जैसे कि कमजोर दृष्टि, बहरापन और संतुलन की क्षमता में गिरावट, इन सीमाओं को और बढ़ा देती हैं। वृद्ध लोग हड्डियों के टूटने, सीने और मूत्र संक्रमण के प्रति भी अधिक संवेदनशील होते हैं। रक्त संचार धीमा हो जाता है और पाचन क्रिया खराब हो जाती है। युवावस्था में तनावपूर्ण जीवनशैली के दुष्परिणाम उच्च रक्तचाप, हृदय रोग, मधुमेह आदि के रूप में सामने आ सकते हैं। उम्र बढ़ने के साथ-साथ मस्तिष्क और अन्य अंगों के अपक्षयी रोग, जैसे कि प्रोस्टेट ग्रंथि का बढ़ना, भी अधिक देखने को मिलते हैं। संक्षेप में, शरीर की शारीरिक संरचना में परिवर्तन के कारण उम्र बढ़ने के साथ-साथ शारीरिक समस्याएं भी बढ़ती जाती हैं। दूसरी तरह की समस्याओं में मानसिक क्षमताओं का कमजोर होना शामिल है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाई पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल', सह कार्यकारी संपादक : प्रवीण कुमार दूबे, स्थानीय संपादक : डॉ राणा अरुण सिंह*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बागान, हरमू रोड, रांची-834001, फोन नं.- 0651-3553943, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट, लोहरदगा। - फोन : 7903891779, ई-मेल : समाचार - news.rnmail@gmail.com, लेख - article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# पीओजेके में पाकिस्तान के खिलाफ बगावत!





# 11 दिन से लॉकडाउन, रावलकोट में कर्फ्यू जैसे हालात

**एजेंसी। श्रीनगर**

जम्मू-कश्मीर जॉइंट अवामी एक्शन कमिटी ने दावा किया है कि पाकिस्तान के कब्ज़े वाले जम्मू-कश्मीर (पीओजेके) का रावलकोट शहर पिछले 11 दिनों से "कफ़्र्यू जैसे हालात" में है, जबकि पूरे पीओजेके में लगातार 10 दिनों से शटडाउन और चक्का-जाम हड़ताल चल रही है। एक्स पर शेयर की गई एक पोस्ट में जेकेजेएएसी ने बताया कि रावलकोट के चारों ओर प्रदर्शनकारियों के शांतिपूर्ण धरने जारी हैं और रोज़मर्रा की ज़िंदगी में बढ़ती पाबंदियों और रुकावटों के बावजूद स्थानीय लोग इस आंदोलन की मांगों का समर्थन कर रहे हैं। ग्रुप ने आरोप लगाया कि सुरक्षा बलों ने नीलम घाटी से काफिले में आ रहे शांतिपूर्ण प्रदर्शनकारियों के खिलाफ कार्रवाई की। हालांकि, उन्होंने कहा कि किसी के हताहत होने की खबर नहीं है और इस कार्रवाई के बावजूद धरना-प्रदर्शन जारी रहा।

समिति के अनुसार, अधिकारियों ने सोनू इलाके के पास भी पाबंदियां लगा दीं, जहां पंजाब पुलिस ने कथित तौर पर रात में नाकेबंदी की थी। प्रदर्शन के आयोजकों का दावा है कि यात्रियों को इस इलाके में दवाएं, खाने-पीने का सामान और अन्य जरूरी चीजें ले जाने से रोका गया। समूह द्वारा उद्धृत रिपोर्टों से पता चलता है कि कई वाहनों को रोका गया और उन्हें राहत सामग्री ले जाने की अनुमति नहीं दी गई। चल रही हड़ताल के कारण बाजार बंद हैं, सड़कें अवरुद्ध हैं और क्षेत्र के कई हिस्सों में जन आवागमन बुरी तरह प्रतिबंधित है। इन परिस्थितियों के बावजूद, जेकेजेएएसी ने जोर देकर कहा कि जनता का मनोबल मजबूत बना हुआ है और विरोध आंदोलन के लिए समर्थन कम नहीं हुआ है। जेकेजेएएसी ने पाकिस्तानी अधिकारियों पर गिरफ्तारी, दबाव बनाने की रणनीति और सुरक्षा उपायों के माध्यम से जनता की मांगों को दबाने का आरोप लगाया। उसने कहा कि आंदोलन तब तक शांतिपूर्ण ढंग से जारी रहेगा जब तक कि लोगों के बुनियादी अधिकार सुरक्षित नहीं हो जाते।

## बलूचिस्तान में सरकारी कर्मचारियों का हल्ला बोल, मांगों को लेकर डटे

**क्वेटा।** पाकिस्तान स्थित बलूचिस्तान प्रांत के कर्मचारी संगठनों ने अपनी सरकार के खिलाफ हल्ला बोल दिया है। सड़क पर उतर आए हैं और सरकारी विभागों और स्कूलों को अनिश्चितकाल तक बंद रखने का ऐलान कर दिया है। हुक्मरानों को चेतावनी भी दी गई है कि अगर उनकी बातों पर गौर नहीं किया गया तो 19 जून से आमरण अनशन पर बैठेंगे। स्थानीय मीडिया ने गुरुवार को इसकी जानकारी दी। बलूचिस्तान एम्प्लाइज ग्रैंड अलायंस नाम के संगठन के अनुसार यदि उनकी मांगें पूरी नहीं हुईं तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। प्रमुख पाकिस्तानी दैनिक डॉन के मुताबिक, यह फैसला उस समय लिया गया जब कर्मचारियों और पुलिस के बीच झड़पें हुईं और कई नेताओं को गिरफ्तार कर लिया गया। स्थानीय मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, आंदोलनकारियों ने आरोप लगाया है कि शांतिपूर्ण प्रदर्शन के दौरान उनके खिलाफ "कठोर कार्रवाई" की गई। रिपोर्ट के मुताबिक, कर्मचारियों ने बलूचिस्तान बजट सत्र के दौरान विधानसभा तक मार्च निकालने की योजना बनाई थी, लेकिन स्थानीय प्रशासन ने भारी पुलिस बल और फ्रंटियर कॉर्प्स तैनात कर दिया। प्रदर्शनकारियों को चमन फाटक के पास रोक दिया गया, जहां अलग-अलग इलाकों से आए प्रदर्शनकारी इकट्ठा हुए थे।

भीड़ को तितर-बितर करने के लिए पुलिस ने आंसू गैस का इस्तेमाल किया और 10 से अधिक नेताओं और कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार किया।


# चंदा चोरी विवाद के बीच आज अयोध्या पहुंच रहे सीएम योगी

## मंच से नदारद रहेंगे चंपत राय!

- **मंदिर कर्मचारियों से पूछताछ कर दस्तावेजों की जांच कर रही है**
- **दान विवाद की गहन जांच के आदेश पहले ही दिए जा चुके हैं और एसआईटी सक्रिय है**

**एजेंसी। अयोध्या**

राम मंदिर के लिए मिले दान में कथित तौर पर पैसे की हेराफेरी को लेकर चल रहे विवाद के बीच, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का 19 जून को अयोध्या का प्रस्तावित दौरा सभी का ध्यान खींच रहा है। राम मंदिर दान विवाद की पहले ही गहन जांच के आदेश दिए जा चुके हैं। जांच टीम मंदिर के कर्मचारियों से पूछताछ कर रही है और कथित तौर पर पैसे की हेराफेरी के मामले में पिछले कुछ दिनों में उनके कामकाज की जांच-पड़ताल कर रही है। हालांकि, अगर योगी आदित्यनाथ इस मुद्दे पर कोई बयान देते हैं, तो सबकी नज़रें उन पर टिकी होंगी। जानकारी यह भी है कि चंदा चोरी के मामले की जांच के बीच इस दौरे को लेकर जिला प्रशासन ने एक प्रोटोकॉल तैयार किया है। इसमें राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की ओर से चंपत राय की बजाय उनके प्रतिनिधि को शामिल करने की बात कही गई है। यह मामला पहले ही राजनीतिक तूल पकड़ चुका है। समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव ने मंदिर प्रशासन पर बड़े पैमाने पर अनियमितताओं, वित्तीय कुप्रबंधन और दान की रकम कथित तौर पर हड़पने का आरोप लगाया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अयोध्या यात्रा 27 जून को प्रस्तावित श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के अध्यक्ष महंत नृत्य गोपाल दास की जयंती समारोह के साथ तय हुई है। महंत नृत्य गोपाल दास 27 जून को 88 साल के हो जाएंगे। इस मौके पर आध्यात्मिक गुरुओं का एक सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है और जश्न की शुरुआत 19 जून से 10 दिन तक चलने वाली श्री राम कथा से होगी। इस बड़े कार्यक्रम में शामिल होने के लिए कई मुख्यमंत्रियों को निमंत्रण पत्र भेजे गए हैं और कुछ खबरों के मुताबिक, उनमें से कई ने अपनी सहमति भी दे दी है।



### चंदा चोरी मामले में कितने लोगों पर एसआईटी की रडार?

**अयोध्या।** अयोध्या में राम मंदिर के दान की कथित चोरी और वित्तीय अनियमितताओं की जांच कर रही उत्तर प्रदेश सरकार की विशेष जांच टीम (एसआईटी) ने बुधवार को श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय और प्रशासक गोपाल राव से पूछताछ की। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार, टीम ने दान राशि की गिनती, रेकॉर्ड रखने और मंदिर की व्यवस्थाओं से जुड़े लोगों से भी सवाल किए। एसआईटी प्रमुख और लखनऊ मंडलायुक्त विजय विश्वास पंत, आईजी किरण एस तथा वित्त विभाग के वेशेष सचिव नील रतन ने अलग-अलग पूछताछ की। टीम ने सीसीटीवी फुटेज, दान पेटियों और संबंधित दस्तावेजों की जांच की तथा रिकॉर्ड अपने क जे में लिए। दान में मिली आभूषणों और कीमती धातुओं के भंडारकक्ष का भी निरीक्षण गया। मामले में अब तक तीन शिकायतें दर्ज कराई जा चुकी है, लेकिन पुलिस ने कोई एफआईआर दर्ज नहीं की है।

**कुल 327.07 करोड़ रुपये की आय :** राम मंदिर में हर साल करोड़ों रुपये की आय चढ़ावा और देश-विदेश से मिले दान के रूप में हुई। मंदिर सूत्रों के अनुसार, वित्तीय वर्ष 2024- 25 में विभिन्न स्रोतों से कुल 327.07 करोड़ रुपये की आय हुई। इसमें ऑनलाइन, RTGS, नकद, चेक आदि माध्यमों से प्राप्त राशि शामिल है। कुल आय में 153 करोड़ रुपये दान के रूप में प्राप्त हुए।

## शीर्ष कंपनियों के सीईओ से पीएम मोदी ने संभावनाओं पर की चर्चा

**एजेंसी। पेरिस**



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को कई शीर्ष कंपनियों के सीईओ और वरिष्ठ अधिकारियों से मुलाकात की और उन्हें देश में तेजी से बढ़ते मैन्युफैक्चरिंग और इनोवेशन इकोसिस्टम के बारे में जानकारी दी। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, "प्रधानमंत्री मोदी ने मिस्ट्रल एआई के को-फाउंडर और सीईओ आर्थर मेन्श से मुलाकात की। प्रधानमंत्री ने भारत के बढ़ते एआई इकोसिस्टम में मौजूद मौकों के बारे में बताया। वहीं, मेन्श ने इनोवेशन को बढ़ावा देने और एआई क्षमताओं का विस्तार करने के लिए भारत के साथ सहयोग करने और भारतीय कंपनियों के साथ पार्टनरशिप करने में मिस्ट्रल एआई की गहरी दिलचस्पी जाहिर की।" आगे प्रधानमंत्री मोदी ने एल्स्टॉम के सीईओ मार्टिन सियन से भी मुलाकात की और बातचीत मोबिलिटी और रेलवे के आधुनिकीकरण के मौकों पर केंद्रित रही। जयसवाल के अनुसार, "प्रधानमंत्री मोदी ने भारत में एल्स्टॉम के बड़े निवेश और मैन्युफैक्चरिंग मौजूदगी का जिक्र किया, जो नौकरियां पैदा करने और भारत के रेल सेक्टर के विकास में योगदान दे रहे हैं।

## भाजपा-तृणमूल समर्थकों के बीच झड़प, एक कार्यकर्ता की मौत, तीन घायल

**एजेंसी। कोलकाता**



पश्चिम बंगाल के हावड़ा जिले की आंटिला ग्राम पंचायत के पाइकपाड़ा इलाके में भाजपा और तृणमूल समर्थकों के बीच हुई हिंसक झड़प के बाद क्षेत्र में तनाव व्याप्त है। घटना में एक भाजपा कार्यकर्ता की मौत हो गई, जबकि तीन अन्य घायल हो गए हैं। घायलों का अस्पताल में इलाज चल रहा है। मिली जानकारी के अनुसार, विधानसभा चुनाव परिणाम घोषित होने के बाद आंटिला ग्राम पंचायत के उपप्रधान शेख मफिजुल इस्लाम क्षेत्र छोड़कर चले गए थे। गुरुवार रात उनके इलाके में लौटने की खबर फैलने के बाद लगभग 8 से 10 भाजपा कार्यकर्ता बाइक से उनके घर के सामने पहुंचे और घेराव किया। आरोप है कि इसके बाद उपप्रधान के समर्थक और भाजपा कार्यकर्ता आमने-सामने आ गए। देखते ही देखते दोनों पक्षों के बीच लाठी, डंडे और लोहे की रॉड से मारपीट शुरू हो गई। इस दौरान भाजपा कार्यकर्ता प्रशांत दे (50) गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें तत्काल उलूबेड़िया महकमा अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना में तीन अन्य भाजपा कार्यकर्ता भी घायल हुए हैं।

## वायु सेना अधिकारी की पत्नी से जबरन धर्मांतरण मामले में मौलवी गिरफ्तार

**नागपुर।** नागपुर पुलिस ने भारतीय वायु सेना के एक अधिकारी की 24 वर्षीय पत्नी के कथित जबरन धर्म परिवर्तन मामले में एक मौलवी को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान हजरत मौलाना के रूप में हुई है। पुलिस ने उसे मध्य प्रदेश से हिरासत में लिया और आगे की पूछताछ के लिए नागपुर लाया है। महिला ने अपनी शिकायत में पूर्व सहपाठी और उसके कई साथियों पर दुष्कर्म, ब्लैकमेल, जबरन धर्म परिवर्तन और काला जादू से जुड़े कथित अनुष्ठान कराने जैसे गंभीर आरोप लगाए हैं। इस सप्ताह सामने आए इस मामले ने तब और तूल पकड़ लिया, जब सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हुआ। वीडियो में कथित तौर पर एक व्यक्ति महिला का हाथ पकड़कर धार्मिक आयतें पढ़ता दिखाई दे रहा है। इस वीडियो के सामने आने के बाद मामले को लेकर लोगों में आक्रोश बढ़ गया और पुलिस जांच तेज कर दी गई।

## एआई के क्षेत्र में भारत दुनिया के लिए एक प्रेरणादायक उदाहरण : गोयल

**एजेंसी। पेरिस/नई दिल्ली**



केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने गुरुवार को कहा कि भारत दुनिया के लिए एक प्रेरणादायक उदाहरण है। उन्होंने कहा कि देश की युवा आबादी, सस्ता डेटा, बढ़ती तकनीकी क्षमताएं और समावेशी विकास का दृष्टिकोण भारत को वैश्विक तकनीकी क्रांति में अग्रणी स्थान पर पहुंचा रहा है। विवा टेक 2026 में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के दौर में भारत की भूमिका पर बोलते हुए गोयल ने कहा कि भारत के पास कई ऐसी प्राकृतिक ताकतें हैं, जो उसे वैश्विक तकनीकी अंतर को कम करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने योग्य बनाती हैं। उन्होंने कहा कि भारत कई देशों की तुलना में तकनीक को अधिक तेजी और प्रभावी ढंग से अपनाता है तथा एआई को खतरे के बजाय विकास का माध्यम मानता है। गोयल ने कहा, "भारत दुनिया के लिए एक प्रेरणादायक उदाहरण है। हमारी युवा और प्रतिभाशाली आबादी, सस्ता डेटा, बढ़ती क्षमताएं और साझा विकास का दृष्टिकोण हमें तकनीकी विकास की अग्रिम पंक्ति में खड़ा करता है।" केंद्रीय मंत्री ने जोर देकर कहा कि एआई कभी भी मानव बुद्धिमत्ता, मानवीय मूल्यों, संस्कृति और परंपराओं का स्थान नहीं ले सकता। उन्होंने कहा कि भारत की जनसांख्यिकीय शक्ति उसकी सबसे बड़ी ताकतों में से एक है।

**योग दिवस** | गुजरात के गिफ्ट सिटी में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का भव्य आयोजन

# 1500 से अधिक लोगों ने कार्यक्रम में भाग लिया

- **योग और स्वस्थ जीवनशैली के महत्व पर जोर दिया गया**

**एजेंसी। गांधीनगर**

गांधीनगर की गिफ्ट सिटी (गुजरात इंटरनेशनल फाइनेंस टेक-सिटी) में गुजरात राज्य योग बोर्ड के सहयोग से अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को लेकर गुरुवार को एक भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें कॉर्पोरेट जगत के प्रतिनिधियों, कर्मचारियों और स्थानीय निवासियों सहित 1,500 से अधिक लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।



इस अवसर पर "जिंदगी वन्स मोर" टीम और अभिनेता मयूर वकानी सहित कई गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति रही। इन सभी ने योग और स्वस्थ जीवनशैली के महत्व को रेखांकित करते हुए लोगों को नियमित योग अभ्यास के लिए प्रेरित किया। गुजरात योग बोर्ड के चेयरमैन शिशुपाल ने कहा कि भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सेवा, सुशासन और जनकल्याण के 12 वर्ष पूर्ण हुए हैं और इसी दिशा में गुजरात राज्य योग बोर्ड लगातार योग कार्यक्रमों का आयोजन कर रहा है। 'कॉर्पोरेट के लिए योग' पहल के अंतर्गत व्यापारियों, उद्योगपतियों, कर्मचारियों और अधिकारियों को योग से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जब कॉर्पोरेट क्षेत्र के लोग योग को अपनाते हैं, तो इसका प्रभाव न केवल उनके स्वास्थ्य पर पड़ता है, बल्कि देश की आर्थिक प्रगति पर भी सकारात्मक असर दिखाई देता है। उनके अनुसार, इससे कार्यक्षमता बढ़ती है, उत्पादन क्षमता में सुधार होता है और देश के टर्नओवर तथा जीडीपी में वृद्धि होती है। उन्होंने योग को केवल एक शारीरिक व्यायाम नहीं, बल्कि एक संपूर्ण चिकित्सा विज्ञान बताया, जो शरीर की शक्ति बढ़ाने के साथ-साथ प्रतिरक्षा प्रणाली को भी मजबूत करता है।



उन्होंने सभी नागरिकों से आह्वान किया कि वे अपने दैनिक जीवन में योग को अपनाएं ताकि उनका शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक विकास हो सके और भारत 'विश्वगुरु' बनने की दिशा में आगे बढ़ सके। गिफ्ट सिटी के प्रबंध निदेशक (एमडी) संजय कुमार ने कहा कि गुजरात योग बोर्ड और गुजरात सरकार के सहयोग से यह योग कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसका मुख्य उद्देश्य यहां कार्यरत लोगों को योग से जोड़ना है। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम में हजारों कर्मचारियों ने रुचि दिखाई और सक्रिय रूप से भाग लिया, जो इस पहल की सफलता को दर्शाता है।

# दृष्टिपात

## कलकत्ता हाईकोर्ट ने रितब्रत को विपक्ष का नेता मानने के स्पीकर के फैसले को रखा बरकरार



**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की राजनीति में जारी सियासी घमासान के बीच कलकत्ता हाईकोर्ट ने एक महत्वपूर्ण फैसला सुनाया है। गुरुवार को हाईकोर्ट की एकल पीठ ने पश्चिम बंगाल विधानसभा अध्यक्ष रथिंद्र बोस के उस फैसले पर अंतरिम रोक लगाने से इनकार कर दिया, जिसमें निष्कासित तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) विधायक रितब्रत बनर्जी को विधानसभा में बहुमत वाले गुट का नेता और विपक्ष का नेता (एलओपी) माना गया था।इस मामले में दायर याचिका पर सुनवाई बुधवार को पूरी हो गई थी। इसके बाद न्यायमूर्ति कृष्ण राव ने फैसला सुरक्षित रख लिया था। गुरुवार सुबह उन्होंने अपना निर्णय सुनाते हुए स्पीकर के फैसले पर कोई अंतरिम राहत देने से इनकार कर दिया। हाईकोर्ट के इस फैसले का अर्थ है कि फिलहाल रितब्रत बनर्जी विधानसभा में विपक्ष के नेता बने रहेंगे। इसके साथ ही टीएमसी के अल्पमत गुट द्वारा वरिष्ठ विधायक शोभनदेव चट्टोपाध्याय को विपक्ष का नेता बनाए जाने का दावा फिलहाल कमजोर पड़ गया है। वर्तमान में 294 सदस्यीय पश्चिम बंगाल विधानसभा में टीएमसी के कुल 80 विधायक हैं। इनमें से 60 विधायकों के रितब्रत बनर्जी के नेतृत्व वाले विद्रोही गुट के साथ होने का दावा किया जा रहा है। वहीं, रितब्रत बनर्जी ने इसी सप्ताह दावा किया था कि उनके समर्थन में 64 विधायक हैं।

## वॉट्सऐप डीपी लगाकर पूर्व प्रधानमंत्री के बेटे से 7.8 करोड़ रुपए की ठगी

**नई दिल्ली।** साइबर ठगी का एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है, जिसमें भारत के पूर्व प्रधानमंत्री इंद्र कुमार गुजराल के बेटे और पूर्व राज्यसभा सदस्य नरेश गुजराल से ठगों ने करोड़ों रुपए की ठगी कर ली। हैरानी की बात यह है कि ठगों ने किसी हैकिंग या तकनीकी चाल का नहीं, बल्कि सिर्फ एक वॉट्सऐप प्रोफाइल फोटो का इस्तेमाल कर इतनी बड़ी ठगी को अंजाम दिया। दिल्ली पुलिस को दी गई शिकायत में नरेश गुजराल ने बताया कि उनके एक कर्मचारी को वॉट्सऐप पर एक संदेश मिला। उस नंबर पर नरेश गुजराल की प्रोफाइल फोटो लगी हुई थी, जिससे कर्मचारी को लगा कि संदेश वास्तव में उनके बॉस की ओर से आया है। ठग ने खुद को नरेश गुजराल बताकर कर्मचारी से बातचीत की और फिर एक बैंक अकाउंट नंबर भेजा। इसके बाद कर्मचारी को निर्देश दिया गया कि वह उस खाते में 7.8 करोड़ रुपए आरटीजीएस के माध्यम से ट्रांसफर कर दे। आरटीजीएस का पूरा नाम 'रियल-टाइम ग्रॉस सेटलमेंट' है। यह बैंक ट्रांसफर करने की एक अत्यधिक सुरक्षित और इंस्टेंट (तुरंत) इलेक्ट्रॉनिक प्रणाली है, जिसे आरबीआई द्वारा संचालित किया जाता है। बॉस के नाम और प्रोफाइल फोटो पर भरोसा करते हुए कर्मचारी ने बताए गए बैंक खाते में पूरी रकम ट्रांसफर कर दी। बाद में पता चला कि जिस व्हाट्सऐप नंबर से संदेश आया था, वह नरेश गुजराल का नंबर नहीं था। किसी साइबर ठग ने केवल उनकी प्रोफाइल तस्वीर का इस्तेमाल कर कर्मचारी को धोखा दिया था।

## इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र एवं लेखक गाँव के बीच हुआ सद्भावना समझौता

**देहरादून।** भारत की सांस्कृतिक विरासत, साहित्यिक चेतना और ज्ञान परंपरा को वैश्विक मंच पर प्रतिष्ठित करने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम उठाते हुए भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय के अंतर्गत कार्यरत इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र (IGNCA) तथा उत्तराखंड स्थित स्पर्श हिमालयन लेखक गाँव (लेखक गाँव) के बीच सद्भावना समझौता ज्ञापन मेमोरेंडम ऑफ अंडरस्टैंडिंग पर हस्ताक्षर किए गए। इस समझौते को लेखक गाँव की विकास यात्रा में एक नए स्वर्णिम अध्याय के रूप में देखा जा रहा है। विश्व के प्रथम भव्य लेखक गाँव की स्थापना पूर्व केंद्रीय शिक्षा मंत्री एवं प्रख्यात साहित्यकार डॉ. रमेश पोखरियाल 'निशंक' की दूरदर्शी सोच का परिणाम है। यह पहल पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की उस सांस्कृतिक परिकल्पना को भी साकार करती है, जिसमें भारत को विश्व में सहिष्णुता, संस्कृति और ज्ञान का अग्रदूत बनाने का सपना देखा गया था। इस समझौते का प्रमुख उद्देश्य कला, साहित्य, संस्कृति और भाषाओं के संरक्षण, संवर्धन एवं प्रचार-प्रसार को नई गति प्रदान करना है।

## दिल्ली हाई कोर्ट में नीट-यूजी री-एग्जाम से पहले 'टेलीग्राम' प्रतिबंध पर होगी सुनवाई

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार की ओर से टेलीग्राम पर लगाए गए अस्थाई प्रतिबंध के मामले पर गुरुवार को दिल्ली हाई कोर्ट में सुनवाई है। याचिका में केंद्र सरकार के फैसले को चुनौती दी गई है। दिल्ली हाई कोर्ट की कॉज लिस्ट के अनुसार, 'टेलीग्राम एफजेड एलएलसी व अन्य बनाम भारत संघ और अन्य' का मामला जस्टिस तेजस करिया की वेकेशन बेंच के सामने दोपहर 2:30 बजे के लिए लिस्ट किया गया है। बुधवार को, दिल्ली हाई कोर्ट ने टेलीग्राम की याचिका पर केंद्र सरकार से जवाब मांगा था और संबंधित अधिकारियों को अपना जवाब और जरूरी दस्तावेज रिकॉर्ड पर रखने की इजाजत दी थी। टेलीग्राम की ओर से दिल्ली हाई कोर्ट से तत्काल सुनवाई की मांग की गई थी। कंपनी का तर्क था कि उसकी सेवाओं को कुछ समय के लिए रोकना और उससे जुड़ी पाबंदियां जरूरत से ज्यादा थीं और इससे देश भर में लाखों यूजर्स पर बुरा असर पड़ सकता है। केंद्र सरकार की ओर से मंगलवार को देश में टेलीग्राम के कामकाज पर 22 जून तक कुछ समय के लिए रोक लगाने की घोषणा की गई। सरकार की ओर से की गई घोषणा में परीक्षा का दिन और उसके ठीक बाद का समय शामिल है। बता दें कि केंद्र सरकार की ओर से यह कदम नीट (यूजी) 2026 की दोबारा परीक्षा से पहले कथित पेपर लीक, गलत जानकारी फैलाने वाले कैंपेन और नकल कराने वाले नेटवर्क को रोकने की कोशिशों के तहत उठाया गया था।

## गरीबों के लिए नहीं, माफिया के मरने पर निकलते हैं सपा-कांग्रेस के आंसू : योगी

**उन्नाव।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि गत 12 वर्षों में देश में और 9 वर्षों में उत्तर प्रदेश में डबल इंजन सरकार ने जो कार्य किया, वह कांग्रेस व सपा सरकारें नहीं कर सकीं, क्योंकि भ्रष्ट व क्षमता विहीन ये लोग गरीब के बारे में नहीं, केवल अपने परिवार के बारे में सोचते थे। कांग्रेस ने नेहरू-गांधी परिवार से बाहर कभी नहीं सोचा और सपा के लिए केवल सैफई ही परिवार था। जबकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत को घर और 140 करोड़ लोगों को ही परिवार माना है। मेरे लिए उत्तर प्रदेश घर और 25 करोड़ लोग परिवार के सदस्य हैं। उनकी समृद्धि के लिए कार्य करना ही हमारा मिशन है। मुख्यमंत्री ने गुरुवार को 570 करोड़ रुपए से अधिक लागत की 101 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण/शिलान्यास करने के उपरांत जनसमूह को संबोधित किया। उन्होंने ग्राम पंचायत डीह, भवानी खेड़ा चौराहा, हिंदु खेड़ा उन्नाव में आयोजित इस कार्यक्रम में प्रदर्शनी का अवलोकन किया और बच्चों का अन्नप्राशन संस्कार भी कराया। सीएम ने स्थानीय लोगों को जानकारी दी कि वीर शहीद गुलाब सिंह लोधी की स्मृति में निर्मित पुलिस ट्रेनिंग स्कूल की क्षमता भी दोगुनी कर दी गई है।

## फाल्टा थाने पर धावा बोलने वाले 7 और गिरफ्तार, जहांगीर की पत्नी की तलाश तेज

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के दक्षिण 24 परगना जिले के फाल्टा थाना पर धावा बोलकर टीएमसी नेता जहांगीर खान को छुड़ाने की कोशिश के मामले में पुलिस ने सात और लोगों को गिरफ्तार किया है। इस घटना का नेतृत्व कथित तौर पर जहांगीर खान की पत्नी रेजिना बीबी कर रही थीं, जो फिलहाल फरार हैं। डायमंड हार्बर जिला पुलिस द्वारा की गई इन सात नई गिरफ्तारियों के बाद इस मामले में गिरफ्तार आरोपियों की कुल संख्या बढ़कर 15 हो गई है। इससे पहले पिछले दो दिनों में आठ अन्य आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है।पुलिस सूत्रों के अनुसार, फरार रेजिना बीबी के खिलाफ अब आर्म्स एक्ट, 1959 और एक्सप्लोसिव्स एक्ट, 1884 की अतिरिक्त धाराएं भी जोड़ी गई हैं। पुलिस का आरोप है कि फाल्टा थाने पर हमले और जहांगीर खान को छुड़ाने की पूरी साजिश के पीछे वही मुख्य भूमिका में थीं। बताया गया कि 16 जून को रेजिना बीबी के नेतृत्व में तृणमूल समर्थकों की भीड़ ने फाल्टा थाने में घुसकर जहांगीर खान को छुड़ाने की कोशिश की थी।





### ईरान के सामने ट्रंप का 'सरेंडर'

# न सत्ता बदली, न परमाणु कार्यक्रम पूरी तरह खत्म, 122 लाख करोड़ रुपए बर्बाद

**अमेरिका-ईरान जंग खत्म**

**तय तारीख से एक दिन पहले समझौता : दोनों प्रेसिडेंट ने दस्तखत किए, डोनाल्ड ट्रंप चिल्लाकर बोले- डील साइन**

**तेल अवीव/तेहरान**

अमेरिका और ईरान के बीच जंग खत्म करने के लिए अंतरिम समझौते पर दस्तखत हो गए हैं। डोनाल्ड ट्रम्प ने बुधवार रात को फ्रांस के वर्साय पैलेस में इससे जुड़े एमओयू पर साइन किए। इस दौरान फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों मौजूद थे। डील पर दस्तखत करने के बाद ट्रंप वर्साय पैलेस से बाहर आए। इस दौरान किसी रिपोर्टर ने उनसे पीस डील को लेकर पूछा, तो उन्होंने चिल्लाते हुए कहा, 'डील साइन हो गई है।

ट्रंप के बाद ईरानी राष्ट्रपति मसूद पजशकियान ने भी ईरान से इलेक्ट्रॉनिक दस्तखत किए। समझौते का ऐलान भारतीय समय के मुताबिक गुरुवार सुबह 5:30 बजे किया गया। यह तत्काल प्रभाव से लागू हो गया। इस समझौते के तहत ईरान और लेबनान में मिलिट्री एक्शन खत्म किया जाएगा। होर्मुज स्ट्रेट को दोबारा खोला जाएगा और अमेरिका की नौसैनिक नाकेबंदी खत्म की जाएगी। इस समझौते पर 19 जून को स्विटजरलैंड में जेनेवा के पास लूसर्न शहर में साइन होने थे, लेकिन निर्धारित कार्यक्रम से एक दिन पहले ही इस पर दस्तखत कर दिए गए।



### 'ईरान तय शर्तों से डिगा तो दोबारा हमला तय'

**ब्रसेल्स ।** अमेरिका-ईरान शांति समझौते पर हस्ताक्षर की चर्चा पूरी दुनिया में है। इस बीच अमेरिकी रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने ईरान को अपनी तय शर्तों से न डिगने की चेतावनी दी है। गुरुवार को नाटो रक्षा मंत्रियों की बैठक में उन्होंने अमेरिका का रुख स्पष्ट किया। अमेरिकी डिपार्टमेंट ऑफ वॉर की ओर से साझा की गई क्लिप में हेगसेथ ने कहा, "अगर ईरान अपने समझौते के तहत तय शर्तों का पालन नहीं करता है, तो अमेरिका फिर से सैन्य कार्रवाई शुरू कर सकता है और नाकेबंदी भी दोबारा लागू कर सकता है। रक्षा मंत्रियों की बैठक के बाद उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति ने स्पष्ट किया है कि तय समयसीमा के भीतर अगर ईरान अपने वादों को पूरा नहीं करता, तो अमेरिका कार्रवाई के लिए तैयार रहेगा।

### ईरान समझौते पर ट्रंप का आक्रामक बयान

## इस दुनिया में मुझसे ज्यादा ताकतवर कोई नहीं

**एवियन ।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बुधवार को ईरान के साथ हुए समझौते को ऐतिहासिक कूटनीतिक उपलब्धि बताया। उन्होंने दावा किया कि इस समझौते ने मध्य पूर्व में व्यापक युद्ध को टाल दिया, होर्मुज जलडमरूमध्य को फिर से खोलने का रास्ता बनाया और ईरान को स्थायी रूप से परमाणु हथियार हासिल करने से रोक दिया। ट्रंप ने फ्रांस में जी7 समिट के बाद एक लंबी प्रेस कॉन्फ्रेंस में बार-बार इस समझौते को सैन्य ताकत और कूटनीतिक तालमेल से मुमकिन हुई एक बड़ी कामयाबी बताते हुए कहा, "रविवार को हम ईरान के साथ एक समझौते पर पहुंचे, जिससे वह सब कुछ हासिल हुआ जो हम हासिल करना चाहते थे। ट्रंप ने कहा कि अगर हमने यह डील नहीं की होती, तो हम अगले तीन हफ्ते, चार हफ्ते, दो साल तक और बम गिरा सकते थे। होर्मुज स्ट्रेट कभी नहीं खुलता। लगातार सैन्य कार्रवाई से खाड़ी में अस्थिरता बनी रहती और वैश्विक ऊर्जा बाजार में रुकावट आती। अमेरिकी राष्ट्रपति ने बार-बार इस समझौते को तेल की कीमतों में गिरावट और शेयर बाजार में तेजी से जोड़ते हुए कहा कि जब भी किसी समझौते की संभावना मजबूत हुई, निवेशकों ने सकारात्मक प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा, "हर बार जब हमने शांति की संभावना पर बात की, शेयर बाजार रॉकेट की तरह ऊपर चला गया।" उन्होंने उन रूढ़िवादी आलोचकों की टिप्पणी को भी खारिज कर दिया, जो मानते थे कि ईरान पर सैन्य दबाव बनाए रखा जाना चाहिए था।

**बाबा पर महिला से 15 साल तक रेप का आरोप**

## पीड़ित बोली- करंट लगाया यूरिन पिलाता था, पुणे के आश्रम में सुरंग बनवा रहा था

**पुणे ।** महाराष्ट्र के पुणे में एक बाबा को 15 साल तक महिला के साथ रेप करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया।



आरोपी खुद को भगवान का अवतार बताता था। पुलिस के मुताबिक, आरोपी हरियाणा का रहने वाला राधामोहन मिश्रा (59) है और पुणे में स्थित बंगले में आश्रम चलाता था। पुलिस के मुताबिक, वह लोगों को परिवार, स्वास्थ्य और आर्थिक समस्याएं दूर करने का झांसा देता था। 41 साल की पीड़ित महिला हरियाणा की रहने वाली है। उसका आरोप है कि बाबा खुद को दिव्य शक्तियों वाला बताकर सालों तक उसका रेप करता रहा। महिला ने बताया कि उसे कई बार बिजली के झटके दिए गए, यूरिन पीने के लिए मजबूर किया गया और लगातार मानसिक व शारीरिक प्रताड़ना सहनी पड़ी। पुलिस ने मिश्रा समेत 8 लोगों को गिरफ्तार कर सभी को 20 जून तक हिरासत में लिया है। पुलिस को आश्रम से 12 लैपटॉप और 19 हार्ड डिस्क मिलीं। आरोपी भूमिगत सुरंग भी बनवा रहा था।

**उदयपुर में 70 फीट ऊंचाई पर फंसे टूरिस्ट**

## जिप लाइन के बीच ढाई मिनट तक हवा में लटकते रहे, गुजरात से आए थे 4 दोस्त

**एजेंसी । उदयपुर**

उदयपुर में जिप लाइन राइड के दौरान दो टूरिस्ट 70 फीट ऊंचाई पर फंस गए। नीचे सड़क पर वाहन गुजर रहे थे। यह देख दोनों की सांसें अटक गईं। जान बचाने के लिए चिल्लाने लगे। पहले से वहां मौजूद रेस्क्यू टीम तुरंत मौके पर पहुंची और ढाई मिनट में दोनों का सुरक्षित वापस ले आई। मामला पिछोला झील के किनारे का बुधवार शाम 6 बजे का है। इसका वीडियो सामने आया है। जिसमें जिप लाइन के बीच में टूरिस्ट लटके नजर आ रहे हैं। पर्यटक गुजरात के रहने वाले थे। संचालक कहना है कि अचानक मौसम बदलने और तेज हवा के कारण ऐसा हुआ। भास्कर टीम गुरुवार को जिप लाइन गई और पूरा मामला जाना। संचालक ने मॉकड्रिल भी करवाकर दिखाई कि किस तरह राइडर को




जिप लाइन में भेजा जाता है और कैसे राइडर के फंसने पर रेस्क्यू किया जाता है। पिछोला झील के पास रोप-वे के सामने दूधतलाई स्थित जिप लाइन है। इसके संचालक शरद अग्रवाल ने बताया- दीनदयाल पार्क से माणिक्यलाल वर्मा पार्क के बीच जिप लाइन राइड करवाते हैं।

## भारत-चीन संबंधों पर अहम वार्ता, डोभाल से मिलेंगे वांग यी

**एजेंसी । नई दिल्ली**

चीनी विदेश मंत्रालय ने गुरुवार को बताया कि चीन के विदेश मंत्री वांग यी, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल के निमंत्रण पर भारत का दौरा करेंगे। वे ब्रिक्स देशों के एनएसए और उच्च प्रतिनिधियों की 16वीं बैठक में हिस्सा लेंगे। वांग यी का यह दौरा 22-23 जून को होगा। एमएएफए ने एक्स पर कहा कि भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल के निमंत्रण पर, सीपीसी केंद्रीय समिति के पॉलिटिकल ब्यूरो के सदस्य और विदेश मामलों के लिए केंद्रीय आयोग के कार्यालय के निदेशक वांग यी, 22 से 23 जून तक भारत में होने वाली ब्रिक्स राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकारों और राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े उच्च प्रतिनिधियों की 16वीं बैठक में शामिल होंगे।



वांग यी ने पिछले साल नई दिल्ली का दौरा किया था और अगस्त में स्पेशल रिप्रेजेंटेटिव्स (विशेष प्रतिनिधियों) की 24वीं बैठक में एनएसए के साथ बातचीत की थी। एमईए के अनुसार, दोनों पक्षों ने तब यह माना था कि 23वीं SR बातचीत के बाद से भारत-चीन सीमावर्ती इलाकों में शांति और स्थिरता बनी हुई है। उन्होंने भारत-चीन द्विपक्षीय संबंधों के समग्र विकास को बढ़ावा देने के लिए सीमावर्ती इलाकों में शांति और स्थिरता बनाए रखने के महत्व को दोहराया। यह दौरा नई दिल्ली और बीजिंग के बीच संबंधों में सुधार की प्रक्रिया का हिस्सा है। यह सुधार पिछले साल तियानजिन में एससीओ समिट जैसे अहम अंतरराष्ट्रीय सम्मेलनों के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के बीच हुई मुलाकातों के बाद आया है। इन मुलाकातों में दोनों नेताओं ने अक्टूबर 2024 में कज़ान में हुई पिछली मुलाकात के बाद से द्विपक्षीय संबंधों में आई सकारात्मक गति और लगातार हो रही प्रगति का स्वागत किया था।

## मॉस्को तेल रिफाइनरी पर यूक्रेन का ड्रोन हमला, जेलेंस्की का करार जवाबी हमला

**एजेंसी । नई दिल्ली**

मॉस्को में एक ऑयल रिफ़ाइनरी को यूक्रेन द्वारा इस हफ़्ते दूसरी बार निशाना बनाए जाने के बाद वहाँ से काला धुआँ और आग की लपटें उठने लगीं। सोशल मीडिया पर हमले के वीडियो वायरल होने के बाद, यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर ज़ेलेंस्की ने कहा कि यह हमला कीव पर हाल ही में रूस द्वारा किए गए हमलों का उचित जवाब था। ज़ेलेंस्की ने एक्स पर कहा कि यह हमारे शहरों और समुदायों पर रूस के हमलों का पूरी तरह से उचित जवाब है और



रूस की युद्ध मशीन को चलाने वाली सुविधाओं के खिलाफ हमारे योद्धाओं की कार्रवाई का एक और अहम नतीजा है। मॉस्को ऑयल रिफाइनरी पर हुआ हमला रूस की युद्ध क्षमता और अर्थव्यवस्था के लिए एक बड़ा झटका है। क्रेमलिन से सिर्फ़ 15 किलोमीटर दूर स्थित यह रिफाइनरी रूसी राजधानी के ईंधन इंफ्रास्ट्रक्चर का एक अहम हिस्सा है। यह मॉस्को मेट्रोपॉलिटन इलाके की पेट्रोल की ज़रूरतों का लगभग 40% और डीज़ल का 50% हिस्सा सप्लाई करती है, साथ ही सैन्य इस्तेमाल के लिए एविएशन फ्यूल भी देती है। 16 जून 2026 को यूक्रेनी ड्रोनों ने कपोटन्या में मॉस्को ऑयल रिफाइनरी पर हमला किया।

## 5 लाख रुपए दहेज के लिए विवाहिता की पीट-पीटकर हत्या

**नवादा ।** नवादा में 24 वर्षीय विवाहिता का शव उसके ससुराल



से बरामद किया गया है। घटना अकबरपुर प्रखंड के नेमदारगंज थाना क्षेत्र स्थित तेयार गांव की है। मृतक की पहचान राखी कुमारी के रूप में हुई है। परिजन ने ससुराल वालों पर दहेज के लिए पीट-पीटकर हत्या करने और फिर शव को फांसी पर लटकाने का आरोप लगाया है। राखी के एक बेटी और एक बेटा भी है। शादी के बाद से ही ससुराल वाले उसे दहेज के लिए लगातार प्रताड़ित कर रहे थे।

## ब्रह्मोस सौदे पर बातचीत : ब्रह्मोस खरीदने में रूस की दिलचस्पी, उत्पादन बढ़ाने पर चर्चा जारी

**एजेंसी । नई दिल्ली**


ब्रह्मोस एयरोस्पेस के प्रमुख जयतीर्थ जोशी ने गुरुवार को कहा कि रूस ब्रह्मोस सुपरसोनिक क्रूज़ मिसाइल को शामिल करने का इच्छुक है और भविष्य की ज़रूरतों को पूरा करने के लिए इसके उत्पादन को बढ़ाने पर बातचीत चल रही है। सोलर इंडस्ट्रीज़ इंडिया लिमिटेड द्वारा बनाए गए 100वें स्वदेशी बूस्टर को हरी झंडी दिखाए जाने के बाद नागपुर में जोशी ने कहा कि मॉस्को ने इस मिसाइल में दिलचस्पी दिखाई है, जबकि ब्रह्मोस प्रोग्राम से जुड़े उसके पहले से ही औद्योगिक साझेदार मौजूद हैं। इस सवाल पर कि क्या रूस अपनी सेना में ब्रह्मोस को शामिल कर सकता है, जोशी ने कहा कि बातचीत चल रही है। उन्होंने यही कहा है... मेरे जॉइंट मैनेजिंग डायरेक्टर ने बताया है कि रूस की सरकार इसे लेने में दिलचस्पी रखती है, लेकिन उनके




अपने पहले से तय इंडस्ट्री पार्टनर हैं। हालांकि, वे मौजूदा हालात के हिसाब से ज़रूरत बढ़ाना चाहते हैं। हालात ऐसे हैं कि वे इसे ले सकते हैं। हम उनसे बातचीत कर रहे हैं। जब उनसे पूछा गया कि क्या रूस के लिए भविष्य में भारत से मिसाइलें सप्लाई की जाएंगी, तो जोशी ने संकेत दिया कि भारतीय इंडस्ट्री रूस की मौजूदा प्रोडक्शन क्षमता को बढ़ाने में भूमिका निभा सकती है।

उनके पास सुविधा है, लेकिन हो सकता है कि वह सुविधा काफी न हो--उसे बढ़ाने के लिए... हम मिलकर काम करेंगे, हम काम करेंगे और इसे भारत से सप्लाई करेंगे। ये बातें ऐसे समय में कही गई हैं जब ब्रह्मोस को एक्सपोर्ट में सफलता और ऑपरेशनल तैनाती के बाद अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ज़्यादा ध्यान मिल रहा है। इस मिसाइल को भारत के डिफेंस रिसर्च एंड डेवलपमेंट ऑर्गनाइज़ेशन और रूस के एनपीओ मशीनोस्ट्रोयेनिया ने मिलकर बनाया है। जोशी ने कहा कि 'सबसे तेज़ सुपरसोनिक मिसाइल' की पहचान 25 सालों के डेवलपमेंट, टेस्टिंग और ऑपरेशनल तैनाती के दौरान बनी है, जिससे संभावित खरीदारों का भरोसा बढ़ा है।

मिसाइल के पहले कॉम्बैट वैलिडेशन (युद्ध में सफल परीक्षण) का ज़िक्र करते हुए, जोशी ने 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान इसके ऑपरेशनल इस्तेमाल का हवाला दिया। उन्होंने कहा, हमने यह कर दिखाया है... आम तौर पर, हम ज़मीन पर टेस्ट करते हैं और जहाज़ वगैरह से सिम्युलेटेड टेस्ट किया जाता है। लेकिन 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान लाइव टेस्ट किया गया, और यह एक ऐसी कामयाबी थी जिसके बारे में पूरा देश और दुनिया जानती है। और यह लोगों के लिए एक बहुत बड़ी उपलब्धि है।

## परिमल नाथवानी की जीत पर झारखंड भाजपा उत्साहित, नेताओं ने दी शुभकामना

# जीत का सिलसिला आगे भी जारी रहेगा : आदित्य

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड राज्यसभा चुनाव में एनडीए समर्थित प्रत्याशी परिमल नाथवानी की जीत पर झारखंड भाजपा काफी उत्साहित है। परिमल नाथवानी की शानदार जीत पर झारखंड विधानसभा में प्रदेश अध्यक्ष आदित्य साहू, नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी, प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह सहित तमाम भाजपा नेताओं ने उन्हें जीत की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। वहीं परिमल नाथवानी का भाजपा प्रदेश कार्यालय में भी भव्य स्वागत किया गया। भाजपा प्रदेश कार्यालय में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर परिमल नाथवानी ने संबोधित भी किया।

प्रदेश अध्यक्ष आदित्य साहू ने कहा कि यह विजय एनडीए की एकजुटता, सशक्त संगठन और जनसेवा के प्रति हमारी प्रतिबद्धता का प्रतीक है। साथ ही यह जीत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की विकास और जनकल्याण आधारित नीतियों पर मुहर भी है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस को देश की जनता तो पहले ही नकार चुकी है, झारखंड ने भी आज कांग्रेस को पूरी तरह खारिज कर दिया। कांग्रेस को अब लोग तनिक भी पसंद नहीं करते हैं। एनडीए के सारे विधायकों ने एकजुट होकर मतदान किया जो कांग्रेस के उस दावे पर करारा तमाचा है जिसमें एनडीए विधायकों को लेकर ये लोग तरह तरह का अफवाह फैला रहे थे। जिस कांग्रेस को अपना स्थानीय पोलिंग एजेंट तक नहीं मिला, उस पार्टी के बारे में बात करना ही बेकार है। श्री साहू ने कहा कि झारखंड के कल्याण और भलाई को लेकर विधायकों ने मतदान किया है। उन्होंने कहा कि यह तो जीत की शुरुआत है। जीत का यह सिलसिला झारखंड में आगे भी जारी रहेगा। साथ ही उन्होंने कहा कि परिमल नाथवानी दो बार पहले भी यहां से सांसद रह चुके हैं। उनका अनुभव एवं नेतृत्व झारखंड और देश के विकास में महत्वपूर्ण योगदान देता रहेगा।



### इन नेताओं ने भी दी बधाई

वहीं एनडीए समर्थित उम्मीदवार परिमल नाथवानी को पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास, पूर्व मुख्यमंत्री सह विधायक चंपाई सोरेन, पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा, पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा, आजसू अध्यक्ष सुदेश महतो, केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी, संजय सेठ, जदयू विधायक सरयू राय, लोजपा प्रदेश अध्यक्ष बीरेंद्र प्रधान, भाजपा विधायक सीपी सिंह, नवीन जयसवाल, नागेंद्र महतो, शशि भूषण मेहता, मनोज यादव, सत्येंद्र नाथ तिवारी, नीरा यादव, राज सिन्हा, अमित यादव, आलोक चौरसिया, देवेंद्र कुंवर, प्रकाश राम, रोशन लाल चौधरी, प्रदीप प्रसाद, शत्रुघ्न महतो, पूर्णिमा साहू, रागिनी सिंह, मंजू कुमारी एवं कुमार उज्जवल, लोजपा विधायक जनार्दन पासवान, आजसू विधायक निर्मल महतो उर्फ तिवारी महतो, प्रदेश उपाध्यक्ष राकेश प्रसाद, नीलकंठ सिंह मुंडा, बालमुकुंद सहाय, भानू प्रताप शाही, सुनील सोरेन, मुनेश्वर साहू एवं गीता कोड़ा, प्रदेश महामंत्री गणेश मिश्रा, अमर कुमार बाउरी एवं मनोज सिंह, प्रदेश मंत्री सरोज सिंह, दिलीप वर्मा, शैलेन्द्र सिंह, सुनिता सिंह, सूरज गुप्ता चौरसिया, योगेंद्र प्रताप सिंह, प्रतुल शाहदेव, अजय साह, प्रदीप सिन्हा, सतीश सिन्हा, अशोक बड़ाइक, तारिक अनवर, नीरज सिंह, सूरज शाहदेव, राहुल अवस्थी, रमाकांत महतो, शशांक राज, आरती सिंह, पवन साहू, किशुन दास, अनवर हयात सहित अन्य नेताओं ने भी जीत की बधाई दी है।

### परिणाम अप्रत्याशित नहीं, परिमल नाथवानी की जीत थी तय : बाबूलाल मरांडी

नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि राज्यसभा में परिमल नाथवानी की उम्मीदवारी से ही एनडीए समर्थित उम्मीदवार की जीत तय हो गई थी। वे 12 वर्षों तक झारखंड से कुशल नेतृत्व किए हैं, इस दौरान इन्होंने अपने कार्यों से अपनी एक अलग साख और विश्वास को बनाया है, इसलिए ये राज्य की राजनीति के लिए कोई अपरिचित चेहरा नहीं थे। निर्दलीय प्रत्याशी होने के कारण इनके लिए झारखंड के सभी 81 विधायक इनके लिए वोटर थे। विधायकों ने राज्यहित और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नीतियों को सर्वोपरि रखते हुए पूरे विवेक से अपने मत का सदुपयोग किया है। ये पहले भी अच्छे सांसद साबित हुए हैं और आगे भी अच्छे सांसद साबित होंगे। श्री मरांडी ने कहा कि यह परिणाम कोई अप्रत्याशित नहीं है। राज्यसभा चुनाव में कांग्रेस उम्मीदवार की हार तो पहले से ही तय थी।


**कार्यालय जिला ग्रामीण विकास शाखा, लोहरदगा**
**(मनरेगा कोषांग)**

**मनरेगा के हड़ताल कर्मियों से संबंधित आम सूचना**

मनरेगा अंतर्गत कार्यरत सभी कर्मी विगत माह मार्च 2026 से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर हैं जिस कारण मनरेगा अंतर्गत योजनाओं के क्रियान्वयन एवं ग्रामीणों को ससमय रोजगार उपलब्ध कराने पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है।

कार्यालय ज्ञापांक 102/म.को दिनांक 09.06.2026 द्वारा दैनिक समाचार पत्र प्रभात खबर एवं हिन्दुस्तान में प्रकाशित सूचना के माध्यम से निदेश दिया गया था कि सभी कर्मी दिनांक 15.06.2026 तक निश्चित रूप से अपने सेवा में वापस आना सुनिश्चित करेंगे। परन्तु सभी ग्राम रोजगार सेवक, लेखा सहायक एवं कम्प्यूटर सहायक द्वारा अब तक योगदान नहीं दिया गया है।

पुनः उक्त कर्मियों को निदेश दिया जाता है कि दिनांक 20.06.2026 तक निश्चित रूप से अपने सेवा में वापस आना सुनिश्चित करेंगे। उक्त तिथि तक सेवा में वापस नहीं आने की स्थिति में इसे मनरेगा अधिनियम 2005 के प्रावधानों का उल्लंघन माना जायेगा तथा यह समझा जायेगा कि आप मनरेगा में कार्य करने को इच्छुक नहीं हैं एवं आपके पद को रिक्त मानते हुए नई नियुक्ति हेतु प्रक्रिया प्रारंभ कर दी जायेगी।

उप विकास आयुक्त–सह–
अतिरिक्त जिला कार्यक्रम समन्वयक,
लोहरदगा

PR 382669 Lohardaga(26-27).D


# दार्जिलिंग में लोकसभा की याचिका समिति की बैठक में सांसद सुखदेव भगत हुए शामिल

- **बैठक का मुख्य फोकस जनता द्वारा सीधे भेजी गई शिकायतों और मांगों पर त्वरित कार्रवाई करना रहा**

**नवीन मेल संवाददाता**




**रांची।** दार्जिलिंग के 'चिया ताज कुटीर' में लोकसभा की याचिका संबंधी संसदीय समिति की एक बेहद महत्वपूर्ण और उच्च स्तरीय बैठक संपन्न हुई। इस बैठक में आम जनता से जुड़ी विभिन्न याचिकाओं और जनहित के गंभीर मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में समिति के सदस्य के रूप में लोहरदगा लोकसभा के सांसद सुखदेव भगत उपस्थित रहे।

बैठक का मुख्य फोकस जनता द्वारा सीधे भेजी गई शिकायतों और मांगों पर त्वरित कार्रवाई करना रहा। सांसद सुखदेव भगत ने बैठक के दौरान चर्चा के मुख्य बिंदुओं को साझा करते हुए स्पष्ट किया कि समिति किन मामलों को प्राथमिकता देती है। उन्होंने बताया कि याचिकाएं आमतौर पर उन मामलों पर विचारणीय होती हैं, जो सीधे तौर पर केंद्र या राज्य सरकार के कार्यक्षेत्र के अंतर्गत आते हैं।विशेषकर ऐसे मामले, जिनके निवारण के लिए पहले से कोई कानूनी सत्र, अदालत या उचित फोरम उपलब्ध नहीं है, उन्हें समिति बेहद गंभीरता से लेती है। बताया गया कि आम जनता के लिए यह समिति सुरक्षा कवच है। यह संसदीय समिति आम जनता की आवाज को सीधे संसद और मंत्रालयों तक पहुँचाने का काम करती है। इसका जन-याचिका ओं का परीक्षण, समिति जनता द्वारा सीधे भेजी गई शिकायतों, विधेयकों और सामान्य जनहित के माम लों का बारीकी से परीक्षण करती है। समिति को यह अधिकार है कि वह संबंधित मंत्रालयों और विभागों से पूरी जानकारी, साक्ष्य और रिपोर्ट मांग सके।

## संघ कार्यालय पर हमला बड़ी साजिश का हिस्सा : संजय सेठ

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस), रांची के कार्यालय पर हुए बम हमले के मामले में गहरी चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि कल ही हमने इस घटना के पीछे बड़ी साजिश की आशंका जताई थी और आज की जांच में वह आशंका सही साबित होती दिखाई दे रही है। उन्होंने कहा कि प्रारंभिक तथ्यों से स्पष्ट है कि यह किसी एक व्यक्ति की करतूत नहीं, बल्कि एक सुनियोजित और व्यापक अंतरराष्ट्रीय षड्यंत्र का हिस्सा प्रतीत होता है, जिसका उद्देश्य रांची और झारखंड की शांति एवं सौहार्द को भंग करना तथा संघ जैसे राष्ट्रभक्ति के संगठन को नुकसान पहुंचाना था। ईश्वर की कृपा से राष्ट्रविरोधी ताकतें अपने इस षड्यंत्र में सफल नहीं हो सकीं। श्री सेठ ने कहा कि इस पूरे मामले की राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) से उच्चस्तरीय जांच कराई जानी चाहिए, ताकि इस षड्यंत्र से जुड़े सभी कनेक्शन, इसके पीछे सक्रिय नेटवर्क और साजिशकर्ताओं की पहचान हो सके तथा दोषियों के विरुद्ध कानून के अनुसार कठोरतम कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके। उन्होंने कहा कि यह हमला केवल संघ कार्यालय पर नहीं।


**Jharkhand Bijli Vitran Nigam Limited**
**Electric Supply Area, Medininagar**
**(CIN:U40108JH2013SGC001702)**
**Regd. Office :By Pass Road, Sudna, Medininagar,822102**
**email:gm_mdnjseb@yahoo.in, Telephone:-06562-295539**

**E-TENDER 1st TIME EXTENTION NOTICE**

Due to some unavoidable reasons **e-tender NoticeNo-128/PR/JBVNL/2026-27**/O&M, under Electric Supply Area, Medininagar is hereby time extended as following manner: -

IMPORTANT SCHEDULE OF DATES FOR ABOVE NIT's

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Availability of tender document on website | Up to 30.06.2026 Time 17.00 Hrs |
| 2. | Last Date and time for submitting e-tender | Up to 30.06.2026 Time 17.00 Hrs |
| 3. | Date and time of opening of tender (Technical and Commercial Part-I) | 02.07.2026 at 15:00 Hrs. |

4. Tender Notice is also available on our website: www.jharkhandtenders.gov.in
5. For any clarification, please contact 7488397213 EE(IT)
6. Other terms & condition will remain the same and duly available website.

PR No.381297

स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा बचावें। कृपया अपनी शिकयतों को 18003456570(कॉल सेन्टर) पर दर्ज करायें।

Sd/-
GM-cum-CE
ESA, Medininagar

PR 382661 Jharkhand Bijlee Vitran Nigam Ltd(26-27).D


## नाथवानी की जीत राज्यहित और विकास की जीत : डॉ प्रदीप

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद डॉ. प्रदीप वर्मा ने राज्यसभा चुनाव में एनडीए समर्थित निर्दलीय उम्मीदवार परिमल नाथवानी की शानदार जीत पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। डॉ. वर्मा ने कहा कि यह जीत केवल एक उम्मीदवार की विजय नहीं, बल्कि झारखंड के विकास, स्थिरता और जनहित की राजनीति में विश्वास रखने वाले जनप्रतिनिधियों की सोच की जीत है। उन्होंने कहा कि राज्य के विधायकों ने अंतरात्मा की आवाज सुनते हुए अपने बहुमूल्य मत का प्रयोग किया और विकासोन्मुखी नेतृत्व को समर्थन देकर झारखंड की जनता की आकांक्षाओं का सम्मान किया है। उन्होंने कहा कि परिमल नाथवानी का झारखंड के औद्योगिक, सामाजिक एवं विकासात्मक क्षेत्रों में विशेष योगदान रहा है। राज्य के विकास के प्रति उनकी प्रतिबद्धता और अनुभव का लाभ आने वाले समय में झारखंड को अवश्य मिलेगा। डॉ. प्रदीप वर्मा ने विश्वास व्यक्त किया कि राज्यसभा में परिमल नाथवानी झारखंड के हितों को मजबूती से उठाएंगे तथा राज्य के सर्वांगीण विकास, निवेश, रोजगार सृजन और आधारभूत संरचनाओं के विस्तार के लिए प्रभावी भूमिका निभाएंगे। उन्होंने सभी एनडीए समर्थक विधायकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह जनहित, विकास और सुशासन की विचारधारा की विजय है, जो आने वाले समय में झारखंड को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने का मार्ग प्रशस्त करेगी।

# वित्तीय अनियमितताओं की सीबीआई जांच की जानी चाहिए : सुनील सिंह

- **भगवान श्रीराम किसी राजनीतिक दल, संगठन अथवा व्यक्ति की निजी संपत्ति नहीं हैं।**

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** राष्ट्र सेवा फाउंडेशन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुनील कुमार सिंह ने अयोध्या स्थित श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट से जुड़े कथित वित्तीय अनियमितताओं की सीबीआई अथवा किसी स्वतंत्र जांच एजेंसी से जांच कराने की मांग केंद्र सरकार से की है। उन्होंने कहा कि यह मामला देशभर के करोड़ों राम भक्तों और हिंदू समाज की आस्था एवं श्रद्धा से जुड़ा हुआ है, इसलिए इसकी निष्पक्ष और पारदर्शी जांच आवश्यक है। सुनील कुमार सिंह ने कहा कि राम मंदिर में प्राप्त दान, चढ़ावे की राशि, आभूषणों तथा मंदिर निर्माण से संबंधित धनराशि के उपयोग, भूमि क्रय-विक्रय और अन्य वित्तीय लेन-देन में गंभीर अनियमितताओं की आशंका जताई जा रही है। उन्होंने कहा कि इन आरोपों ने जनमानस में कई तरह के सवाल खड़े कर दिए हैं, जिनका समाधान केवल निष्पक्ष जांच से ही संभव है। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीराम किसी राजनीतिक दल, संगठन अथवा व्यक्ति की निजी संपत्ति नहीं हैं। ऐसे में इस मामले से जुड़े सभी संदेहों को दूर करना सरकार और संबंधित संस्थाओं की जिम्मेदारी है, ताकि जनता का विश्वास कायम रहे। सुनील कुमार सिंह ने दावा किया कि प्राप्त जानकारी के अनुसार श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट से जुड़े कुछ व्यक्तियों और कर्मचारियों के यहां हुई कथित छापेमारी में लगभग दो करोड़ रुपये नकद, कई किलो सोना, लग्जरी वाहन तथा अयोध्या में 50 करोड़ रुपये से अधिक की बेनामी संपत्तियों का पता चला है। उन्होंने कहा कि इन तथ्यों की सत्यता और प्रमाणिकता की जांच आवश्यक है।


**कार्यालय–कार्यपालक अभियंता, एन0आर0ई0पी0, लातेहार।**
(E-mail ID- nrep-lat@jharkhandmail.gov.in)
**अल्पकालीन ई– निविदा आमंत्रण सूचना**
**ई–निविदा संख्या :– 07/2026-27/EE/NREP/LATEHAR**
(DMFT)

| क्र0 | आईडेंटी फिकेषन सं0/पैकेज सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राषि | अग्रधन की राषि | कार्य समाप्ति की तिथि | टेन्डर कॉल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | NREP/LATEHAR/ 24/ 2026-27 | प्रखंड मनिका के पंचायत रांकीकला के ग्राम सेवधरा में सामुदायिक भवन से बलराम यादव के घर होते हुए क्षत्रु परहिया के घर तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | 59,60,200.00 | 1,19,300.00 | 06 माह | प्रथम |

1. निविदा प्रकाशन की तिथि : 18.06.2026
2. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय : 24.06.2026 से दिनांक–02.07.2026 को अपराह्न 5:00 बजे तक।
3. निविदा खोलने की तिथि एवं समय : 04.07.2026 अपराह्न 12:00 बजे।
4. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तदनुसार परिमाण विपत्र का 02 प्रतिशत राशि अग्रधन की राशि के रूप में जमा करना होगा।
5. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार किया जाएगा।
6. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जाएगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।
7. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता:– कार्यपालक अभियंता, एन0आर0ई0पी0, लातेहार
8. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0 – 06565796434 ई मेल– nrep-lat@jharkhandmail.gov.in
9. प्राक्कलित राशि बढ़ या घट सकती है।
10. निविदा में भाग लेने वाले संवेदक इस आशय का शपथ पत्र समर्पित करेंगें की निर्धारित अवधि में कार्य अनिवार्य रुप से पूर्ण कर लेंगें।
11. उक्त निविदा में RWD/RCD में निबंधित समुचित श्रेणी के संवेदक ही निविदा में भाग ले सकते है।
12. बिना कारण बताये कार्य की निविदा को रद्द करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित है।
13. विस्तृत जानकारी के लिए बेवसाईट www.jharkhandtendres.gov.in पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियन्ता,
एन0आर0ई0पी0, लातेहार

PR 382646 Rural Development (26-27)D


## पेज एक के शेष

### बैजनाथ राम और...

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन समेत सत्ता पक्ष और विपक्ष के सभी प्रमुख नेताओं ने मतदान किया। दिन का अंतिम वोट झामुमो नेता एवं मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू ने डाला। मतदान शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न होने के बाद देर शाम मतगणना शुरू हुई और परिणाम घोषित किए गए। राज्यसभा चुनाव को लेकर राजनीतिक हलकों में खास दिलचस्पी थी।

इंडिया गठबंधन ने झामुमो के बैजनाथ राम और कांग्रेस के प्रणव झा को मैदान में उतारा था, जबकि एनडीए समर्थित निर्दलीय उम्मीदवार के तौर पर परिमल नाथवानी चुनाव लड़ रहे थे। मतदान से पहले दोनों खेमों ने अपने-अपने विधायकों को एकजुट रखने के लिए बैठकें और रणनीतिक कवायद भी की थी।

**कांग्रेस खुद के विधायकों पर ध्यान दे, माले को दोषी न ठहराए : मनोज भक्त** : रांची। भाकपा (माले) के झारखंड राज्य सचिव मनोज भक्त ने राज्यसभा चुनाव 2026 के नतीजों पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि पार्टी के दोनों विधायकों अरूप चटर्जी और चंद्रदेव महतो ने कांग्रेस उम्मीदवार प्रणव झा के पक्ष में मतदान किया। उन्होंने बताया कि मतदान प्रक्रिया के दौरान पार्टी की ओर से पोलित ब्यूरो सदस्य हलधर महतो और केंद्रीय कमिटी सदस्य गीता मंडल अधिकृत एजेंट के रूप में मौजूद थे और उन्होंने मतदान की पुष्टि की है। मनोज भक्त ने कहा कि चुनाव परिणाम से यह स्पष्ट है कि कांग्रेस अपने विधायकों को संभालने में विफल रही। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस अपनी कमजोरियों को छिपाने के लिए अनावश्यक बयानबाजी कर रही है। साथ ही कहा कि दूसरों पर आरोप लगाने से पहले कांग्रेस को अपने भीतर की स्थिति का आकलन करना चाहिए। भाकपा (माले) नेता ने कहा कि उनकी पार्टी इंडिया गठबंधन की जिम्मेदार सहयोगी है और गठबंधन धर्म का पालन करते हुए कांग्रेस उम्मीदवार का समर्थन किया गया। उन्होंने कांग्रेस नेतृत्व से अपील की कि वह निराधार आरोप लगाने के बजाय कथित क्रॉस वोटिंग और आंतरिक असंतोष के कारणों की समीक्षा करे।

### मुख्य आरोपी हिरासत...

घटना में कोई हताहत नहीं हुआ और कार्यालय को भी बड़ा नुकसान नहीं पहुंचा था। इस मामले में आरएसएस के झारखंड प्रांत प्रमुख नरसिंह कुमार की शिकायत पर चुटिया थाना में प्राथमिकी दर्ज की गई है। एफआईआर में कहा गया है कि पेट्रोल बम फेंककर कार्यालय को निशाना बनाया गया और इससे वहां मौजूद लोगों की जान को खतरा उत्पन्न हुआ। शिकायत में इसे एक गंभीर साजिश बताते हुए गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए) के तहत कार्रवाई की मांग की गई थी। पुलिस ने मामले में यूएपीए की धाराएं भी जोड़ी हैं। आरएसएस की ओर से कार्यालय की सुरक्षा बढ़ाने और परिसर के आसपास स्थायी पुलिस पिकेट स्थापित करने की मांग की गई है। संगठन का कहना है कि कार्यालय परिसर में नियमित रूप से कई कार्यकर्ता और पदाधिकारी रहते हैं तथा ऐसी घटना भविष्य में बड़े खतरे का कारण बन सकती है। पुलिस इस मामले में अब तक तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी है। जांच एजेंसियां हमले के पीछे की साजिश, आरोपियों के आपसी संपर्क और संभावित नेटवर्क की भी पड़ताल कर रही हैं। अधिकारियों का कहना है कि मामले की जांच जारी है और सभी पहलुओं की गहन छानबीन की जा रही है।

**दुबई में रची गई थी हमले की साजिश, आइएसआइ से तार जुड़े :** चुटिया थाना क्षेत्र के निवारणपुर स्थित राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांतीय कार्यालय पर पेट्रोल बम फेंकने के मामले में सुरक्षा और जांच एजेंसियों को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस और खुफिया एजेंसियों ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए इस साजिश में शामिल तीन मुख्य आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार शुरुआती जांच में जो तथ्य सामने आए हैं, उसने जानकारी मिली है कि हमले की पूरी पटकथा भारत में नहीं, बल्कि दुबई में लिखी गई थी, जिसे रांची में अमलीजामा पहनाया गया। इस मामले के तार सीधे तौर पर पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आइएसआइ और आतंकी संगठन टीटीएच से जुड़ते नजर आ रहे हैं। वहीं मुठभेड़ में गोली लगने के बाद एक आरोपी घायल हो गया है जिसके बाद चान्हो स्थित घटनास्थल पर एसएसपी राकेश रंजन समेत कई अधिकारी पहुंचे। जांच एजेंसियों के अनुसार, गिरफ्तार किए गए तीनों आरोपियों में से एक आरोपी पूर्व में दुबई में काम करता था। दुबई में रहने के दौरान ही वह देश विरोधी तत्वों के संपर्क में आया। दुबई में ही उस आरोपी की मुलाकात राना हुसैन उर्फ राना जी और शाहबाज आलम उर्फ भट्टी से हुई थी। जांच में यह बात सामने आई है कि राना हुसैन और शाहबाज आलम प्रतिबंधित या संदिग्ध संगठन टीटीएच( तहरीक-ए-तालिबान हिंद या संबंधित विंग) से जुड़े हुए हैं। सूत्रों का दावा है कि दुबई में ही इन हैंडलर्स ने आरोपी का ब्रेनवॉश किया और उसे रांची स्थित आरएसएस के प्रदेश कार्यालय को निशाना बनाने का एक विशेष टास्क सौंपकर भारत भेजा था।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लातेहार**

**अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना**
**संख्या – EE/RDSD/LATEHAR/12/2026-27**

1.कार्य की विस्तृत विवरणी:

| क्र०सं० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लातेहार जिलान्तर्गत प्रखण्ड मनिका पंचायत रांकीकला के ग्राम रांकीकला में विजय राम के घर से पोस्ट ऑफिस होते हुए शिव नारायण तिवारी के बांस तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | 7096200 | 142000 | 10000 | 6 माह |
| 2 | लातेहार जिलान्तर्गत प्रखण्ड मनिका पंचायत रांकीकला के ग्राम रांकीकला में जोड़ा पीपल से देवी मण्डप मुख्य पथ तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | 2490500 | 50000 | 5000 | 4 माह |

2.निविदा प्रकाशन की तिथि – 19.06.2026
3.ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – दिनांक 24.06.2026 से दिनांक 04.07.2026 को अपराह्न 5:00 बजे तक।
4.ई–निविदा खोलने का स्थान – कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, लातेहार।
5.ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय –06.07.2026 अपराह्न 1:00 बजे
6.ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, लातेहार।
7.ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 06565796434
8.परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9.निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10.निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।
11. बिना कारण बताये किसी एक या सभी कार्य की निविदा को रद्द करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित होगा।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लातेहार

PR 382644 (Rural Development)26-27*D



## भारतीय मेंस हॉकी टीम का दमदार प्रदर्शन, जर्मनी को 3-1 से हराया

**भारत ने पजेशन कंट्रोल करके मैच की अच्छी शुरुआत की**

**रॉटरडैम।** एफआईएच हॉकी प्रो लीग 2025-26 में भारतीय पुरुष टीम ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए वर्ल्ड चैंपियन जर्मनी को एकतरफा मुकाबले में 3-1 से हराया। मनदीप सिंह (7वें मिनट), शिलानंद लाकड़ा (13वें मिनट) और नीलकांत शर्मा (35वें मिनट) के गोलों की बदौलत भारत ने शानदार जीत हासिल की। इस मुकाबले में भारतीय टीम का डिफेंस भी काफी मजबूत नजर आया। मिडफील्डर हार्दिक सिंह को मिडफील्ड से खेल को संभालने के उनके शानदार प्रदर्शन के लिए 'प्लेयर ऑफ द मैच' चुना गया। वहीं, मनप्रीत सिंह भारत की ओर से सबसे ज्यादा मैच खेलने वाले खिलाड़ी बने। उन्होंने दिलीप टिर्की के 412 मैचों के रिकॉर्ड को तोड़ा। 413 इंटरनेशनल मैच खेलने वाले मनप्रीत अब पुरुषों की ऑल-टाइम इंटरनेशनल कैप (सबसे ज्यादा इंटरनेशनल मैच खेलने वाले खिलाड़ी) की लिस्ट में बेल्जियम के जॉन-जॉन डोहमेन (481), नीदरलैंड्स के ट्यून डी नूइजर (453), ऑस्ट्रेलिया के एडी ओकेनडेन (451), और ग्रेट ब्रिटेन के बैरी मिडलटन (432) के बाद पांचवें नंबर पर हैं। भारत ने पजेशन कंट्रोल करके मैच की अच्छी शुरुआत की और जर्मनी पर दबाव बनाए रखा। इसका फायदा 7वें मिनट में मिला जब मंदीप ने गोल के सामने एक तेज टर्न से गोल करके भारत को 1-0 की बढ़त दिला दी। पहले क्वार्टर के खत्म होने से ठीक पहले, लाकड़ा ने 13वें मिनट में जर्मन गोलकीपर अलेक्जेंडर स्टैडलर को छकाते हुए एक शानदार स्ट्राइक से भारत का स्कोर 2-0 कर दिया। दूसरे क्वार्टर में, जर्मनी ने वापसी करने के इरादे से अपना खेल बदला और भारतीय हाफ में गहराई तक जाने की कोशिश की, लेकिन भारतीय डिफेंस मजबूत रहा।

## भारतीय टीम ने बनाई सेमीफाइनल में जगह उरुग्वे को 3-2 से हराया

**0-1 से पिछड़ने के बाद भारत ने जबरदस्त वापसी की**

**ऑकलैंड।** एफआईएच हॉकी विमेंस नेशंस कप 2025-26 में भारतीय टीम का शानदार प्रदर्शन जारी है। आखिरी पूल मैच में भारत ने उरुग्वे को रोमांचक मुकाबले में 3-2 से हराया। इस जीत के साथ ही भारतीय टीम ने सेमीफाइनल का टिकट हासिल कर लिया है।

मैच में 0-1 से पिछड़ने के बाद भारत ने जबरदस्त वापसी की। भारत की ओर से दीपिका ने दो गोल किए, जबकि सोरेंग ने एक गोल दागा। इस जीत से भारत ने अमेरिका, जापान और उरुग्वे पर लगातार तीन जीत के साथ पूल ए में पहले स्थान हासिल कर लिया है। दूसरे स्थान पर रहने के साथ ही अमेरिका भी भारत के साथ-साथ सेमीफाइनल की रेस में शामिल हो गया है।

उरुग्वे के लिए कियारा एपेनिनो (13वें मिनट) और मैनुएला विलार (55वें मिनट) ने गोल किए, जबकि भारत के लिए दीपिका (24वें, 56वें मिनट) और दीपिका सोरेंग (43वें मिनट) ने गोल किए। यह मैच मिडफील्डर नेहा के लिए यादगार रहा। भारतीय महिला हॉकी टीम की जर्सी में यह उनके इंटरनेशनल करियर का 200वां मुकाबला रहा।उरुग्वे ने 13वें मिनट में ही मैच में 1-0 की बढ़त हासिल की। कियारा एपेनिनो ने पेनल्टी कॉर्नर के रूप में हाथ आए मौके को भुनाया और मैच का पहला गोल दागा। हालांकि, भारतीय टीम ने मैच में शानदार वापसी की। हाफ टाइम से पहले अपनी इन-फॉर्म ड्रैग-फ्लिकर दीपिका के गोल की बदौलत भारतीय टीम ने स्कोर 1-1 से बराबर किया। दीपिका ने पेनल्टी कॉर्नर को शानदार गोल में तब्दील किया।दूसरे हाफ में मोमेंटम पूरी तरह से भारत के पक्ष में नजर आया। भारतीय टीम ने लगातार आक्रामक खेल दिखाया और उरुग्वे के डिफेंस पर दबाव डाला।



### योगासन में उत्कृष्ट प्रदर्शन को सम्मान

# रोशन थापा समेत कई खिलाड़ी होंगे सम्मानित

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** रांची रोटरी क्लब रांची और झारखंड योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन के तत्वावधान में योगासन स्पोर्ट्स के राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को सम्मानित किया जाएगा। समारोह का आयोजन 19 जून को रांची क्लब परिसर स्थित रोटरी हॉल में शाम 6 बजे से होगा।

समारोह में अंतरराष्ट्रीय योगासन खिलाड़ी रोशन थापा समेत कई खिलाड़ी सम्मानित होंगे। रोशन थापा ने भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीतकर देश और झारखंड का नाम रोशन किया है। थापा के अलावा भारतीय टीम के अन्य सदस्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर पदक विजेता दो अन्य प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को भी सम्मानित किया जाएगा।

सम्मान समारोह के मुख्य अतिथि वरिष्ठ आईएएस शशि प्रकाश झा होंगे। जबकि विशिष्ट अतिथि सीआरपीएफ डीआईजी डीएन लाल होंगे। रोटरी क्लब के अध्यक्ष अमित अग्रवाल ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर क्लब ने योगासन खिलाड़ी रोशन थापा समेत कई खिलाड़ियों को सम्मानित करने का निर्णय लिया है। आयोजन समिति के चेयरमेन मनोज तिवारी ने बताया कि यह आयोजन केवल खिलाड़ियों के सम्मान तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि युवाओं को योग, खेल भावना एवं स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करने का भी माध्यम बनेगा।

ज्ञात हो कि जैप वन रांची में कार्यरत रोशन थापा ने हाल ही में आयोजित अंतरराष्ट्रीय योगासन स्पोर्ट्स चैंपियनशिप में भारत के लिए पहला गोल्ड जीता है। वे पिछले 6 वर्षों से योगासन को एक संगठित खेल के रूप में स्थापित करने के लिए निरंतर प्रयासरत हैं। उनका लक्ष्य योगासन को भविष्य में ओलंपिक और कॉमनवेल्थ गेम्स में शामिल कराना है। मूल रूप से नेपाल के रहने वाले थापा वर्ष 2020 से अब तक विभिन्न योगासन प्रतिस्पर्धा में कई पदक अपने नाम कर चुके हैं।



**» योगासन को ओलंपिक और कॉमनवेल्थ खेलों में शामिल कराने का लक्ष्य लेकर कार्य कर रहे हैं रोशन थापा**

**» आज रोटरी हॉल में होगा सम्मान समारोह**



## जुगराज सिंह ने लगाया अंतरराष्ट्रीय मुकाबलों का 'शतक' हॉकी इंडिया ने बधाई दी

*__रॉटरडैम।__ हॉकी इंडिया ने भारतीय पुरुष हॉकी टीम के डिफेंडर और ड्रैग-फ्लिकर जुगराज सिंह को 100 अंतरराष्ट्रीय मैच खेलने पर बधाई दी है। जुगराज ने गुरुवार को नीदरलैंड के रॉटरडैम में जर्मनी के खिलाफ एफआईएच प्रो लीग मैच के दौरान यह अनूठा शतक पूरा किया। हॉकी इंडिया के अध्यक्ष दिलीप टिर्की ने जुगराज की लगन और निरंतरता के लिए उनकी तारीफ करते हुए कहा, "हॉकी इंडिया जुगराज को 100 अंतरराष्ट्रीय मैच खेलने की उपलब्धि पर बधाई देता है। अपने डेब्यू के बाद से उन्होंने शानदार तरक्की की है। पेनाल्टी-कॉर्नर को गोल में बदलने की जबरदस्त क्षमता और मजबूत डिफेंस उन्हें नेशनल टीम के लिए एक अहम खिलाड़ी बनाती है। इस मुकाम तक पहुंचना खेल के प्रति उनकी कड़ी मेहनत और लगन को दिखाता है। हम उन्हें बहुत-बहुत शुभकामनाएं देते हैं और उम्मीद करते हैं कि वे और भी ऊंचाइयां हासिल करेंगे।*

## टीम के प्रदर्शन में कोई कमी नहीं थी : रोनाल्डो

**ह्यूस्टन।** फीफा वर्ल्ड कप 2026 में पुर्तगाल फुटबॉल टीम की शुरुआत निराशाजनक हुई है। टूर्नामेंट के अपने पहले मुकाबले में पुर्तगाल को डीआर कांगो के खिलाफ 1-1 से ड्रॉ खेलने के लिए मजबूर होना पड़ा। हालांकि, पुर्तगाल के स्टार खिलाड़ी क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने टीम का बचाव किया है। रोनाल्डो ने कहा कि डीआर कांगो के खिलाफ खेले गए मुकाबले में पुर्तगाल टीम के प्रदर्शन में कोई कमी नहीं थी। रोनाल्डो खुद इस मुकाबले में कोई गोल नहीं कर सके। रोनाल्डो के तीनों शॉट गोल पोस्ट से बाहर चले गए। रोनाल्डो ने मैच के बाद पुर्तगाल के 'स्पोर्ट टीवी' से एक छोटी बातचीत में कहा, "कुछ भी कमी नहीं थी, फुटबॉल ऐसा ही है। हम जीत भी सकते थे।"



अपने करियर के छठे वर्ल्ड कप के पहले मैच में रोनाल्डो का एक भी शॉट गोल पोस्ट में नहीं पहुंचा। यह दूसरी बार भी है जब उन्होंने वर्ल्ड कप मैच में 90 मिनट तक टारगेट पर कोई शॉट नहीं मारा। रोनाल्डो के करियर का यह 23वां वर्ल्ड कप मैच था। वह फीफा विश्व कप में सबसे ज्यादा मैच खेलने वाले खिलाड़ियों की सूची में चौथे नंबर पर आ गए हैं। रोनाल्डो पुर्तगाल की तरफ से 10 बड़े इंटरनेशनल टूर्नामेंट (वर्ल्ड कप और यूरो कप) खेल चुके हैं।

## कोलंबिया ने किया जीत के साथ आगाज, उज्बेकिस्तान को 3-1 से दी मात

**मेक्सिको सिटी।** कोलंबिया ने फीफा वर्ल्ड कप में अपनी वापसी का जश्न मेक्सिको सिटी स्टेडियम में डेब्यू कर रहे उज्बेकिस्तान पर 3-1 की रोमांचक जीत के साथ मनाया। ग्रुप (के) के मुकाबले में कोलंबिया की ओर से लुइस डियाज ने बेहतरीन प्रदर्शन किया। उन्होंने एक गोल करने के साथ-साथ एक असिस्ट ( गोल करने में मदद) भी किया। 2022 वर्ल्ड कप के लिए क्वालिफाई नहीं कर पाने के बाद टूर्नामेंट में लौटी कोलंबिया का रिकॉर्ड इस मुकाबले से पहले विश्व कप के पहले मैचों में खराब रहा था। कोलंबिया ने अब तक छह वर्ल्ड कप खेले हैं, लेकिन उनमें से चार बार उसे अपने पहले ही मैच में हार का सामना करना पड़ा था। मैच के शुरुआती पलों में दोनों टीमों की तरफ से अटैकिंग अप्रोच देखने को मिली। कोलंबिया को 17वें मिनट में पहला बड़ा मौका मिला, जब जॉन एरियास का लंबी दूरी का शॉट साइड नेटिंग से टकराया। इसके बाद 32वें मिनट में लुइस डियाज ने शानदार मूव बनाया और डेनियल मुनोज के लिए गोल करने का बेहतरीन मौका तैयार किया। मुनोज ने बेहतरीन फिनिश करते हुए कोलंबिया को 1-0 की बढ़त दिला दी।



## टाटा मोटर्स ने कमर्शियल वाहनों के दाम 2.5 प्रतिशत तक बढ़ाए 1 जुलाई से लागू होंगी नई कीमतें

**नई दिल्ली।** टाटा मोटर्स कमर्शियल व्हीकल्स (टीएमसीवी) ने अपने कमर्शियल वाहनों की कीमतों में 2.5 प्रतिशत की बढ़ोतरी कर दी है और नई कीमतें 1 जुलाई से लागू होंगी। यह जानकारी गुरुवार को कंपनी की ओर से दी गई। एक्सचेंज फाइलिंग में कंपनी ने कहा कि इस बढ़ोतरी की वजह कमोडिटी की कीमतों में बढ़ोतरी होना और लागत का बढ़ना है। यह बढ़ोतरी अलग-अलग मॉडल पर विभिन्न होगी और 2.5 प्रतिशत तक सीमित होगी। इस बढ़ोतरी से टाटा मोटर्स कमर्शियल व्हीकल्स भी उन कंपनियों में शामिल हो गई है, जिन्होंने मध्य पूर्व संकट के चलते कच्चे माल और लागत में बढ़ोतरी के कारण कीमतों में इजाफा किया है। इससे पहले, टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल (टीएमपीवी) ने 12 जून को अपनी ईंधन (पेट्रोल, डीजल और सीएनजी) और इलेक्ट्रिक वाहनों की कीमतों में 1.5 प्रतिशत तक की बढ़ोतरी करने का ऐलान किया। नई कीमतें एक जुलाई से लागू होंगी।कंपनी की ओर से जारी की गई एक्सचेंज फाइलिंग में कहा गया कि कीमतों में बढ़ोतरी की वजह इनपुट लागत में बढ़ोतरी होना था। टीएमपीवी ने कहा कि वह लागत में हुई बढ़ोतरी का एक बड़ा हिस्सा खुद वहन कर रही है, जबकि हालिया कीमत संशोधन के जरिए बढ़ोतरी का कुछ हिस्सा ग्राहकों पर डाल रही है।

### इलेक्ट्रॉनिक्स निर्यात में ऐतिहासिक उपलब्धि

# इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग भारत की तीसरी सबसे बड़ी निर्यात श्रेणी बनी : अश्विनी वैष्णव

- **एआई डेटा सेंटर दुनिया भर में विकास का एक बड़ा इंजन बन चुके हैं।**

**एजेंसी। नई दिल्ली**

केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्यूफैक्चरिंग (विनिर्माण) अब भारत से निर्यात होने वाली वस्तुओं की श्रेणी (कटेगरी) में तीसरे सबसे बड़े स्थान पर पहुंच गया है। केंद्रीय मंत्री ने इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण को देश की अर्थव्यवस्था का प्रमुख स्तंभ बनाने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दूरदर्शी सोच की सराहना की।

भारत का इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण उद्योग अब 13 लाख करोड़ रुपए के रिकॉर्ड स्तर तक पहुंच चुका है। शुरुआत में इस क्षेत्र का लक्ष्य शीर्ष 10 निर्यात श्रेणियों में स्थान बनाना था, लेकिन इसके बाद यह लगातार 9वें, 7वें, 5वें, 4वें और अब तीसरे स्थान तक पहुंच गया है।

अश्विनी वैष्णव ने महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के साथ पुणे के रंजनगांव में जैबिल की अत्याधुनिक और उच्च तकनीक वाली विनिर्माण इकाई का उद्घाटन किया। इस अवसर पर मंत्री ने कहा कि एआई वैश्विक विकास की एक बड़ी ताकत बन चुकी है और इसके लिए आवश्यक बुनियादी ढांचे का देश के भीतर विकसित होना बेहद जरूरी है।

वैष्णव ने कहा कि आज एआई डेटा सेंटर दुनिया भर में विकास का एक बड़ा इंजन बन चुके हैं। इसलिए प्रधानमंत्री की 'मेक इन इंडिया' योजना के तहत यह सुनिश्चित करना महत्वपूर्ण है कि इन डेटा सेंटरों को चलाने वाले प्रमुख इलेक्ट्रॉनिक पुर्जों का निर्माण भारत में ही हो। उन्होंने कहा कि कुछ वर्ष पहले तक भारत से इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण और निर्यात की कल्पना भी मुश्किल मानी जाती थी, लेकिन प्रधानमंत्री मोदी की स्पष्ट सोच और नीतियों ने भारत को एक विश्वसनीय वैश्विक विनिर्माण साझेदार बना दिया है। जैबिल अपनी आधुनिक और अत्याधुनिक इकाई के माध्यम से पुणे में डेटा सेंटरों के लिए जरूरी महत्वपूर्ण इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों का निर्माण करेगी। आधिकारिक बयान के अनुसार, इस संयंत्र की उत्पादन क्षमता बहुत अधिक है और यह भारत की घरेलू तकनीकी जरूरतों को पूरा करने के साथ-साथ दुनिया के विभिन्न देशों को निर्यात भी करेगा।



### नया तंत्र देश को महत्वपूर्ण सामाजिक और आर्थिक लाभ पहुंचाने वाला

इलेक्ट्रॉनिक पुर्जों, तैयार इलेक्ट्रॉनिक उत्पादों और स्थानीय आपूर्ति श्रृंखला को जोड़ने वाला यह नया तंत्र देश को महत्वपूर्ण सामाजिक और आर्थिक लाभ पहुंचाने वाला है। जो आधुनिक तकनीकी अवसंरचना के निर्माण में विशेषज्ञता रखती है।इस संयंत्र में एआई सिस्टम, एआई आधारित डेटा सेंटर उपकरण, 5जी तकनीक, उच्च स्तरीय नेटवर्किंग उपकरण, औद्योगिक ऊर्जा प्रणाली इलेक्ट्रॉनिक्स और उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स जैसे जटिल उत्पादों का निर्माण किया जाएगा। सरकार के सक्रिय सहयोग से यह परियोजना स्थानीय स्तर पर लगभग 11,000 लोगों के लिए रोजगार के अवसर पैदा करेगी।

## सेंसेक्स 254 अंक उछलकर बंद

**मुंबई।** भारतीय शेयर बाजार गुरुवार के सत्र में लगातार पांचवे दिन तेजी के साथ बंद हुआ। दिन के अंत में सेंसेक्स 254.36 अंक या 0.33 प्रतिशत की तेजी के साथ 77,409.98 और निफ्टी 82.30 अंक या 0.34 प्रतिशत की मजबूती के साथ 24,168.00 पर था। लार्जकैप के साथ मिडकैप और स्मॉलकैप में भी तेजी देखी गई। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 255.90 अंक या 0.41 प्रतिशत की तेजी के साथ 62,379.25 और निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 82.40 अंक या 0.44 प्रतिशत की बढ़त के साथ 18,705.60 पर बंद हुआ। बाजार में तेजी का नेतृत्व हेल्थकेयर और रियल्टी ने किया। सूचकांकों में निफ्टी हेल्थकेयर और निफ्टी रियल्टी टॉप गेनर थे। निफ्टी पीएसई, निफ्टी पीएसयू बैंक, निफ्टी फार्मा, निफ्टी मीडिया, निफ्टी एनर्जी, निफ्टी प्राइवेट बैंक और निफ्टी सर्विसेज गेनर्स थे। वहीं, निफ्टी आईटी, निफ्टी मेटल और निफ्टी ऑयलएंडगैस लाल निशान में बंद हुए।